निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 17 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 31 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



रांची के मोराहाबदी मैदान में आयोजित कृषि उत्पादन मेला के दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय झारखंड कृषि उत्पादन मेला-2026 का किया उद्घाटन

# राष्ट्र निर्माण में किसानों की भूमिका अहम : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड कृषि उत्पादन मेला-2026 का उद्घाटन किया। मेले के उद्घाटन अवसर पर कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों, कृषि उद्यमियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मेले के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों और बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव कृषि क्षेत्र पर टिकी हुई है। उन्होंने जैविक उत्पादों के उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि झारखंड में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है



जिसका उपयोग कर राज्य जैविक खेती के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और कृषि को व्यवसायिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सीएम सोरेन ने कहा कि समाज और राज्य के विकास के लिए सभी लोगों को जाति, धर्म और अन्य भेदभावों से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि ही राज्य की समृद्धि का आधार है और सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों को देश की रीढ़ बताते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांवों और खेती-किसानी में बसती है। उन्होंने कहा कि किसान का इतिहास जाति, धर्म और समुदाय से भी पुराना है तथा खेती ने सभ्यता और समाज को जोड़ने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जय जवान, जय किसान' केवल एक नारा नहीं बल्कि देश की पहचान है। किसान अपनी मेहनत और पसीने से पूरे देश का पेट भरता है और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को केवल मजदूर नहीं बल्कि सफल व्यापारी के रूप में स्थापित करना चाहती है। उन्होंने बताया कि सरकार अब तक 2000 करोड़ रुपये से अधिक का कृषि ऋण माफ कर चुकी है। उन्होंने किसानों से सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। मेले में कृषि, बागवानी, पशुपालन और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। झारखंड कृषि उत्पादन मेला-2026 के दौरान किसानों को नई कृषि तकनीकों, जैविक खेती, मूल्य संवर्धन और कृषि व्यापार के विभिन्न आयामों की जानकारी दी जाएगी। राज्य सरकार को उम्मीद है कि यह आयोजन किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर चेन स्नेचर ने की फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग मामले में गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस सोमवार की देर रात हथियार बरामद करने पहुंची थी। इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीनकर पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। इस घटना में पुलिसकर्मी तो बाल-बाल बच गए लेकिन जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोली लगी है। आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल 15 जून की देर शाम टेल्को क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस पर फायरिंग की गई थी। भागने के क्रम में दोनों बदमाश पुलिस से बचने के लिए सिदगोड़ा सूर्य मंदिर के पास स्थित जैप परिसर में घुस गए जहां घेराबंदी कर पुलिस दोनों बदमाशों को पकड़ लिया था। इनमें एक का नाम हरपाल उर्फ गबरू है। इधर पुलिस गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर देर रात सिदगोड़ा टाउन हॉल स्थित शौचालय के पास हथियार बरामदगी के लिए गई थी। इसी दौरान हरपाल उर्फ गबरू ने मौके का फायदा उठाते हुए जवान सुशांत सुंडी की पिस्तौल छीन ली और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। हालांकि पुलिस जवान सुशांत सुंडी बाल-बाल बच गए और किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं लगी। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद टाइगर मोबाइल के जवान शम्स तबरेज ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई की और आरोपी को निशाना बनाकर गोली चलाई। गोली आरोपी के पैर में जा लगी। गोली लगते ही आरोपी घायल होकर गिर पड़ा जिसके बाद पुलिस ने उसे दोबारा अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए एमजीएम मे भर्ती कराया है। मामले में सिदगोड़ा थाना प्रभारी मो. फैज अहमद ने बताया कि चेन स्नेचिंग मामले में दो बदमाशों को पकड़ा गया था। आरोपियों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर आर्म्स और अन्य सामान की बरामदगी के बाद हरपाल उर्फ गबरू ने पुलिस का सर्विस रीवाल्वर छीन कर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कर्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। घायल अपराधी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष गिरफ्तार

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने जिला परिषद सदस्य सह सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हंजेला शेख को गिरफ्तार किया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत द्वारा क्रिमिनल अपील रिजेक्ट करने के बाद न्यायालय के जारी वारंट के आलोक में यह कार्रवाई हुई है। मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गिरफ्तार हंजेला शेख को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हंजेला की गिरफ्तारी की पुष्टि थाना प्रभारी मुफसिल गौरव कुमार ने की है।

### शौच गए वृद्ध की डंडे से पीटकर हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चट्टी गांव में मंगलवार को एक वृद्ध व्यक्ति की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान धना उरांव के रूप में हुई है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के नाती ने बताया कि मंगलवार तड़के धना उरांव शौच के लिए घर से निकले थे। घर से कुछ दूरी पर गांव के ही छोटू उरांव ने उन पर मोटे डंडे से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण धना उरांव की मौके पर ही मौत हो गई।

### सड़क किनारे लावारिस मिला नवजात

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गावां थाना क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है जहां एक नवजात शिशु को सड़क किनारे लावारिस हालत में छोड़ दिया गया। देर रात बच्चे के रोने की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों ने तत्परता दिखाते हुए उसकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, रात के सन्नाटे में सड़क किनारे से लगातार रोने की आवाज सुनाई दी जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

### बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के बनियाडीह गांव में फसल विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में मृतक की पत्नी भी घायल हो गई हैं जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय मणिलाल मंडल के रूप में हुई है। महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है। अनुसंधान के बाद जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# फोरलेन किनारे खेत में मिले दो युवकों के शव

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भदानीनगर ओपी क्षेत्र में फोरलेन के पास खेत में दो युवकों के शव बरामद हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना भदानीनगर के बनगड्ढा स्थित फोरलेन पर सड़क किनारे हुई। मृतकों की पहचान सौंदा डी जयनगर निवासी अमरजीत भुइयां और सोनू कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोग इसे संदिग्ध अवस्था में हुई मौत मान रहे हैं। लोगों के बीच चर्चा है कि यदि यह सड़क हादसा होता तो अभी तक बाइक बरामद नहीं हुई है। इस कारण हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। सूचना मिलने पर भदानीनगर थाना प्रभारी अख्तर अली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों शवों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे और इसी दौरान उनकी नजर इन दोनों शव पर पड़ी। लोगों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी अख्तर अली ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह सड़क दुर्घटना का मामला प्रतीत होता है। आशंका है कि युवक तेज रफ्तार में रहे होंगे जिससे अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर दूर खेत में जा गिरे और पेड़ से टकराने से उनकी मौत हो गई। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है और दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाश में जुटी है। पुलिस ग्रामीणों से भी गहन पूछताछ कर रही है।

# राज्यसभा चुनाव से पहले पांच सितारा होटल में एनडीए विधायकों का जुटान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। आंकड़ों के आधार पर झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम की जीत लगभग तय मानी जा रही है लेकिन दूसरी सीट के लिए मुकाबला बेहद रोचक होता जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा और एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के मैदान में होने से चुनावी गणित पर सबकी नजर टिकी हुई है। इसी संभावित क्रॉस वोटिंग और विधायकों की एकजुटता बनाए रखने की चुनौती को देखते हुए दोनों खेमे सक्रिय हो गए हैं। एनडीए ने अपने विधायकों को एकजुट रखने की रणनीति के तहत रांची के पांच सितारा होटल में ठहराने का फैसला किया है। बड़कागांव से भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी सबसे पहले होटल पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी विधायकों को अगले दो दिनों तक एक साथ रहने का निर्देश दिया गया है। वहीं लोजपा (आर) के इकलौते विधायक जनार्दन पासवान भी होटल पहुंचे। राज्यसभा की एक सीट पर जीत के लिए उम्मीदवार को पहली प्राथमिकता के 28 वोटों की आवश्यकता होगी। झामुमो के पास अकेले 34 विधायक हैं। ऐसे में उसके उम्मीदवार बैद्यनाथ राम की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। दूसरी सीट पर मुकाबला दिलचस्प है। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में कांग्रेस के 16, राजद के 4, भाकपा (माले) के 2 और झामुमो के 6 विधायकों का समर्थन मिलने की संभावना है। अगर यह गणित कायम रहता है तो प्रणव झा भी जीत की स्थिति में दिखाई देते हैं। इसके बावजूद कांग्रेसी खेमा सक्रिय है। 15 जून को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, सांसद डॉ सैयद नासिर हुसैन, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक प्रदीप यादव और अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर मुलाकात की थी। कांग्रेस का एक दल तेजस्वी यादव से भी मुलाकात कर चुका है। हालांकि एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी भी मुकाबले को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं। एनडीए के पास भाजपा के 21, जदयू का 1, आजसू का 1 और लोजपा (रामविलास) का 1 विधायक है। इस तरह पहली प्राथमिकता के कुल 24 वोट नाथवानी के खाते में आते हैं। जीत का आंकड़ा छूने के लिए उन्हें कम से कम चार अतिरिक्त वोटों की जरूरत होगी। इसको लेकर कवायद शुरू हो चुकी है। 15 जून को परिमल नाथवानी एनडीए विधायक दल की बैठक में मौजूद थे। उन्होंने पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग भी मुलाकात की थी।

# जिस्मफरोशी के धंधे में शामिल दो युवतियों सहित पांच गिरफ्तार, घर सील

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के पॉश इलाके हरमू में किराए के मकान में जिस्मफरोशी का धंधा चलाए जाने की सूचना मिलते ही अरगोड़ा पुलिस ने छापेमारी कर बड़ा खुलासा किया है। कार्रवाई में दो युवतियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। रांची एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हटिया डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में अरगोड़ा थानाध्यक्ष अनिल तिवारी, डोरंडा थानाध्यक्ष दीपिका प्रसाद, महिला मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मकान पर छापा मारा गया। रेड के दौरान दो युवतियां और तीन युवक आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। पुलिस ने सभी पांचों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही सेक्स रैकेट चलाने वाले मुख्य आरोपी को भी हिरासत में लिया गया। हटिया डीएसपी नीरज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई। मकान पांकी के रहने वाले एक व्यक्ति का है जिसे किराए पर लेकर एक व्यक्ति बंगाल से लड़कियों को बुलाकर सेक्स रैकेट का संचालन कर रहा था। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद मकान को सील कर दिया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस रैकेट के अन्य सदस्यों और पीड़ित लड़कियों की तस्करी के पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** चतरा पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र से करीब 13 लाख रुपए मूल्य की अवैध अफीम के साथ एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर खूंटी जिले से अफीम की यह खेप लेकर चतरा के गिद्धौर में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने मौके से एक हाई-स्पीड बाइक और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मनीष मुंडा (28) के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 2.567 किलोग्राम गीली अवैध अफीम बरामद हुई जिसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 13 लाख रुपए आंकी गई है। सिमरिया एसडीपीओ शुभम नागरगोजे ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अंधेरे का फायदा उठाकर दो अन्य तस्कर भागने में सफल रहे। चतरा पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अंतरराज्यीय तस्कर पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के सिरकोल गांव से होते हुए गिद्धौर की ओर अवैध अफीम बेचने जा रहे हैं जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। श्री नागरगोजे ने बताया कि सिरकोल जाने वाली पक्की सड़क पर पुलिस ने एक तेज रफ्तार बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को रुकने का इशारा किया। पुलिस बल को देखकर बाइक पर सवार तीनों तस्कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर एक तस्कर को मौके पर ही दबोच लिया जबकि उसके दो अन्य साथी चकमा देकर भागने में कामयाब रहे।

# लंबित कांडों का करें त्वरित निष्पादन : आइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सभागार में पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कोडरमा पहुंचने पर आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद एसपी कुमार शिवाशीष ने बुके देकर उनका स्वागत किया। तकरीबन 2 घंटे तक जोनल आईजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें कई दिशा निर्देश भी दिए। हाल के दिनों में कोडरमा जिले में बढ़ रहे अपराध पर लगाम लगाने के साथ लंबित मामलों के त्वरित अनुसंधान को लेकर भी उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। कोडरमा जिले में जमीन विवाद के कारण कई आपराधिक घटनाएं हुई हैं जिसके निष्पादन के लिए उन्होंने अलग-अलग थानों में नियमित अंतराल पर थाना दिवस आयोजित करने और जमीन विवाद से जुड़े आपराधिक मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जोनल आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि थाना दिवस में पुलिस अधिकारियों के साथ अंचल अधिकारी और कर्मी भी बैठेंगे और आम लोगों से जुड़े जमीन विवाद का निपटारा किया जाएगा ताकि विवाद आपराधिक रूप ना ले सके।

# प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल अंतर्गत महुदा-भोजुडीह रेलखंड पर एक प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस दर्दनाक घटना में 21 वर्षीय युवक श्रीकांत देशवाली की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी 19 वर्षीय प्रेमिका सरस्वती कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी उस समय हुई जब महुदा से भोजुडीह की ओर जा रहे एक लाइट इंजन के लोको पायलट ने बारकी पुल के समीप ट्रैक पर दोनों को घायल अवस्था में देखा। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय थाना की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल से मिले पहचान पत्रों के आधार पर मृतक की पहचान बोकारो जिले के डूमरदाहा निवासी रथु देशवाली के पुत्र श्रीकांत देशवाली के रूप में हुई। वहीं घायल युवती की पहचान धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र के कोटालडीह ब्राह्मणडीहा निवासी दीपन रजवार की पुत्री सरस्वती कुमारी के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिजन अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया वहीं युवती के परिजन उसकी हालत देखकर गहरे सदमे में हैं।

# भाषा को राजनीतिक विवाद का विषय बनाना दुर्भाग्यपूर्ण : रघुवर दास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस के मंत्रियों पर निशाना साधा है। पलामू दौरे पर पहुंचे रघुवर दास ने कहा कि भाषा समाज को जोड़ने का माध्यम होती है। उसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मंत्री सरकार में रहकर विरोध का नाटक कर रहे हैं। रघुवर दास ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कांग्रेस के चारों मंत्री मौजूद थे और भाषा संबंधित निर्णय उनकी सहमति से लिया गया था। अब बैठक से बाहर निकलकर पत्र लिखना और विरोध जताना केवल राजनीतिक दिखावा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने




कहा कि यदि कांग्रेस के मंत्रियों को वास्तव में भोजपुरी, मगही और अंगिका को हटाए जाने पर आपत्ति है तो उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय भाषाओं के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं का भी सम्मान होना चाहिए। जिस जिले में जिस भाषा को बोलने वालों की संख्या अधिक है वहां शैक्षणिक कार्यों में उस भाषा को उचित महत्व मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भोजपुरी, मगही और अंगिका जैसी भाषाएं क्षेत्र की पहचान और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हैं और इनके सम्मान के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। रघुवर दास ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार में शामिल रहकर फैसलों का समर्थन करना और बाद में जनता के बीच जाकर विरोध करना दोहरी राजनीति है। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और ऐसे विरोध की सच्चाई को समझती है। उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं के सम्मान के लिए सरकार से सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया ताकि राज्य के किसी भी व्यक्ति की भावनाएं आहत न हों।


Reg No. JHENG/25/A4874

THE EASTERN VOICE

Another Launching from
NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (BiharJharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300


CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### कुरेठा पंचायत भवन में सहयोग शिविर आयोजित

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के पंचायत भवन कुरेठा में सहयोग शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव,सरपंच प्रमोद सिंह, पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी, वार्ड सदस्य कार्तिक ठाकुर आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया श्री यादव ने कहा की सरकार के द्वारा जो लोग प्रखंड,अंचल नहीं जा पाते हैं



उनके लिए यह सहयोग शिविर लगाया गया था। इस शिविर में एक साथ 16 स्टॉल लगाए गए थे। आम लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं का आवेदन शिविर में दिए इसका निदान भी ऑन द स्पॉट किया गया । वहीं वरीय उप समाहर्ता सह प्रभारी पदाधिकारी प्रखंड मनसाही अभिषेक रंजन, अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल भी सहयोग शिविर पहुंचे सभी स्थलों में घूम घूम कर स्थिति का जायजा लिया और कहा कि जो भी आवेदन शिविर में पड़े हैं उनका ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। जो आवेदन ऑन द स्पॉट नहीं होता हैं,उन्हें एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करें। वहीं दर्जनों लोगों के बीच जन्म प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुरेठा पंचायत के पूर्व मुखिया मुकेश कुमार उरांव, मनरेगा के रामदेव यादव,पेंशन के मनोज कुमार,बिजली विभाग के जेई रोशन कुमार राकेश, शिक्षा विभाग के अरुण कुमार,कृषि विभाग के प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

### हरिनाम संकीर्तन को लेकर कलश शोभायात्रा आज

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के विजयधारी हनुमान मंदिर मरंगी में हरिनाम संकीर्तन को लेकर कलश शोभा यात्रा का आयोजन आज किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भोला पासवान ने बताया कि हर साल गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन कराया जाता था।



इस वर्ष मलमास होने के कारण इसका समय आगे बढ़ाकर 17 जून किया गया 17 जून की सुबह कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इनके उपरांत मंदिर परिसर में राधे कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। विधिवत पूजा पाठ कर 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। हरिनाम संकीर्तन में रासलीला का पाठ सहरसा के कलाकार दिखाएंगे।

### विधि परिषद का कोप-भाजन बन रहे हिन्दी के लिए संघर्षरत अधिवक्ता

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना उच्च न्यायालय में हिन्दी में हो काम-काज, इसलिए वर्षों से संघर्षरत अधिवक्ता इंद्रदेव प्रसाद पर विधि परिषद का कोप बरस रहा है। आरोप है कि बिहार का महाधिवक्ता कार्यलय और विधि परिषद, श्री प्रसाद को महाधिवक्ता कार्यालय में विधि-पदाधिकारी के पद से हटाने और अधिवक्ता पंजीयन को समाप्त करने के लिए, दस्तावेजों में हेरफेर तथा पारित आदेश में छेड़-छाड़ कर रही है। पीड़ित अधिवक्ता ने फजी-आदेश निकालने का भी आरोप लगाया है तथा इसकी जाँच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की मांग की है। इसे संज्ञेय अपराध बताते हुए पीड़ित ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक को उनके पोर्टल पर और ईमेल से लिखित शिकायत दर्ज करायी है तथा निदेर्शानुसार ब्यूरो के पटना कार्यालय के प्रमुख प्रांजल रुंगला के समक्ष उपस्थित होकर, उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने ब्यूरो से जाँच के लिए आदेश निर्गत करने हेतु, भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कार्मिक विभाग, भारत सरकार से भी आग्रह किया है, जिसकी पंजीयन संख्या- पी एम ओ जी / ई / 2026 / 0101620 है। हिन्दी-प्रेमी अधिवक्तागण एवं अनेक हिन्दी संस्थाएँ, पीड़ित अधिवक्ता के पक्ष में खड़ी हुई हैं तथा संघर्षरत एक अधिवक्ता को भयभीत करने तथा मानसिक-आर्थिक आघात पहुँचाने के इस कुचक्र की निन्दा की हैं। इन संस्थाओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह अपेक्षित और समुचित हस्तक्षेप करे तथा पीड़ित अधिवक्ता को न्याय प्रदान करे। उनका मत है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी इस विषय का संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि यह विषय न्याय देने और दिलाने वाली संस्थाओं पर भी प्रश्न चिन्ह लगाता है। यह इसलिए भी आवश्यक है कि आम भारतीय जनता को जिस न्यायपालिका पर भरोसा है, उस पर अविश्वास उत्पन्न न हो। हस्तक्षेप का आग्रह करने वालों में, अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष और वरीय अधिवक्ता धर्मनाथ प्रसाद यादव, वैश्विक हिन्दी सम्मेलन, मुंबई के निदेशक डा मोतीलाल गुप्ता, अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन, दिल्ली के अध्यक्ष डा हरपाल सिंह राणा, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ, हिन्दी सेवा निधि, इटावा के महासचिव और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार, हिन्दी शिक्षा संघ, ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी सुभाष शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता डा उमा शंकर सिंह, भारतीय भाषा अभियान के राष्ट्रीय संरक्षक अशोक मेहता, शिक्षा नीति न्यास के सचिव अतुल भाई कोठारी, विद्वान अधिवक्ता डा अजीत कुमार, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता उमेश शर्मा के नाम सम्मिलित हैं।



### बंद घर का ताला तोड़कर नगद जेवरात सहित लाखो की चोरी

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नालंदा थाना क्षेत्र के बेगमपुर गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और जेवरात, नकदी, नए कपड़ों समेत करीब 8 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है तथा ग्रामीणों ने पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार, बेगमपुर निवासी उमेश सिंह चार दिन पहले अपने पूरे परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। मंगलवार सुबह उनका बेटा और बहू जब घर लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पाया। घर के अंदर प्रवेश करने पर सभी कमरों के ताले और अलमारियां टूटी मिलीं। चोरों ने गोदरेज में रखे जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित उमेश सिंह ने बताया कि आगामी 6 जुलाई को उनके भतीजे की शादी होने वाली है। शादी की तैयारियों को लेकर हाल ही में 35 हजार रुपये के नए कपड़े खरीदे गए थे, जिन्हें भी चोर अपने साथ ले गए। उन्होंने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। ठीक एक वर्ष पूर्व उनकी बेटी की शादी से चार दिन पहले भी इसी घर में चोरी हुई थी। उस समय चोरों द्वारा जेवरात चोरी कर लिए जाने के कारण बेटी की शादी तक प्रभावित हो गई थी। अब भतीजे की शादी से पहले हुई इस घटना ने परिवार को एक बार फिर गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना की सूचना मिलने पर नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एफएसएल टीम तथा डॉग स्क्वायड को बुलाया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में आज 16 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग (ठल्) की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजमार्गों की वर्तमान स्थिति, लंबित परियोजनाओं, सुरक्षा उपायों और यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक में उपायुक्त ने राजमार्गों के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन से हरसंभव सहयोग की बात कही।

उपायुक्त ने पीजी पोर्टल पर दर्ज मामलों की समीक्षा की और लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा करने को कहा। यातायात प्रबंधन और जाम से मुक्ति हेतु



नगवां टोल प्लाजा के पास ट्रकों के बेतरतीब ढंग से खड़े होने के कारण लगने वाले जाम पर चर्चा की गई। इस संबंध में धारा 26 के तहत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जाम की स्थिति से निपटा जा सके। इचाक मोड़ पर लगने वाले जाम की समस्या के स्थाई समाधान के लिए इंक्रोचमेंट ड्राइव चलाने को कहा, मौके पर उपस्थित ठल्अकके टेक मैनेजर ने बताया कि इचाक मोड़ पर एक फ्लाईओवर प्रस्तावित किया गया है, जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रसोईया धमना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा और आधुनिकीकरण की चर्चा पर दनुआ घाटी दुर्घटना संभावित क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से संपूर्ण 11 किलोमीटर रोड पर रेड मार्किंग करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही राजमार्गों पर बेहतर दृश्यता के लिए स्ट्रीट लाइट और आवश्यक साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। ओवर स्पीडिंग पर लगाम लगाने हेतु तेज गति से वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के लिए जल्द ही अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, अपर समाहर्ता श्री महेंद्र छोटन उरांव, एनएचएआई के मैनेजर टेक श्री स्वराज जयसवाल उपस्थित थे।

# मजदूरों की बहाली और रोजगार को लेकर वामपंथी संगठनों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण, स्थानीय युवाओं को रोजगार, मजदूरों की छंटनी और किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को भाकपा माले, असंगठित मजदूर मोर्चा तथा अखिल भारतीय किसान महासभा के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त को स्मार-पत्र सौंपा गया। संगठनों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द (एसडीएम) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) की संयुक्त जांच समिति गठित की गई है। समिति जल्द ही बालमुकुंद फैक्ट्री से निकाले गए मजदूरों और शिकायतकर्ताओं से मिलकर जांच करेगी इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि प्रशासन के आग्रह पर बकरीद के दौरान आंदोलन स्थगित किया गया था, लेकिन अब प्रशासन को



कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में पुनः व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा स्मार-पत्र में औद्योगिक प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों के 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, बालमुकुंद आयरन फैक्ट्री से निकाले गए 17 मजदूरों की अविलंब बहाली, फैक्ट्रियों के धुएं और फ्लाई ऐश से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने तथा सीएसआर फंड के माध्यम से पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान उपायुक्त ने मामले को गंभीर बताते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उनके निर्देश पर अंचल अधिकारी (सीओ), अनुमंडल पदाधिकारी अपने वादे के अनुरूप कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों के स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग दोहराई सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि 17 मजदूरों की छंटनी अन्यायपूर्ण है और उनकी सम्मानजनक बहाली सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण से किसानों की फसल बर्बाद होने का आरोप लगाते हुए मुआवजा और दोषी उद्योगों पर कार्रवाई की मांग की असंगठित मजदूर मोर्चा के महासचिव निताई महतो ने कहा कि उद्योगों के सीएसआर फंड का लाभ प्रभावित गांवों तक नहीं पहुंच रहा है।

# टीबी उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम

## जरहीया आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य जांच के साथ टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही के तत्वावधान में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सोमवार को जरहीया आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोग की शीघ्र पहचान, जांच तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करना था।

इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कुल 70 ओपीडी हुआ



जिसमें 34 पुरुष व 36 महिला शामिल है । इनमें 69 का एक्सरे, 64 का एनसीडी तथा 5 का बलगम जांच के सेम्पल लिए गए । लोगों को बताया गया कि लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना एवं रात में पसीना आना टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में डॉ. अंकुर विहान, बिजेंद्र कुमार, रीमा पाण्डेय, प्रियंका शिवशंकर, सत्येंद्र कुमार, विकास कुमार, रेखा देवी, सविता देवी, सुधांशु शेखर एवं शमशाद आलम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर टीबी मुक्त समाज के निर्माण हेतु लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।

# परसाबेड़ा पुल पर स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होने से बची, चालक की सूझबूझ से टला हादसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र स्थित परसाबेड़ा पुल पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल की बस पुल पार करने के दौरान असंतुलित हो गई और बस के पिछले हिस्से का एक चक्का पुल के किनारे से नीचे उतर गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में स्कूली बच्चे सवार थे। स्थिति गंभीर होने के बावजूद चालक ने सूझबूझ और धैर्य का परिचय देते हुए बस को नियंत्रित रखा, जिससे संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के अभिभावक और परिजन तत्काल मौके पर पहुंच गए। बच्चों को सुरक्षित देखकर सभी ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने भी चालक की सतर्कता की सराहना की घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुल की स्थिति और यातायात सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई। साथ ही सभी वाहन चालकों से सड़क एवं पुलों पर विशेष सावधानी बरतने तथा नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की गई, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके स्थानीय लोगों का कहना है कि सतर्कता और जिम्मेदार ड्राइविंग ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# कटिहार समेत बिहार के पुलिस अभ्यर्थियों को बड़ी राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने 16 एवं 17 जून को विशेष परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन की व्यापक व्यवस्था की है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार दो दिनों में कुल 31 परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। जिससे लाखों अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने और वापस लौटने में सहूलियत मिलेगी।

कटिहार एवं सीमांचल क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से राहतभरी साबित होगी।जानकारी के अनुसार 16 जून को पाटलिपुत्र से किशनगंज तथा अररिया के लिए चलने वाली परीक्षा स्पेशल ट्रेनें बेगूसराय, खगड़िया,



नवगछिया और कटिहार होकर संचालित होंगी। इसके अलावा पाटलिपुत्र से नवगछिया, पटना से नरकटियागंज तथा पटना से भभुआ के लिए भी विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इन ट्रेनों से सीमांचल, कोसी, चंपारण और मगध क्षेत्र के अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा।वहीं 17 जून को रेलवे द्वारा बड़े पैमाने पर 26 परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इनमें पटना-गया, बक्सर -दानापुर, बक्सर-पटना, किऊल-गया, गया-किऊल, बख्तियारपुर-राजगीर, राजगीर -बख्तियारपुर, बेतिया -हाजीपुर, बेतिया-पाटलिपुत्र, दौरम मधेपुरा -हाजीपुर, मधुबनी -सोनपुर, मधुबनी-सिवान, मुजफ्फरपुर- पाटलिपुत्र, समस्तीपुर-सिवान, समस्तीपुर -हाजीपुर, पूर्णिया कोर्ट -पाटलिपुत्र, सहरसा -हाजीपुर, सुपौल-देवघर, औरंगाबाद-गया, हाजीपुर-छपरा, सोनपुर - मुजफ्फरपुर तथा नवगछिया -पाटलिपुत्र के बीच विशेष ट्रेनों का परिचालन शामिल है। कटिहार रेलमंडल सहित सीमांचल से जुड़े अभ्यर्थियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किशनगंज, अररिया, पूर्णिया कोर्ट और नवगछिया जैसे सीमांचल क्षेत्र के स्टेशनों को भी इस विशेष योजना में शामिल किया गया है। इससे कटिहार, पूर्णिया, अररिया और किशनगंज जिले के हजारों परीक्षार्थियों को यात्रा में काफी सुविधा मिलेगी और उन्हें सामान्य ट्रेनों की भीड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा।रेलवे प्रशासन ने कहा है कि पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है। रेलवे ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का लाभ उठाकर समय पर अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचें। रेल की यह पहल से अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी। वही स्टेशन पर परिक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दिया गया है।

# निमियाघाट खेतको में 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के लोहड़ीह पंचायत अंतर्गत निमियाघाट खेतको गांव में मंगलवार को 200 केवीए क्षमता वाले नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया गया। भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर ट्रांसफॉर्मर का शुभारंभ किया ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से उच्च क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर की मांग की जा रही थी। नए ट्रांसफॉर्मर के चालू होने से बिजली आपूर्ति में सुधार होगा तथा लो-वोल्टेज और बार-बार होने वाली विद्युत बाधाओं से राहत मिलेगी। ट्रांसफॉर्मर के शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि क्षेत्र के



विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था मजबूत होने से आम लोगों के साथ-साथ किसानों, छात्रों और व्यवसायियों को भी काफी सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय विकास को गति मिलेगी उद्घाटन कार्यक्रम में लखन ठाकुर, रूपलाल महतो, मंटू गुप्ता, अंकु बरनवाल, शुभम बरनवाल, संजीत बरनवाल, टिंकू बरनवाल, जगेश्वर साव, अर्जुन महतो, मनोज साव, अब्दुल अंसारी, जमीर अंसारी, गणेश महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुहर्रम महाकमेटी का गठन, तौहीद अली अध्यक्ष व तौकीर रजा बने सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** रसोईया धमना मोड़ पर मुहर्रम अखाड़ा कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अब्दुल रज्जाक व संचालन मो. गनी ने किया। जिसमें पंचायत के विभिन्न अखाड़ों के बुजुर्गों और युवाओं ने सर्वसम्मति से तौहीद अली को मुहर्रम महाकमिटी का अध्यक्ष तथा तौकीर रजा को सचिव चुना। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 7 से 10 मुहर्रम तक पंचायत के विभिन्न अखाड़ों, ताजिया समितियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु धमना मोड़ पर एकत्रित होकर पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन करते हैं। इसके बाद सभी अखाड़ों और ताजियों का मिलान कर अपने-अपने इमामबाड़ों में जाकर नजरो-नियाज का आयोजन किया जाता है। वर्तमान में धमना मोड़ पर एनएचएआई द्वारा अंडरपास निर्माण का कार्य चल रहा है, जिससे मुहर्रम के दौरान अखाड़ों और ताजियों के आवागमन तथा खेल प्रदर्शन में कठिनाई हो सकती है। इस संबंध में समय रहते बरही प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों को अवगत कराने तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रसोईया धमना, मस्जिद मोहल्ला, छोटकी बरही, मदीना नगर, वर्सिया मोहल्ला, मदीना मोहल्ला और अंसार नगर सहित विभिन्न अखाड़ों से पांच-पांच प्रतिनिधियों का चयन कर उन्हें महा कमिटी का सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर अब्दुल रज्जाक, मो. गनी, मो. खलील, मो. मोईन, मो. तैयब अंसारी, मो. हमीम अंसारी, मो. तस्लीम, मो. मकसूद, मो. तबरेज अंसारी, मो. सरफराज, मो. नौशाद, मो. कुद्दूस, मो. हैदर, मो. नईम, मो. सज्जाद, मो. इजहार, मो. जहूर, मो. आलम, मो. मोजफ्फर, मो. वाहिद, मो. इम्तियाज, मो. इब्राहीम, मो. इबरार, मो. दाऊद, मो. मुस्तकीम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डूमर हाट में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** पोठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत डूमर पंचायत के डूमर हाट में मंगलवार को आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पोठिया थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने की। बैठक में कोढ़ा सर्किल एसडीपीओ सुनील कुमार शर्मा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, एएसआई धर्मेंद्र कुमार एवं एएसआई सूरज ठाकुर सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सुनील कुमार शर्मा ने



कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अखाड़ा कमेटियों एवं जुलूस आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मुहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सभी जुलूसों को निर्धारित रूट चार्ट एवं समय-सारिणी का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम ने कहा कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार गश्ती अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ एवं अफवाहपूर्ण पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कुमोद कुमार मंडल, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रोशन मंडल, मुखिया मनीष ठाकुर, पूर्व मुखिया विनोद कुमार चौधरी, सरपंच रमजान अली, पूर्व सरपंच केदार मंडल, राहुल भारती, नुरुल हुदा, मुनोवर आलम, मोहम्मद सिराजुल आलम, मोहम्मद मुर्शिद, मोहम्मद फिरोज, देवदत्त आडवाणी, टुनकु मुस्लिम, मोहम्मद मांगन, इमाम सज्जाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीण मौजूद रहे ।

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त हुए उपायुक्त नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, यातायात व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा उपायों की विस्तार से समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने मई माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मई 2026 में जिले में कुल 35 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 29 लोगों की मौत तथा 17 लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

**पांच वर्षों का चिंताजनक आंकड़ा बना बैठक का मुख्य विषयः** बैठक में उपायुक्त ने पिछले पांच वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं की गहन समीक्षा की। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जिले में पिछले पांच वर्षों के दौरान लगभग 1300 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1025 लोगों की जान गई। यह आंकड़ा जिले में सड़क सुरक्षा की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। उपायुक्त ने इसे अत्यंत चिंताजनक बताते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वित कार्रवाई कर दुर्घटनाओं में कमी लाने के निर्देश दिये।

**नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

उपायुक्त श्री शेखावत ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट यात्रा करने, ओवरस्पीडिंग तथा मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वालों के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए पर्याप्त संख्या में ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को लेकर किए जा रहे प्रवर्तन कार्यों की भी समीक्षा की गई। मई माह में विभिन्न यातायात उल्लंघनों के खिलाफ 1301 चालान काटे गए तथा 21.71 लाख रुपये से अधिक का राजस्व वसूला गया। हेलमेट नहीं पहनने के मामलों में सबसे अधिक 476 चालान किए गए। बैठक में चतरा सांसद प्रतिनिधि ने पांकी एवं लेस्लीगंज क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए इन क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा उपाय करने की मांग की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी सहित सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बीजीआर कंपनी के कोटा केबिन तोड़फोड़ मामले में बड़ी कार्रवाई, एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के एमडीओ बीजीआर कंपनी के अंबाजीत क्षेत्र में संचालित कोटा केबिन में तोड़फोड़ और क्षतिग्रस्त करने के मामले में बड़कागांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में गोंदलपुरा गांव निवासी विकास कुशवाहा को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बीजीआर कंपनी के अंबाजीत स्थित कोटा केबिन में तोड़फोड़ किए जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की। तकनीकी एवं स्थानीय स्तर पर जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी विकास कुशवाहा की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीजीआर कंपनी के कोटा केबिन में तोड़फोड़ एवं क्षति पहुंचाने की घटना में जो भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की टीम लगातार छानबीन कर रही है तथा अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन की सक्रियता का संदेश गया है। वहीं कंपनी प्रबंधन ने भी पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# टॉप-10 अपराधी अवध बिहारी उर्फ बंडा गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में नालंदा जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल अवध बिहारी उर्फ बंडा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से एक देशी कट्टा तथा दो स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता मान रही है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 15 जून की शाम करीब 4:30 बजे नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार को गुप्त सूचना मिली कि प्रहलादनगर निवासी टॉप-10 अपराधी अवध बिहारी उर्फ बंडा पटना के जीरो माइल स्थित पुल के नीचे देखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ के सहयोग से विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम ने जीरो माइल स्थित पुल के नीचे गुमटी के पास छापेमारी कर अवध बिहारी उर्फ बंडा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोहे का देशी कट्टा एवं दो स्मार्टफोन बरामद किए गए। गिरफ्तार अपराधी की पहचान प्रहलादनगर निवासी तनिक गोप के पुत्र अवध बिहारी उर्फ बंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा सहित विभिन्न गंभीर अपराधों के 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी सूची में शामिल था। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार पुरी, नूरसराय थाना के सशस्त्र बल तथा एसटीएफ के जवान शामिल थे।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** 15 जून से 26 जून 2026 तक संचालित निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत अभियान के दूसरे दिन जिला जनसंपर्क कार्यालय, हजारीबाग द्वारा जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया।

**प्रचार रथों के माध्यम से जनजागरूकता**

अभियान के तहत पांच जागरूकता प्रचार रथों द्वारा जिले के सार्वजनिक स्थलों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, शैक्षणिक संस्थानों, चौक-चौराहों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया गया। प्रचार रथों द्वारा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 से 22 तक के विभिन्न मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों के अलावा चौपारण प्रखंड के बच्छई, गोविंदपुर, सेलहारा, कला एवं डेबो-सिंधरावा पंचायत, ईचाक प्रखंड के बोंगा, बरियठ, गोबरबंदा एवं डुमरौन पंचायत, विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा, बेड़ाहरियारा, खरना एवं गैंडा पंचायत तथा डाड़ी प्रखंड के कनकी, हेन्हेमोढ़ा, बलसगरा, हुवाग एवं मिश्राईनमोढ़ा पंचायत क्षेत्रों में जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। इस दौरान नशामुक्ति से संबंधित ऑडियो जिंगल एवं लघु फिल्मों का प्रसारण प्रचार रथों पर स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। साथ ही आमजनों के बीच नशामुक्ति विषयक पंपलेटों का वितरण कर जागरूकता संदेश पहुंचाया गया।



**20 स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता**

अभियान के तहत 10 सांस्कृतिक दलों द्वारा जिले के 20 विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम चौपारण प्रखंड के बारहमोरिया सिद्धूचक मंगला बाजार एवं झापा क्षेत्र, बरही प्रखंड के करसो एवं रसोईयाधमना, बरकट्ठा प्रखंड के कोनहरा खुर्द एवं चेचकप्पी, ईचाक प्रखंड के बरियठ एवं डुमरौन, कटकमसांडी प्रखंड के छड़वा मंगला बाजार एवं खुटरा, सदर प्रखंड के मेरू हाट एवं हुटपा, केरेडारी प्रखंड के बेंगवरी एवं मनातु, बड़कागांव प्रखंड के सिरमा एवं नवाटांड, विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक डेली मार्केट एवं विष्णुगढ़ महाविद्यालय परिसर तथा शहरी क्षेत्र के अन्नदा महाविद्यालय चौक एवं पुराना बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किए गए। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय एवं संवादों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आमजनों के बीच नशामुक्ति संबंधी पंपलेटों का वितरण किया गया तथा उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नशे से दूर रहें तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# बहेरा पंचायत सचिवालय में ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

**ज्ञान केंद्र खुलने से पंचायत के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चुरचू/हजारीबाग।** बहेरा पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को ज्ञान केंद्र का विधिवत उद्घाटन बहेरा पंचायत की मुखिया देवकी महतो द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इसे पंचायत क्षेत्र के विद्यार्थियों और ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मुखिया देवकी महतो ने कहा कि ज्ञान केंद्र खुलने से पंचायत के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। यहां पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे छात्र-छात्राएं आधुनिक शिक्षा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गांवों में इस प्रकार के ज्ञान केंद्र स्थापित होने से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा विद्यार्थियों को आवश्यक अध्ययन सामग्री और डिजिटल संसाधन आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। उद्घाटन समारोह में हजारीबाग मुखिया संघ के उपाध्यक्ष, चुरचू मुखिया संघ के अध्यक्ष, बहेरा पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी, वार्ड प्रतिनिधि बरसा टुडू, बहेरा विद्यालय के शिक्षक शुभंकर मिश्रा, पुष्पलता कुमारी, हरिपद महतो, गणेश प्रजापति, गोपाल महतो, ममता देवी, संतोष राय सहित सैकड़ों विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने ज्ञान केंद्र की स्थापना पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे पंचायत के बच्चों को शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने के नए अवसर मिलेंगे तथा डिजिटल युग में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# धार्मिक अनुष्ठान से नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मटपा पंचायत अंतर्गत पोला गांव में मंगलवार को नौ दिवसीय 'मां देवी सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ' का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन आयोजित भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गाजे-बाजे के साथ जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं का जत्था पोला गांव से निकलकर कल्पवृक्ष धाम के समीप बटाने नदी तट पहुंचा, जहां वाराणसी और अयोध्या से आए विद्वान धर्माचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र जलभरी कर कलश यात्रा के साथ यज्ञ मंडप में पहुंचकर वैदिक रीति-रिवाज से कलश स्थापना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि महायज्ञ क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन देश के प्रसिद्ध संतों और विद्वानों के प्रवचन होंगे। अयोध्या धाम से पधारीं कथा वाचिका आराधना शास्त्री प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन करेंगी। इसके बाद रात्रि 10:30 बजे से मध्यरात्रि 2 बजे तक रासलीला का आयोजन होगा। महायज्ञ का संचालन यज्ञाधीश ज्योतिषाचार्य पं. श्रीराम बाबा एवं यज्ञाचार्य रजनीश पाण्डेय के सानिध्य में किया जा रहा है। समिति के अनुसार, 22 जून को महापूर्णाहुति और 23 जून को विशाल भंडारे एवं विसर्जन के साथ महायज्ञ का समापन होगा। महायज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह, सचिव मुन्ना सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार उर्फ टुटू सिंह सहित पोला एवं आसपास गांव के ग्रामीण सक्रिय सहयोग

# 'विकसित भारत समृद्ध बिहार' अभियान के तहत ब्लॉक परिसर एवं दो पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विकसित भारत समृद्ध बिहार" अभियान के तहत रफीगंज प्रखंड परिसर के बहुद्देश्यीय भवन एवं बौर, पोगर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 22 काउंटर लगाए गए, जहां आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, बीडीओ कुमार अश्विनी तथा बौर एवं पोगर पंचायत में वरीय उप समाहर्ता, सीओ भारतेंदु सिंह, बीपीआरओ सह बीइओ अमर कुमार उपस्थित रहे।इसके सभी विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बीपीआरओ ने बताया कि पूर्व से प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया तथा आज के शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर किया जाएगा। शिविर में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल विभाग औरंगाबाद के सहायक अभियंता कौशल कुमार, प्रखंड आपूर्ति विभाग के कार्यपालक सहायक, बिजली विभाग के सहायक अभियंता अशोक राज एवं पौथु जेई रविशंकर कुमार, आंगनबाड़ी विभाग की महिला पर्यवेक्षक दुर्गावती कुमारी एवं जिज्ञासा कुमारी उपस्थित रही। इसके अलावा जीविका के बीपीएम संतोष कुमार, मनरेगा विभाग के तकनीकी सहायक गौतम कुमार, श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर संतोष कुमार, पेंशन विभाग की डाटा ऑपरेटर शिवानी कुमारी, तथा लोहिया स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य योजनाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका ऑन-द-स्पॉट समाधान करने का प्रयास किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक



# मोहर्रम को लेकर अंबा थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को अंबा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राहुल राज ने की, जबकि इसमें प्रखंड प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, धार्मिक नेताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, समय-सीमा, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, साफ-सफाई एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी अखाड़ा समितियों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा बिना अनुमति जुलूस मार्ग में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें और किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, सद्भाव और शांति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए मोहर्रम पर्व को परंपरागत तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा संख्या: एलआरसी-3_सीटी_एमएलआर-150-आरएसपी, दिनांक: 12.06.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कार्य के अवसर के अनुसार 150 एलएचबी कोचों की मध्य जीवन पुनर्बहाली (एमएलआर)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 71,18,86,513.94। **बयाना राशि:** ₹ 1,42,37,700। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.07.2026 को दोपहर 2.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**। निविदादाताओं से यह अनुरोध है कि वे निविदा सूचना के प्रकाशन के बाद प्रकाशित किसी भी संशोधनी को प्राप्त करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल को अक्सर देखते रहें।

(MISC-75/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आद्रा मंडल के तहत डमरु घुटू हाल्ट स्टेशन पर पैसेंजर हाल्ट एजेंट की नियुक्ति**

**अधिसूचना संख्या: सी–669/पीएच/आद्रा/2026/02** **दिनांक 15.06.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के तहत गढ़ जयपुर–पुनदाग खंड के बीच डमरु घुटू हाल्ट स्टेशन पर हाल्ट एजेंट की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **कार्य का विवरण:** सभी प्रकार के गैर–रियायती अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और सीजन टिकट की बिक्री। **निविदा मूल्य:** कमीशन के आधार पर। **आवेदन फॉर्म की लागत:** शून्य। **पैसेंजर हाल्ट की नियुक्ति के लिए स्थान:** आद्रा मंडल/दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत गढ़ जयपुर–पुनदाग खंड के बीच डमरु घुटू हाल्ट स्टेशन पर पैसेंजर हाल्ट एजेंट। **नियम व शर्तों के साथ आवेदन फॉर्म की उपलब्धता:** दिनांक 07.07.2026 तक वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा के कार्यालय में कार्यालयीन घंटों के दौरान। इसे रेलवे की वेबसाइट **www.ser. indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। **आवेदन जमा करने की तिथि एवं स्थान :** दिनांक 07.07.2026 को 13.00 बजे तक वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा के कार्यालय में। **निविदा बॉक्स खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 07.07.2026 को 16.00 बजे। **आवेदक के लिए पात्रता मानदंड :** (i) आवेदक को स्थानीय जिले से प्रमाणित होना चाहिए जहाँ पैसेंजर हाल्ट स्टेशन स्थित है। (ii) आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कम से कम दसवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। (iii) आयु सीमा : आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। (iv) चिकित्सीय रूप से स्वस्थ रहने और संक्रामक रोग से मुक्त रहने का चिकित्सा प्रमाणपत्र जो किसी पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर से प्राप्त किया जाएगा। (v) पुलिस सत्यापन। **टिप्पणी:** यदि खुलने का दिन किसी अप्रत्याशित कारण से अवकाश या बंद रहता है, तो आवेदन अगले कार्य दिवस को उसी स्थान और समय पर खोला जाएगा।

**(PR-333)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/2/ हावड़ा] : ई-निविदा संख्या: 124_2026-27, दिनांक: 15.06.2026। कार्य का विवरण:** (i) हावड़ा- हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-कटवा के बीच किमी-18 पर >20000 टीवीयू वाले समपार फाटक संख्या 11 का क्रमोन्नयन एवं इंटरलॉकिंग तथा (ii) हावड़ा- हावड़ा मंडल के आजिमगंज-नलहाटी के बीच किमी 31/39-32/01 के बीच >20000 टीवीयू वाले फाटक संख्या 12 पर समपार फाटक का क्रमोन्नयन तथा इंटरलॉकिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 50,93,762.63। **बयाना राशि:** ₹ 1,01,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 29.06.2026 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-157/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: टीएन-33-26-27। कार्य का नाम:** सीपीओएच/कांचरापाड़ा- ट्रैक मशीनों के लिए मध्यवर्ती/समय-समय पर ओवरहॉलिंग सुविधाओं का सृजन/वृद्धि। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,06,16,890.25। **जमा बयाना राशि:** ₹ 10,12,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **क्रम संख्या:** 2 । **निविदा संख्या: टीएन-48-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधीन रेलवे परिसरों के अंदर समपार फाटकों को जोड़ने वाली सड़क सहित क्षतिग्रस्त स्टेशन अप्रोच एरिया की मरम्मत सहित अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 56,51,097.01। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,13,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 (छह) महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: टीएन-102-26-27। कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में सहायक अभियंता/सियालदह के अधीन प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹11,08,03,143.90। **जमा बयाना राशि:** ₹ 22,16,100। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) महीना। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: टीएन-103-26-27। कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के अधीन प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,56,99,599.80। **जमा बयाना राशि:** ₹ 25,14,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) महीना। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा संख्या: टीएन-104-26-27। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसकेवी वेल्डिंग कार्य सहित सभी आनुषंगिक कार्य का संपादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,02,83,721.29। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,05,700। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: **08.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे** (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **08.07.2026 को अपराह्न 3.30 बजे** (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)।

(SDAH-81/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# साइकोलॉजिकल वॉर से गरमाया चुनावी माहौल

## 18 जून को होने वाला है राज्यसभा का चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा का चुनाव 18 जून को होने वाला है। चुनावी मैदान में तीन प्रत्याशी हैं। महागठबंधन में झामुमो से बैद्यनाथ राम और कांग्रेस से प्रणव झा हैं। वहीं बीजेपी समर्थित परिमल नाथवानी भी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी समर्थित परिमल नाथवानी के बीच होने वाला है। वैसे महागठबंधन यदि एकजुट रहे तो दोनों सीटें बड़ी आसानी से जीत सकता है।
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पहले कहा कि हमारे पास एनडीए के दस विधायक संपर्क में हैं। इसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि बीजेपी के तीन विधायक हमारे संपर्क में हैं। झारखंड में अब साइकोलॉजिकल वॉर शुरू हो गया है। एक-दूसरे पर इस तरह की बयानबाजी शुरू हो गई है। चुनाव में हर दल मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने की कोशिश करता है। राजनीतिक पार्टियां इस तरह का माहौल बनाकर यह संदेश देने की कोशिश कर रही हैं कि दूसरे दल के लोग भी उनके संपर्क में हैं। यह भी रणनीति का एक हिस्सा माना जा रहा है। इस चुनाव में बीजेपी समर्थित परिमल नाथवानी की एंट्री के बाद ही ऐसा माहौल बना है। एनडीए के पास 24 वोट हैं, जबकि इंडिया गठबंधन के पास 56 वोट हैं। प्रथम वरीयता के आधार पर दोनों सीटें गठबंधन आसानी से जीत सकता है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है? बैद्यनाथ राम की जीत लगभग तय मानी जा रही है, क्योंकि उनकी पार्टी के पास 34 विधायक हैं। उनके पास 6 वोट सरप्लस भी हैं। असली लड़ाई दूसरी सीट पर है, जहां कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा और एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी आमने-सामने हैं।
परिमल नाथवानी का रिकॉर्ड देखें तो वे झारखंड से दो बार राज्यसभा जा चुके हैं। वर्ष 2008 और 2014 में वे राज्यसभा सांसद चुने गए थे, जबकि पिछली बार उन्होंने आंध्र प्रदेश से चुनाव जीता था। इस बार उन्होंने फिर से झारखंड में एंट्री की है। ऐसे में कांग्रेस और एनडीए समर्थित उम्मीदवार के बीच बेहद करीबी मुकाबले की संभावना जताई जा रही है। मतों का अंतर बहुत अधिक नहीं रहने का अनुमान है।
राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि झामुमो अपने प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को प्रथम वरीयता के कम से कम 30 वोट दिलाने की कोशिश करेगी। वहीं कांग्रेस को 26 वोटों का प्रबंधन करना है। इन 26 वोटों में 4 वोट राजद के हैं।
राजद को इस चुनाव में सबसे कमजोर कड़ी माना जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार में राजद कोटे से मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि कांग्रेस ने उनसे संपर्क तक नहीं किया है। इसके अलावा संजय यादव कांग्रेस से नाराज भी बताए जा रहे हैं। उनकी नाराजगी की वजह बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कहलगांव सीट पर उनके पुत्र रजनीश यादव के खिलाफ कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार उतारना माना जा रहा है। ऐसी चर्चाएं हैं कि यह नाराजगी राज्यसभा चुनाव में भी असर दिखा सकती है। हालांकि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव का जो निर्देश होगा, उसका पालन पार्टी विधायक करेंगे।
फिलहाल राजद इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। इसके अलावा भाकपा-माले के दो विधायक भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में माने जा रहे हैं। हालांकि चुनाव में क्रॉस वोटिंग की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।
राजनीतिक जानकारों की मानें तो यह चुनाव पूरी तरह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इर्द-गिर्द घूम रहा है। यदि वे सक्रिय भूमिका निभाते हैं तो इंडिया गठबंधन दोनों सीटें आसानी से जीत सकता है। लेकिन यदि कहीं ढिलाई हुई तो परिणाम अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। क्योंकि परिमल नाथवानी के साथ लक्ष्मीनारायण जैसे प्रभावशाली रणनीतिकार भी जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस चुनाव के नतीजों के बाद झारखंड की राजनीति के समीकरण बदलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव में बीते 16 अप्रैल 2026 को नवविवाहिता मोना कुमारी की हत्या कर शव गायब करने के मामले में फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने पति, सास और ससुर सहित सभी आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया है।
न्यायालय से आदेश मिलने के बाद बिदुपुर थाना पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ यह कार्रवाई की और आरोपियों को जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने या गिरफ्तारी देने की हिदायत दी है।
बिदुपुर थानाध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि विवाहिता की हत्या कर शव गायब करने के मामले में थाना में कांड संख्या 186/26 दर्ज है। पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी, लेकिन वे फरार थे। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार की कार्रवाई की गई है।

# पुलिस और शराब तस्करों के बीच मुठभेड़

## एक तस्कर व एक सब-इंसपेक्टर जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** गोपालगंज जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां श्रीपुर थाना क्षेत्र के बंशी बतरहा गांव के समीप सोमवार की देर रात पुलिस और कथित शराब तस्करों के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। इस गोलीबारी में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान एक संदिग्ध शराब तस्कर गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं, तस्करों की गाड़ी को रोकने के प्रयास में श्रीपुर थाने के एक सब-इंस्पेक्टर भी जख्मी हो गए हैं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में शराब लदी एक स्कॉर्पियो और एक देसी कट्टा बरामद किया है।
जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात श्रीपुर थाना के दारोगा संतोष कुमार पुलिस बल के साथ भोरे-मीरगंज मुख्य मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी अभियान के दौरान पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप बिहार लाई जा रही है। सूचना मिलते ही दारोगा संतोष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम के साथ बंशी बतरहा स्थित मिक्सी प्लांट के पास मोर्चा संभाल लिया और घेराबंदी कर दी।
पुलिस के मुताबिक, जैसे ही संदिग्ध स्कॉर्पियो वहां पहुंची, पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर तस्करों ने भागने की कोशिश की। वाहन रोकने का प्रयास करने पर चालक ने स्कॉर्पियो को तेजी से पीछे की ओर मोड़ा और दारोगा संतोष कुमार को कुचलने का प्रयास किया।
गाड़ी की टक्कर लगने से दारोगा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। खुद को घिरा देख स्कॉर्पियो में सवार तस्करों ने पुलिस टीम को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।
तस्करों की ओर से गोलीबारी होते देख पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। दोनों ओर से हुई इस मुठभेड़ में एक गोली संदिग्ध तस्कर के जबड़े में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। घायल तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी किशन कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने तत्काल घायल तस्कर और जख्मी दारोगा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से तस्कर किशन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया।

# नदी में उपलाती मिली युवक की लाश

## सीमा विवाद में उलझी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** जिले के नगरा एवं गौरा थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित गंडकी नदी में मंगलवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना रसूलपुर और रामपुर गांव के बीच की बताई जा रही है, जहां स्थानीय लोगों ने नदी में एक शव को तैरते हुए देखा। शव दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हालांकि इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तत्काल नगरा थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगरा तथा गौरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन घटनास्थल दोनों थाना क्षेत्रों की सीमा पर होने के कारण शव को कब्जे में लेने को लेकर कुछ समय तक असमंजस की स्थिति बनी रही।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों थानों की पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन क्षेत्राधिकार को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से कार्रवाई में विलंब हुआ। कुछ घंटों बाद गौरा थाने की पुलिस वापस लौट गई, जबकि नगरा थाने की पुलिस मौके पर डटी रही और मामले की जांच शुरू कर दी।
स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया है। हालांकि संबंधित थाने की पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है, लेकिन मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# लाठी, डंडे और लोहे के रॉड से पीट-पीटकर हत्या

## नानी के श्राद्धकर्म में आया था युवक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरमेरा थाना क्षेत्र के घड़ियारी गांव में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आए 22 वर्षीय युवक पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस प्रारंभिक जांच में मामले को पुराने विवाद और प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है।
मृतक की पहचान पटना जिले के भदौर थाना क्षेत्र स्थित डुमरिया गांव निवासी स्वर्गीय रामप्रीत महतो के पुत्र भगवन कुमार (22) के रूप में हुई है। वह दिल्ली में रहकर काम करता था और कुछ दिन पहले ही अपने गांव आया था। जानकारी के अनुसार, भगवन कुमार अपनी चचेरी नानी के श्राद्ध कर्म और ब्रह्मभोज में शामिल होने के लिए सरमेरा के घड़ियारी गांव स्थित ननिहाल आया था।
परिजनों के मुताबिक, सोमवार रात करीब 9 बजे भगवन कुमार एक अन्य युवक के साथ मोटरसाइकिल से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान दो-तीन बाइक पर सवार बदमाशों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। जीराइन नदी के किनारे खंधा के पास बदमाशों ने उसे घेर लिया। उसके साथ मौजूद युवक को धमकाकर भगा दिया गया, जबकि भगवन कुमार को अपने कब्जे में लेकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। आरोप है कि हमलावरों ने पहले उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त किया, फिर लाठी, डंडे, बेल्ट, लोहे के फाइटर और पिस्तौल के बट से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर, चेहरे और कान के पास गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। बाद में बाढ़ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।
पुलिस के अनुसार, करीब चार-पांच महीने पहले गांव की एक युवती के लापता होने के मामले में भगवन कुमार का नाम सामने आया था। हालांकि युवती कुछ दिनों बाद वापस लौट आई थी। मृतक के भाई चिंटू कुमार का कहना है कि उस समय भगवन ने दिल्ली में होने के पर्याप्त साक्ष्य भी दिए थे, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग उससे नाराज थे और बदला लेने की फिराक में थे।
सरमेरा थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश और प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# शिविर में आवास योजना से संबंधित मिलीं गंभीर शिकायतें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड में शिविर में आम लोगों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा तथा जन शिकायतों के निवारण को लेकर अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समस्तीपुर के अपर समाहर्ता एडीएम बृजेश कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, अंचल अधिकारी बीणा भारती, बीपीआरओ नाजिश परवीन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निभा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार, पीएचसी प्रभारी डॉ. सुमित कुमार, हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह, हथौड़ी थाना अध्यक्ष मौसम कुमार, शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, जीविका बीपीएम नीतू कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।
शिविर के दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी गंभीर शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। पंचायत के कई लाभुकों एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर कुछ बिचौलियों द्वारा अवैध रूप से राशि की उगाही की गई है। शिकायत सुनने के बाद एडीएम बृजेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की दलाली या अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पात्र लाभुकों को बिना किसी आर्थिक दबाव के योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए वहीं करियन पंचायत में सहयोग शिविर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन प्राप्त किए गए तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन किया गया।

# डायन बताकर तलवार से हमला, इलाजरत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिले में अंधविश्वास और पुरानी रंजिश के चक्कर में एक महिला पर जानलेवा हमले का खौफनाक मामला सामने आया है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौवागढ़ी बजरंगबली नगर की रहने वाली एक महिला को 'डायन' बताकर उन पर तलवार से ताबड़तोड़ वार किए गए। इस खूनी हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
सदर अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही घायल कलावती देवी (पति बीनो मंडल) ने पुलिस को दिए अपने बयान में पूरी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को वह अपने परिजनों के साथ मनियारचक गंगा घाट पर स्नान करने गई थीं। इसी दौरान उनके पड़ोसी जानों मंडल की पत्नी वहां पहुंची और उनके साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी पक्ष ने पहले कलावती देवी को गंगा नदी में ही डुबोकर मारने का प्रयास किया। जब उन्होंने विरोध किया, तो आरोपियों ने तलवार निकालकर उनके शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।
पीड़िता कलावती देवी ने पुलिस को बताया कि इस खूनी रंजिश की शुरूआत करीब एक साल पहले हुई थी। लगभग एक वर्ष पूर्व पड़ोसी जानों मंडल के बेटे की गंगा नदी में डूबने से अकाल मौत हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद से ही पड़ोसी का पूरा परिवार कलावती देवी को ही दोषी मानने लगा और उन्हें 'डायन' कहकर लगातार

## आरोपित गिरफ्तार, तलवार जब्त

मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता आ रहा था। इसी अंधविश्वास के चलते सोमवार को गंगा घाट पर उन पर जानलेवा हमला किया गया।
तलवार से किए गए अचानक हमले के कारण कलावती देवी लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ीं। गंगा घाट पर दिनदहाड़े तलवारबाजी देख वहां मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों और पीड़िता के परिजनों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह बीच-बचाव कर महिला की जान बचाई और उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। महिला के शरीर पर तलवार के कई गहरे जख्म हैं।
गंगा घाट पर खून-खराबे की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फॉरेंसिक की टीम को भी साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल की गई खून से सनी तलवार भी बरामद कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की सघन जांच कर रही है और प्रथम दृष्टया यह मामला पूरी तरह अंधविश्वास और पुरानी रंजिश से जुड़ा है।

## धू-धू कर जली बाइक

**जमुई।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक कचहरी चौक के समीप उस समय अचानक हड़कंप और अफरातफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़ी एक बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते बाइक से काला धुआं और आग की ऊंची लपटें निकलने लगीं, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोग और राहगीर डर के मारे इधर-उधर भागने लगे।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बाइक काफी देर से कचहरी चौक के पास खड़ी थी। इसी दौरान अचानक उसके इंजन के पास से चिंगारी निकली और पूरी बाइक आग के गोले में तब्दील हो गई। बाजार के बीचोबीच आग की लपटें उठती देख स्थानीय दुकानदार और राहगीर तुरंत हरकत में आए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आसपास से पानी और बालू का इंतजाम किया और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए।
स्थानीय लोगों की सूझबूझ और भारी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हालांकि, जब तक आग बुझती, तब तक बाइक का अधिकांश हिस्सा जलकर पूरी तरह खाक हो चुका था।

# कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिसवन/सीवान।** सिसवन प्रखंड क्षेत्र के मेहंदार कमलदाह सरोवर के पूर्वी भिंडा स्थित श्री विष्णु मंदिर परिसर में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं कन्याओं ने हाथ और सिर पर कलश धारण कर प्रसिद्ध बाबा महेंद्रनाथ मंदिर मेहंदार की परिक्रमा की तथा मेहंदार की पावन भूमि का भ्रमण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।
कलश यात्रा श्री विष्णु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पवित्र कमलदाह सरोवर पहुंची, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ जल भरकर कलश स्थापित किए गए। इसके बाद यज्ञ मंडप में पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया।



महायज्ञ के व्यवस्थापक एवं श्री विष्णु मंदिर के महंत शिवपूजन जी महाराज, यजमान प्रो. जगदीश तिवारी, यज्ञाचार्य पंडित अजीत कुमार मिश्र, आचार्य आशुतोष कुमार पांडेय, पंडित आदित्य पाठक, पंडित संजीत कुमार मिश्र, अनमोल कुमार मिश्र आदि ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वेदपाठ, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। वहीं प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा।
यज्ञाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस महायज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि तथा आध्यात्मिक चेतना का संचार होगा।
आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडाल, पेयजल, प्रसाद वितरण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।
कलश यात्रा में महंत श्री महाराज, सुदामा तिवारी, कमलेश कुमार सिंह, प्रो. जगदीश तिवारी, टुनटुन गिरि, भुवनेश्वर महतो, पशुपति गिरि, सूर्यनंदन शाही, मंजीत कुमार तिवारी, कमल कुमार सिंह सेंगर, विमलेश कुमार सिंह, रमेश गिरि, गुराजी महतो, अनिरुद्ध यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आसपास के गांवों से आए महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।
बहरहाल, महायज्ञ के शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। वहीं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# भोक्ता समुदाय में बिना दहेज की होती हैं शादियां

## कई पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** एक ओर जहां समाज में दहेज प्रथा आज भी बेटियों के परिवारों के लिए बड़ी सामाजिक और आर्थिक चुनौती बनी हुई है, वहीं जिले के इमामगंज विधानसभा क्षेत्र का भोक्ता समुदाय इस कुरीति के खिलाफ वर्षों से एक सशक्त सामाजिक संदेश देता आ रहा है।
जंगल-पहाड़ों से घिरे इस क्षेत्र के करीब 150 गांवों में रहने वाला भोक्ता समाज कई पीढ़ियों से बिना दहेज शादी की परंपरा को निभा रहा है। बदलते समय, बढ़ती आधुनिकता और दिखावे की संस्कृति के बीच भी यह परंपरा आज तक अक्षुण्ण बनी हुई है।
भोक्ता समुदाय के लोगों का रहन-सहन आम ग्रामीण परिवारों जैसा ही है। वे खेती-बाड़ी, मजदूरी, सरकारी सेवा और छोटे व्यवसाय से जुड़े हैं। लेकिन सामाजिक सोच के मामले में यह समाज एक अलग पहचान रखता है।
यहां बेटा और बेटी की शादी पूरी तरह हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न होती है, लेकिन दहेज लेना सामाजिक रूप से स्वीकार्य नहीं माना जाता। सबसे खास बात यह है कि विवाह को लेन-देन का सौदा नहीं, बल्कि दो परिवारों के पवित्र रिश्ते के रूप में देखा जाता है।
समाज के बुजुर्ग बताते हैं कि इस परंपरा की जड़ें कई पीढ़ियों पुरानी है। उनके पूर्वजों ने यह तय किया था कि विवाह में दहेज जैसी प्रथा को कभी स्थान नहीं दिया जाएगा।
उसी सामाजिक अनुशासन और सामूहिक सहमति का परिणाम है कि आज भी भोक्ता समाज में एक रुपये का दहेज लेना भी गलत माना जाता है।
यही कारण है कि यहां शादी-ब्याह में अनावश्यक तड़क-भड़क और शाही खर्च से भी दूरी रखी जाती है।विवाह समारोह सादगीपूर्ण होते हैं। दोनों पक्ष अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार शादी का आयोजन करते हैं। कोई प्रतिस्पर्धा नहीं, कोई दिखावा नहीं और न ही आर्थिक बोझ का दबाव। इससे बेटियों के परिवार को सम्मान मिलता है और विवाह खुशियों का अवसर बना रहता है, चिंता का नहीं।
इमामगंज प्रखंड के जंगल और पहाड़ों से घिरे गांव पथलधसा में इस वर्ष एक बार फिर इस परंपरा की मिसाल देखने को मिली। गांव के मुनारिक सिंह भोक्ता ने अपने बेटे की शादी बिना दहेज के संपन्न कर समाज के सामने सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। परिवार के लोगों ने साफ कहा कि उन्हें दहेज नहीं, संस्कार और अच्छे रिश्ते चाहिए।ऐसी ही प्रेरक मिसाल तारचुआ गांव में भी देखने को मिली। यहां भगवती सिंह भोक्ता के पुत्र, जो बिहार पुलिस में कार्यरत हैं, की शादी भी बिना दहेज के हुई। सरकारी नौकरी होने के बावजूद परिवार ने दहेज लेने से साफ इनकार कर दिया।
समाज के लोगों का कहना है कि नौकरी या आर्थिक स्थिति चाहे जितनी बेहतर हो जाए, दहेज लेना उनकी परंपरा के खिलाफ है। चपरवार गांव के देवनंद सिंह भोक्ता के पुत्र अशोक सिंह भोक्ता, जो बिहार पुलिस में कार्यरत हैं, ने भी बिना दहेज विवाह कर समाज की इस परंपरा को मजबूती दी। वे कहते हैं कि शिक्षित समाज वही है जो अच्छी परंपराओं को बचाकर रखे। दहेज लेना शिक्षा और संस्कार दोनों के विरुद्ध है।
भोक्ता समुदाय में शिक्षा का स्तर लगातार बढ़ रहा है। जिन गांवों में कभी शिक्षा की पहुंच सीमित थी, वहां अब नई पीढ़ी पढ़-लिखकर आगे बढ़ रही है। समुदाय के कई युवा बिहार पुलिस, शिक्षा सेवक और अन्य सरकारी पदों पर कार्यरत हैं।
शिक्षा ने उनकी आर्थिक स्थिति और सोच दोनों को मजबूत किया है, लेकिन परंपरा के सम्मान और समानता आज भी बरकरार हैं।

## तिलक समारोह में हंगामा

**बगहा।** चौतरवा थाना क्षेत्र के मझौवा गांव में दहेज की राशि में पांच हजार रुपये बकाया रहने को लेकर तिलक समारोह के दौरान जमकर हंगामा हो गया। आरोप है कि लड़का पक्ष ने लड़की पक्ष के लोगों को करीब डेढ़ घंटे तक बंधक बनाकर रखा और उनके साथ मारपीट की।
घटना में लड़की के भाई का हाथ टूट गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया। दोनों का इलाज बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, नगर थाना क्षेत्र के बनचहरी तेलिया टोला निवासी सुरेंद्र मिश्र ने अपनी पुत्री का विवाह मझौवा निवासी राजन पांडेय के पुत्र सचिन पांडेय के साथ तय किया था। तिलक में तीन लाख पांच हजार रुपये नकद और एक अपाची बाइक देने की बात हुई थी। सोमवार की शाम लड़की पक्ष के लोग तिलक लेकर लड़के के घर पहुंचे। इसी दौरान लड़के के पिता ने पांच हजार रुपये बकाया होने की बात कहते हुए तिलक का सामान उतारने से इनकार कर दिया। बाद में ग्रामीणों और स्वजन के समझाने-बुझाने पर तिलक की रस्म पूरी कराई गई।

## शोक सभा का आयोजन

**अररिया।** भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय, अररिया में पदस्थापित डाटा एंट्री ऑपरेटर कौशल कुमार मंडल का 15 जून को एक सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर जिला प्रशासन की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की गई है।
दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, अररिया के निर्देश पर समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष के बरामदे में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।
मौके पर जिला पदाधिकारी विनोद दूहन, अपर समाहर्ता, अररिया सहित समाहरणालय एवं अनुमंडल कार्यालय के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।
जिला प्रशासन की ओर से दिवंगत कर्मी के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया गया।

# तौसीफ रसूल ने जीता गोल्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा के खिलाड़ी तौसीफ रसूल ने बांग्लादेश में बुलंदी का झंडा गाड़ दिया है। हैंडबॉल के अंडर-20 जूनियर आईएचएफ ट्रॉफी में भारत ने बांग्लादेश को फाइनल में 48-27 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जिसमें नवादा के लाल तौसीफ रसूल को बेस्ट प्लेयर के अवार्ड से नवाजा गया है।
भारतीय टीम में बिहार से दो खिलाड़ी थे। नवादा नगर परिषद क्षेत्र के बड़ी दरगाह निवासी तौसीफ रसूल और बेगूसराय से शिवा ने इस अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में भारत की ओर से प्रदर्शन किया।
कई देशों की प्रतियोगिता के अंतिम चरण फाइनल मुकाबले में भारत और बांग्लादेश की टीम आपस में भिड़ी थी, जो भारतीय खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रदर्शन के सामने एकतरफा साबित हुआ और भारतीय टीम ने बांग्लादेश को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।
नवादा के लाल तौसीफ रसूल ने अपने प्रदर्शन के बल पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीता है। जिसके बाद नवादा के हैंडबाल संघ में जबरदस्त उत्साह है।
बड़ी दरगाह निवासी तौसीफ रसूल को बचपन से ही हैंडबाल खेलने की लगन लगी थी। जिला हैंडबॉल संघ के अधिकारी एवं शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि तौसीफ ने हरिश्चंद्र स्टेडियम में हैंडबॉल खेलने की शुरूआत की थी।
यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके वह बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के खेल अकादमी में प्रशिक्षण लिया। फिर भारतीय खेल प्राधिकरण गांधीनगर गुजरात में चयनित हुआ और कड़ी मेहनत और लगन के साथ प्रशिक्षण पाया।
उनकी इस उपलब्धि पर बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने तौसीफ रसूल को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने भी तौसीफ रसूल को बधाई दी।

# बिहार में बनेंगे 305 भंडारण गोदाम और 400 पक्के थ्रेसिंग फ्लोर

## किसानों के लिए भंडारण गोदाम एवं पक्के थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण योजना को मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अब किसानों को फसल कटाई के तुरंत बाद कम कीमत पर अपनी उपज बेचनी नहीं पड़ेगी। इसके लिए कृषि विभाग राज्य में 305 भंडारण गोदाम और 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर बनाने जा रहा है। गोदाम निर्माण से किसान अपनी उपज को सुरक्षित रूप से संग्रहित कर सकेंगे तथा बाजार में अनुकूल मूल्य मिलने पर उसे बेचकर अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा कृषि क्षेत्र में आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिलेगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि गोदाम निर्माण योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा। योजना के तहत 88 इकाई 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम, 217 इकाई 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण प्रस्तावित है। किसानों को कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण तथा बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (डीपीआर) के अंतर्गत किसानों के लिए 100 एवं 200 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण और पक्का थ्रेसिंग फ्लोर की स्थापना की महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जाएगी। इस योजना के लिए कुल 24 करोड़ रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति का प्रस्ताव है जिसमें केंद्रांश 14.40 करोड़ रुपये तथा राज्यांश 9.60 करोड़ रुपये शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि यह योजना कृषि अवसंरचना के विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अनुमान है कि 88 गोदामों के निर्माण से 96,536 मानव दिवस, 217 बड़े गोदामों के निर्माण से 3,39,388 मानव दिवस तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण से 12,000 मानव दिवस रोजगार सृजित होंगे। इस प्रकार योजना के माध्यम से कुल 4,47,924 मानव दिवस रोजगार सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के बेहतर प्रबंधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## बिहार को 400 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी, करार आज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पीएमई बस सेवा योजना के तहत बिहार को 400 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी। इसको लेकर बुधवार को बिहार राज्य पथ परिवहन निगम और ग्रीनसेल मोबिलिटी के बीच करारनामा पर हस्ताक्षर होगा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत होंगे। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत राज्य में 400 एसी इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन शुरू होने से शहरी सार्वजनिक परिवहन को नई गति मिलेगी। इससे यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी, प्रदूषण में कमी लाने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि इन बसों का परिचालन राज्य के छह प्रमुख शहरों यथा पटना में 150, गयाजी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं पूर्णिया में 50-50 बसों का परिचालन किया जाएगा।

## बिहार प्रशासनिक सेवा के 14 अधिकारियों की आईएएस में पदोन्नति, राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा (बिप्रसे) के 14 वरिष्ठ अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नति प्रदान की गई है। भारत सरकार द्वारा चयन संबंधी अधिसूचना जारी किए जाने के बाद बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने भी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही बिहार प्रशासनिक सेवा के ये 14 अधिकारी अब भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) के अधिकारी कहलाएंगे। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रोन्नत अधिकारियों को दो बैचों में आईएएस संवर्ग आवंटित किया गया है। इनमें सात अधिकारियों को वर्ष 2016 बैच तथा सात अधिकारियों को वर्ष 2017 बैच प्रदान किया गया है। सभी अधिकारियों को अगले आदेश तक अपने वर्तमान पदस्थापन पर ही आईएएस अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2016 बैच आवंटित अधिकारियों में स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव मृणांयक दास, शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) मनोरंजन कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव एवं बिहार युवा आयोग के अतिरिक्त प्रभार सचिव विकास कुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. गगन, पूर्णिया के उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद अंजनी कुमार, वित्त विभाग की संस्थागत वित्त शाखा के संयुक्त सचिव इजतबा हुसैन तथा सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव रजनीश कुमार शामिल हैं। वर्ष 2017 बैच आवंटित अधिकारियों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त सचिव विधु भूषण चौधरी, पंचायती राज विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी वसीम अहमद, परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव कृत्या नन्द रंजन, पटना के जिला पंचायती राज पदाधिकारी राशिद आलम, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक इबरार अहमद खान, नगर विकास एवं आवास विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अपर सचिव हेमंत कुमार सिंह शामिल हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) में प्रोन्नति के आधार पर नियुक्त सभी अधिकारियों को अगले आदेश तक अपने वर्तमान पदों पर ही आईएएस अधिकारी के रूप में कार्य करना होगा।

## केवाइपी में नामांकन तिथि की घोषणा नहीं होने से छात्रों में आक्रोश, केंद्र संचालकों में बढ़ी बेचैनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) में नए बैच के नामांकन की तिथि अब तक घोषित नहीं होने से राज्यभर के हजारों छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है। वहीं केवाईपी केंद्र संचालकों के बीच भी असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। छात्रों का कहना है कि वे लंबे समय से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट सूचना जारी नहीं की गई है। इससे उनके प्रशिक्षण और भविष्य की योजनाएं प्रभावित हो रही है। कई युवाओं ने बताया कि केवाईपी के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करने की उम्मीद थी, लेकिन अनिश्चितता के कारण वे असमंजस की स्थिति में हैं। दूसरी ओर केवाईपी केंद्र संचालकों का कहना है कि नामांकन प्रक्रिया बंद रहने से उनके केंद्रों का संचालन प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों के वेतन, किराया और अन्य प्रशासनिक खर्चों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। उनका कहना है कि समय पर नामांकन नहीं होने से प्रशिक्षण गतिविधियां ठप पड़ी है और इसका असर केंद्रों की कार्यप्रणाली पर पड़ रहा है। केंद्र संचालकों ने बिहार कौशल विकास मिशन से जल्द से जल्द नामांकन तिथि घोषित करने की मांग की है, ताकि छात्रों को प्रशिक्षण का अवसर मिल सके और केंद्रों का संचालन भी सुचारु रूप से जारी रह सके। गौरतलब है कि केवाईपी योजना के तहत युवाओं को कंप्यूटर, संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है, लेकिन नए बैच के नामांकन को लेकर बनी अनिश्चितता से छात्रों और केंद्र संचालकों दोनों की चिंता बढ़ती जा रही है। विभाग की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## सहयोग शिविर में मंत्री श्रवण कुमार ने सुनीं लोगों की समस्याएं

### सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने मंगलवार को शिवहर जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित जनकल्याण सह सहयोग शिविरों में भाग लेकर आम लोगों की समस्याओं का जायजा लिया। शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 232 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 205 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। मंत्री श्रवण कुमार ने जिले के पुरनहिया प्रखंड के बसंतपट्टी पंचायत, पिपराही प्रखंड के मेसौढ़ा गांव तथा मकसूदपुर कररिया पंचायत में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बसंतपट्टी पंचायत में आयोजित शिविर में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 23 का तत्काल समाधान कर दिया गया जबकि दो मामलों को निरस्त किया गया। यहां ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। वहीं मेसौढ़ा गांव में आयोजित शिविर में 62 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 47 मामलों का निपटारा किया गया। यहां राजस्व एवं भूमि सुधार तथा सामान्य प्रशासन विभाग से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। मकसूदपुर कररिया पंचायत में आयोजित शिविर में लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। यहां कुल 143 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें से 135 मामलों का समाधान मौके पर कर दिया गया जबकि चार मामलों को अस्वीकृत कर दिया गया। इस शिविर में राजस्व एवं भूमि सुधार, ग्रामीण विकास, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा ऊर्जा विभाग से संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक रही। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जनकल्याण सह सहयोग शिविरों के माध्यम से लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और उनकी समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें बसंतपट्टी पंचायत की मुखिया उषा देवी, जिला अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, प्रखंड अध्यक्ष अजय मिश्रा, नरेंद्र पटेल, हरिद्वार राय पटेल, प्रतिभा रानी कुणाल, अमरेश पाण्डेय समेत कई जनप्रतिनिधि, बीडीओ एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

## एकलव्य मॉडल स्कूलों में अब सीबीएसई पाठ्यक्रम से होगी पढ़ाई : मंत्री

### राज्य में आदिवासी बच्चों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में अब कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई सीबीएसई माध्यम से होगी। केंद्र सरकार से इस संबंध में अनुमति मिल चुकी है। वर्तमान में बिहार में तीन एकलव्य स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें पश्चिम चंपारण के बेलासड़ी, जमुई के आस्था और कैमूर के अधौरा शामिल हैं। प्रत्येक स्कूल में लगभग 600 बच्चे पढ़ रहे हैं, इस प्रकार कुल करीब 1800 आदिवासी छात्र-छात्राएं इन विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन तीनों क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। विभाग ने आदिवासी बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है। एससी-एसटी मंत्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि सीबीएसइ पैटर्न लागू होने के बाद सभी एकलव्य स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में जल्द ही डिजिटल लैब, अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक और कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार के 24 जिलों में आदिवासियों की कुल जनसंख्या 13 लाख 36 हजार है। इनमें जमुई, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिलों में आदिवासी आबादी अधिक है। इन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और संरक्षण के लिए एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं। सीबीएसइ पैटर्न लागू होने से अब इन विद्यालयों के गरीब एवं जनजातीय परिवारों के बच्चे भी नीट, जेईई तथा केंद्रीय विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में देश के अन्य छात्रों के साथ बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कैमूर के अधौरा स्थित एकलव्य स्कूल में एक साल पहले कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर 70 से अधिक नाबालिग लड़कियों की ट्रैफिकिंग का मामला सामने आया था जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

## नए डिग्री कॉलेजों में एक जुलाई से पढ़ाई शुरू कराने की तैयारी में जुटा विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में 1 जुलाई से नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कराने के लिए उच्च शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। इसके लिए सभी कॉलेजों में प्राचार्यों की नियुक्ति के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी गई है। विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के चौथे निश्चय 'उन्नति शिक्षा उन्नति भविष्य' के तहत डिग्री महाविद्यालय विहीन सभी प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। बताया जाता है कि राज्य के 534 प्रखंडों में से 211 प्रखंडों में अभी कोई भी अंगीभूत या संबद्ध डिग्री कॉलेज नहीं है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने महाविद्यालय विहीन प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने के साथ ही नए सत्र से पढ़ाई शुरू करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग नए डिग्री कॉलेजों में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू कराने के लिए तैयारी शुरू कर दिया है। नए डिग्री कॉलेजों में प्राचार्य, विषयों के अनुसार शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी गई है। पढ़ाई शुरू करने से पहले वहां संसाधन की व्यवस्था की जा रही है। ताकि निर्धारित समय से पढ़ाई शुरू हो सके। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि सभी नए डिग्री कॉलेजों में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नए सत्र से बिहार के 211 प्रखंडों में खोले जा रहे नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी।

## नवगीतिका समर कैंप की शुरुआत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सांस्कृतिक संस्था नवगीतिका लोक रसधार द्वारा बच्चों के लिए समर कैंप की रंगारंग शुरुआत की गई। समर कैंप का उद्घाटन बिहार की प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. जूली बनर्जी, समाज सेवी शालिनी सिंह, रानी गुप्ता, नीतू सिंह, आरती मिश्रा, चंद्रभूषण सिंह तथा संस्था की सचिव नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस अवसर पर नीतू कुमारी नवगीत ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को विविध कलाओं का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया किया गया है जिसमें मुख्य फोकस लोक नृत्य और लोकगीतों पर रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की लोक संस्कृति काफी समृद्ध है और नई पीढ़ी को बिहार की परंपरागत संस्कृति से जोड़ कर रखना है। समर कैंप में बच्चों का प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के लिए कई नामचीन कलाकारों और लोक गायको ने भी अपनी निशुल्क देने सेवा देने पर सहमति दी है।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## शत्रुघ्न पासवान ने जीता स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के तत्वावधान में 15 वीं फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग का अयोजन लुधियाना, पंजाब में किया गया जिसमें पटना रेल जीआरपी में कार्यरत शत्रुघ्न पासवान ने बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए 75 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर बिहार का नाम गौरवांवित किए। वही प्रकाश कुमार, गोविंद कुमार, सुमित कुमार ने भी सराहनीय प्रदर्शन किए। इस ऐतिहासिक क्षण पर न्यू बॉडी बिल्डिंग एवम फिटनेस एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ रणबीर नन्दन, (अध्यक्ष बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड) हार्दिक शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कमाना किए। साथ ही संघ के अध्यक्ष अभय सुंदर, सचिव विजय कुमार कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष गुंजेश झा, संयुक्त सचिव उपेन्द्र कुमार, मुकुल कुमार चौधरी, अजय कुमार, सूरज भानु गुप्ता, मनोज कुमार एवं सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी। यह जानकारी संघ के सचिव विजय कुमार ने दी।

## दूरदर्शन बिहार मगही भाषा में करेगा नियमित प्रसारण


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** दूरदर्शन बिहार मगही भाषा में नियमित प्रसारण करेगा। मगही भाषा के विकास को लेकर काम कर रही संस्था मगही कनेक्शन के अनुरोध पर मगही भाषा में प्रत्येक 15 दिनों पर नियमित कार्यक्रम प्रसारण हेतु डीडी बिहार के केंद्र निदेशक डॉ मनोज प्रभाकर ने सहमति दी है। आकाशवाणी पटना के कार्यक्रम सहायक निदेशक अमित कुमार ने भी मगही भाषा में कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाने के अनुरोध को स्वीकार किया है। इस आशय की जानकारी मगही कनेक्शन के अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार और सचिव रविशंकर उपाध्याय ने देते हुए बताया कि मगही कनेक्शन के प्रतिनिधिमंडल ने डीडी बिहार और आकाशवाणी पटना के केंद्र निदेशक को इस आशय का प्रस्ताव सौंपा जिसके उपरांत निदेशक द्वय ने अपनी टीम को इस संबंध में कार्यक्रम आयोजन हेतु निदेशित किया है। डॉ मनोज प्रभाकर ने रंग बिहार के, साहित्यिकी और बिहार विहान जैसे कार्यक्रम को मगही भाषा में भी प्रसारित करने के निदेश डीडी बिहार की टीम को दिए हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती के अन्य क्षेत्रीय/स्थानीय मंचों पर मगही भाषा के नियमित कार्यक्रम शुरू करने के आवश्यक पहल हेतु विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार को भी ज्ञापन सौंपा गया था।

## फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल ने की अचार का परफेक्ट जोड़ीदार के चौथे संस्करण की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल ने भारत की पारंपरिक घरेलू अचार बनाने की संस्कृति का उत्सव मनाते हुए अपने प्रमुख सीजनल कैंपेन अचार का परफेक्ट जोड़ीदार का चौथा संस्करण लॉन्च किया है। यह 360-डिग्री कैंपेन डिजिटल, ओटीटी, इन्फ्लुएंसर सहयोग, आउटडोर मीडिया और विभिन्न उपभोक्ता गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। कंपनी के अनुसार, यह कैंपेन भारतीय परिवारों में अचार बनाने की सदियों पुरानी परंपरा और उससे जुड़ी यादों, रिश्तों तथा पाक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अचार बनाने में सरसों के तेल की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल इस परंपरा से अपने जुड़ाव को और मजबूत कर रहा है।

## राज्य में मछली पालन की असीम संभावनाएं, रुकेगा पलायन : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में मात्स्यिकी, मत्स्य और जल कृषि के विकास की असीम संभावनाएं हैं। हमारा विभाग गांवों में पहुंचेगा और बिहार के पलायन को रोकने में कामयाब होगा। इससे बेरोजगारी कम होगी। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग गांवों का विभाग है। ये बातें डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंद किशोर राम ने मंगलवार को कही। वे मीठापुर स्थित नवनिर्मित मत्स्य विकास भवन में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। ध्यान रहे कि बीते सोमवार को मत्स्य विकास भवन में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों किया गया था। मंगलवार को हुई इस कॉन्क्लेव में मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि समग्र मात्स्यिकी विकास के लिए हुए इस आयोजन से राज्य के मत्स्य पालकों, किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग मिलेगा। मंत्री ने कहा कि बिहार में मछली उत्पादन में लगातार रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि दर्ज की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जहां राज्य का कुल मछली उत्पादन 9.69 लाख मीट्रिक टन था, वहीं यह वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 10.28 लाख मीट्रिक टन हो गया है। सरकार के प्रयास से 7,990 हेक्टेयर में नए जल क्षेत्र का सृजन, 2,721 हेक्टेयर चौर भूमि में आधुनिक तालाबों का निर्माण और 5,264 ट्यूबवेल का अधिष्ठापन किया गया है। साथ ही 233 मत्स्य बीज हैचरी अधिष्ठापित की गई है। इन कार्यशील हैचरियों से राज्य की लगभग 70 प्रतिशत मत्स्य बीज की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है जिसका परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,753.45 मिलियन मत्स्य बीज का वार्षिक उत्पादन हुआ है। वहीं राज्य में स्थापित 89 फिश फीड मिलों से 50 हजार टन मछली आहार का उत्पादन राज्य के अंदर ही होने लगा है। मत्स्य बाजारों में स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अब तक 6,449 वाहन एवं 12,172 मत्स्य विपणन किट का वितरण किया जा चुका है।

## पुलिस परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा निम्नानुसार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पटना से 07.15 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। बक्सर से 13.30 बजे दानापुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। बक्सर से 18.00 बजे पटना के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। किऊल से 12.30 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया शेखपुरा, नवादा चलायी जाएगी। गया से 17.30 बजे किऊल के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया नवादा, शेखपुरा चलायी जाएगी। बख्तियारपुर से 08.00 बजे राजगीर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया बिहारशरीफ, नालंदा चलायी जाएगी। राजगीर से 13.00 बजे बख्तियारपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।

# संपादकीय

## अंधविश्वास की जड़ों तक पहुंचे बिना नहीं रुकेगी जादू-टोने के भ्रम वाली हिंसा

कुछ दिन पहले ओड़िशा के संबलपुर जिले में साठ साल की एक महिला और उसकी बेटी की सिर्फ इसलिए कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई कि उन पर कुछ लोगों को जादू-टोना करने का संदेह था। जिस दौर में देश की अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर दुनिया के सामने पेश की जा रही हो, उसी बीच आए दिन जब महज अंधविश्वास की वजह से निर्दोष लोगों की हत्या की घटनाएं भी हो रही हों, तो यह अपने आप में विकास की मौजूदा परिभाषा पर एक सवालिया निशान है।कुछ दिन पहले ओड़िशा के संबलपुर जिले में साठ साल की एक महिला और उसकी बेटी की सिर्फ इसलिए कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई कि उन पर कुछ लोगों को जादू-टोना करने का संदेह था। यह कोई पहली या अकेली घटना नहीं है, जिसमें सिर्फ अंधविश्वास के कारण निर्दोष महिलाओं की हत्या कर दी गई।झारखंड और ओड़िशा सहित देश के अन्य इलाकों से भी डायन या जादू-टोना के अंधविश्वास की वजह से आदिवासी या कमजोर तबकों की महिलाओं को यातना देने से लेकर उनकी हत्या कर देने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सरकारें मौजूदा कानूनी प्रक्रिया के तहत हत्या के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करती हैं, लेकिन उसका असर इतना नगण्य है कि कुछ दिनों बाद फिर डायन या जादू-टोना के नाम पर हत्या की कोई अन्य घटना सामने आ जाती है।यह सोचने की जरूरत है कि विकास के दावों के बीच अंधविश्वास की जड़ें इतनी गहरी क्यों हैं। विकास की चकाचौंध के पीछे भारतीय समाज की इस स्याह तस्वीर को हम क्यों नहीं देख पा रहे हैं। एक तरफ हम आधुनिकता के दंभ में जीते हैं, तो दूसरी तरफ समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जिसमें मनुष्यता का बोध नहीं।वह बेगुनाह लोगों की हत्या होते देखता है। दूसरी ओर, यह समझना मुश्किल है कि देश के दूरदराज इलाकों में सरकारें आधुनिक तकनीकी संसाधन और सुविधाएं पहुंचाने में कोई कोताही नहीं करतीं, लेकिन लोगों के बीच ऐसी सामान्य चेतना और समझ का विस्तार नहीं कर पातीं कि जादू-टोना और डायन जैसी धारणाएं महज अंधविश्वास हैं और यह किसी भी समाज के पिछड़े रह जाने के सबसे बड़े कारकों में से एक हैं।विडंबना यह है कि ऐसी घटनाओं को सामान्य आपराधिक घटनाओं की तरह देखा जाता है और सामाजिक जड़ता और मनोवैज्ञानिक जटिलताओं को समझने और उसी मुताबिक उसका दूरगामी हल निकालने की कोशिश नहीं की जाती।

**तुर्किये ने साफ संकेत दे दिया है कि वह दक्षिण एशिया में अपनी मौजूदगी केवल व्यापार या मानवीय सहायता तक सीमित नहीं रखना चाहता। ढाका में हुई उच्च स्तरीय वार्ता में रक्षा सहयोग, रक्षा उत्पादन, सामरिक साझेदारी और आर्थिक विस्तार पर जिस गंभीरता से चर्चा हुई, वह भारत के लिए साधारण घटना नहीं है। दक्षिण एशिया की बदलती भू राजनीतिक बिसात पर अब एक नया और बेहद खतरनाक समीकरण तेजी से उभर रहा है। भारत विरोधी रवैये के लिए लंबे समय से चर्चित तुर्किये अब केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने बांग्लादेश के साथ भी अपने रक्षा और सामरिक रिश्तों को तेजी से विस्तार देना शुरू कर दिया है।**

# पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश से रक्षा संबंध बना रहा तुर्किये, भारत को दो तरफ से घेरने की रणनीति!

**(नीरज कुमार दुबे)**

ढाका पहुंचे तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने जिस तरह बांग्लादेश को दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया, उसने नई दिल्ली की चिंता और गहरा दी है। इस बयान को भारत के चारों ओर रणनीतिक दबाव बनाने की सुनियोजित चाल के रूप में देखा जा रहा है।

तुर्किये ने साफ संकेत दे दिया है कि वह दक्षिण एशिया में अपनी मौजूदगी केवल व्यापार या मानवीय सहायता तक सीमित नहीं रखना चाहता। ढाका में हुई उच्च स्तरीय वार्ता में रक्षा सहयोग, रक्षा उत्पादन, सामरिक साझेदारी और आर्थिक विस्तार पर जिस गंभीरता से चर्चा हुई, वह भारत के लिए साधारण घटना नहीं है। बांग्लादेश ने तुर्किये को रक्षा सामग्री निर्माण में निवेश का खुला न्योता दिया है। दोनों देशों ने पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर रणनीतिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही है। यह वही तुर्किये है जिसने पाकिस्तान के साथ मिलकर वर्षों तक भारत विरोधी मोर्चेबंदी की, कश्मीर मुद्दे पर खुलकर इस्लामाबाद का साथ दिया और इस्लामी सहयोग संगठन के मंचों पर भारत के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया।

उधर, दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता यह है कि तुर्किये अब भारत के पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान और पूर्वी मोर्चे पर बांग्लादेश के साथ समानांतर सामरिक रिश्ते बना रहा है। यह दो तरफा दबाव की रणनीति जैसी दिखाई देती है। पाकिस्तान पहले से ही तुर्किये के रक्षा उद्योग, ड्रोन तकनीक और सैन्य प्रशिक्षण का लाभ उठा रहा है। अब यदि वही ढांचा बांग्लादेश तक पहुंचता है, तो भारत के लिए सुरक्षा समीकरण और जटिल हो जाएंगे। खास तौर पर तब, जब बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार अपनी विदेश नीति को नए ढंग से गढ़ने की कोशिश कर रही है।

इसके अलावा, तुर्किये और बांग्लादेश के बीच केवल रक्षा सहयोग ही नहीं, बल्कि आर्थिक और संस्थागत साझेदारी भी तेजी से बढ़ रही है। दोनों देश व्यापार को तेरह अरब डॉलर से बढ़ाकर बीस अरब डॉलर तक ले जाने की तैयारी में हैं। विशेष आर्थिक क्षेत्रों में तुर्किये को निवेश का निमंत्रण दिया गया है। वस्त्र, दवा निर्माण, जहाज निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जा रहा है। ढाका में अंतरराष्ट्रीय स्तर का अस्पताल और नर्सिंग संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। यह साफ दिखाता है कि तुर्किये केवल सैन्य साझेदारी नहीं, बल्कि



दीर्घकालिक प्रभाव स्थापित करने की नीति पर काम कर रहा है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि तुर्किये दक्षिण एशिया में खुद को मुस्लिम दुनिया के प्रभावशाली संरक्षक के रूप में स्थापित करना चाहता है। रोहिंग्या मुद्दे पर उसकी सक्रियता, गाजा पर आक्रामक बयानबाजी और बांग्लादेश के साथ मानवीय सहयोग इसी रणनीति का हिस्सा हैं। लेकिन इसके पीछे छिपा बड़ा उद्देश्य क्षेत्रीय प्रभाव विस्तार और भारत की सामरिक चुनौती को बढ़ाना है।

वैसे तो तुर्किये लगातार यह कह रहा है कि भारत को उसके पाकिस्तान से रिश्तों की वजह से उससे दूरी नहीं बनानी चाहिए। लेकिन असली सवाल भरोसे का है। राष्ट्रपति एर्दोआन कई बार खुलकर कश्मीर पर पाकिस्तान के समर्थन में बयान दे चुके हैं। तुर्किये ने पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा रिश्ते भी काफी मजबूत कर लिए हैं। इतना ही नहीं, पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान को रक्षा उपकरण और ड्रोन तक मुहैया कराए थे। भारत ने पाकिस्तान की तरफ से आए जिन कई ड्रोनों को मार गिराया था, उनमें तुर्किये में बने ड्रोन भी शामिल थे। ऐसे में तुर्किये का भारत से दोस्ती और संतुलन की बात करना नई दिल्ली को एक सोची समझी रणनीतिक चाल जैसा लगता है। यही वजह है कि भारत भी अब तुर्किये को उसी की भाषा में जवाब दे रहा है।

दरअसल, भारत ने हाल के वर्षों में साइप्रस और ऑर्मेनिया के साथ अपने रक्षा संबंधों को तेजी से मजबूत किया है। ऑर्मेनिया अब भारतीय हथियारों का बड़ा खरीदार बन चुका है। साइप्रस के साथ भी भारत रणनीतिक और रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। यह सीधे-सीधे तुर्किये को संदेश है कि यदि अंकारा भारत के पड़ोस में दखल बढ़ाएगा, तो नई दिल्ली भी तुर्किये के सामरिक क्षेत्र में जवाबी दबाव बनाएगी। जिस तरह तुर्किये पाकिस्तान और अब बांग्लादेश के जरिए भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है, उसी तरह भारत भी तुर्किये के विरोधी या प्रतिस्पर्धी देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है। यह नई शीत प्रतिद्वंद्विता का संकेत है।

उधर, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की विदेश नीति भी इस समय भारत के लिए गहरी चिंता का विषय बनती जा रही है। भारत की ओर से सबसे पहले आधिकारिक यात्रा का निमंत्रण मिलने के बावजूद रहमान ने पहले मलेशिया और फिर चीन जाने का फैसला किया। ढाका ने साफ तौर पर यह संदेश देने की कोशिश की कि वह अब केवल भारत पर निर्भर रहने वाली नीति से आगे बढ़ना चाहता है। खास बात यह है कि चीन यात्रा के दौरान तीस्ता परियोजना समेत कई बड़े रणनीतिक मुद्दों पर बातचीत की संभावना जताई जा रही है। साथ ही तारिक रहमान की मलेशिया यात्रा को केवल एक सामान्य विदेश दौरे के तौर पर नहीं देखा जा रहा है। इसके पीछे साफ रणनीतिक सोच दिखाई दे रही है। बांग्लादेश नहीं चाहता था कि नई सरकार की पहली विदेश यात्रा सीधे भारत या चीन में से किसी एक देश की तरफ झुकाव का संकेत दे। यही वजह है कि ढाका ने मलेशिया को पहले पड़ाव के तौर पर चुना, ताकि वह खुद को तटस्थ दिखा सके और भारत, चीन प्रतिस्पर्धा से दूरी बनाने का संदेश दे सके। लेकिन इसके राजनीतिक और सामरिक मायने काफी बड़े हैं। मलेशिया यात्रा के बाद चीन जाने की तैयारी यह संकेत देती है कि बांग्लादेश अब अपनी विदेश नीति को नए संतुलन के साथ आगे बढ़ाना चाहता है। इससे भारत की चिंता इसलिए बढ़ रही है क्योंकि ढाका अब एक साथ चीन, तुर्किये, पाकिस्तान और अन्य इस्लामी देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की दिशा में बढ़ता दिख रहा है। यह आने वाले समय में भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौती को और कठिन बना सकता है।

देखा जाये तो भारत के लिए यह समय बेहद सतर्क रहने का है। पाकिस्तान के साथ तुर्किये की साझेदारी पहले ही चिंता का कारण थी, लेकिन अब यदि बांग्लादेश भी उसी धुरी का हिस्सा बनने लगता है, तो यह भारत की पूर्वी सुरक्षा संरचना के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। हालांकि भारत को कम करके आंकना ढाका, इस्लामाबाद और अंकारा तीनों की सबसे बड़ी भूल साबित हो सकती है। भले ही बांग्लादेश चीन, पाकिस्तान और तुर्किये के साथ मिलकर नए समीकरण बनाने की कोशिश करे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति बेहद दूरदर्शी और बहुस्तरीय मानी जाती है। कभी कभार ऐसा लग सकता है कि भारत चुप क्यों है, लेकिन इतिहास गवाह है कि सही समय आने पर प्रधानमंत्री मोदी का जवाब बेहद सटीक और ताकतवर होता है। कूटनीति का जवाब कूटनीति से और रणनीतिक चालों का जवाब उससे भी बड़ी चाल से देना ही मोदी की कार्यशैली रही है। यही वजह है कि आज भारत केवल अपने विरोधियों की गतिविधियों पर नजर नहीं रख रहा, बल्कि उनके हर कदम का जवाब देने के लिए समानांतर रणनीतिक मोर्चे भी तैयार कर रहा है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## पाप, कानून और लोकलाज- भय के तीन सबसे बड़े पहरेदार

**(अखिलेश श्रीवास्तव)**

हमारे चतुर्दिक भय का एक घना आवरण निर्मित है। ऐसा आवरण, जो हमारे जीवन की अनिवार्यता बन चुका है। हम 'होमो सेपियंस' यानी मानव प्रजाति के प्राणधारी, एक भ्रूण के रूप में अपनी मां के गर्भ में आने से लेकर इस दुनिया को अलविदा कहने तक की यात्रा में हर क्षण भय के साए में ही जीते हैं। जन्म के बाद मनुष्य आजीवन भय में ही जीता है।

बचपन में माता-पिता बच्चे पर निरंतर 'यह करोज वह करोज यह मत करोज वह मत करो' के चाबुक चलाते रहते हैं। निर्देशों की रंचमात्र भी अवहेलना करने पर वे बच्चे को डांट-फटकार, तिरस्कार और पिटाई तक की सजा दिया करते हैं। परिणामस्वरूप बच्चा अपने बचपन को स्वच्छंद होकर नहीं जी पाता। बहुत सारे काम वह अपनी अनिच्छा के बावजूद सिर्फ मां-बाप की नाराजगी और सजा के भय के कारण करता है। यहां तक कि बहुत सारे कार्य, जो उसे स्वाभावतः करने चाहिए, उन्हें भी वह भयवश करने का आदी हो जाता है।

भय में जीने की बचपन में पनपी यह प्रवृत्ति आदमी को जीवनपर्यंत अपने पाश में ग्रसित किए रहती है। बच्चा विद्यालय जाता है, तो पढ़ाई वह आमतौर पर शिक्षक के भय के कारण करता है। उसके भविष्य की दिशा माता-पिता निर्धारित करते हैं और बच्चा उसे स्वीकार कर लेता है। हो सकता है कि बच्चा चित्रकार बनना चाहता हो और माता-पिता उसे डॉक्टर बनाने पर तुले हों। हो सकता है कि बच्चे की रुचि संगीत में हो, लेकिन उसके मां-बाप उसे प्रशासनिक अधिकारी बनाने की महत्त्वाकांक्षा पाले बैठे हों। चूंकि बच्चा अपनी आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह अपने माता-पिता पर निर्भर होता है, इसलिए उस निर्भरता के भय के कारण वह माता-पिता द्वारा निर्धारित दिशा में चल पड़ता है।

आदमी को दया, करुणा, ममता और सहिष्णुता जैसे मानवीय गुणों से संपृक्त करने में भी भय की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चा यदि खेल-खेल में या गलती से भी एक चींटी या किसी कीड़े को मार दे, तो अभिभावक उसे तुरंत 'पाप लगने' का भय दिखाता है। झूठ बोलोगे, तो पाप लग जाएगाज चोरी करोगे, तो पाप लग जाएगाज बड़ों की बात नहीं मानोगे, तो पाप लग जाएगा। यह पाप लगने का भय आदमी की बाल्यावस्था में इतना घनीभूत रहता है कि उसके अचेतन में सदा-सर्वदा के लिए अंकित हो जाता है। फिर आदमी आजीवन पाप के भय से संचालित होता रहता है।

दुनिया का चाहे कोई भी धर्म हो, सभी का अस्तित्व भय के आधार पर ही टिका है। हर धर्म के फैलाव का कारक उसे न मानने से होने वाली हानि या सजा का भय ही है। स्वर्ग, नरक, मोक्ष, मुक्ति आदि की धारणाएं भय के ही औजार हैं। आदमी अगर किसी विषम स्थिति में फंस जाता है या उसे किसी अनिष्ट की आशंका होती है, तो वह तत्काल अपने आराध्य की शरण में भागता है। आराध्य के पास उसके जाने का कारण उसके प्रति भक्ति या प्रेम कितना होता है, यह कहना कठिन है, लेकिन उस अनिष्ट की आशंका जरूर होती है, जिससे वह बचना चाहता है। अनिष्ट या मरणोपरांत नरक का भय न हो, तो उपासना गृहों में ताले पड़ जाएं। ऐसे भी लोग होते हैं, जो आदमी के अचेतन में बैठे भय को उद्वेलित करके अपना उल्लू सीधा करते हैं।

भय का एक सार्थक पक्ष यह है कि अगर भय न रहे, तो आदमी निष्क्रिय हो जाए। यहां तक कि जो कार्य उससे स्वाभाविक प्रक्रिया में अपेक्षित हैं, उनके लिए भी वह भय का कारक ढूंढ़ने लगता है। अधिकतर कर्मचारी नौकरी में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अपना कर्तव्य मानकर नहीं, बल्कि अपने उच्चाधिकारियों के भय या नौकरी पर आंच आने के डर से करते हैं। इसी प्रकार आदमी तमाम सामाजिक रिवाजों तथा मान्यताओं को न चाहते हुए भी सिर्फ लोकलाज और अपयश के भय के कारण ढोता है। यहां तक कि आदमी अपने पारिवारिक जीवन में भी बहुत सारे कार्य और समझौते भयवश, यानी गृहकलह से बचने के लिए करता है। कमजोर लोग बाहुबलियों से मिले अपमान और ज्यादती को उनकी ताकत के भय के कारण चुपचाप सहन कर लेते हैं। पुलिस विभाग का तो सारा दारोमदार ही उनके डंडे के भय की बदौलत है। आदमी की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में भी भय की बहुत बड़ी भूमिका है। देखने में आता है कि सामान्य नियमों का पालन भी आदमी एक जागरूक नागरिक के तौर पर कम, बल्कि कानून के डर के कारण ज्यादा करता है। उदाहरण के लिए, मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, कार में सीट बेल्ट बांधने और वाहन को निर्धारित गति से चलाने के नियम आदमी की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। लेकिन ज्यादातर लोग इन नियमों का पालन अपनी सुरक्षा की सोच से नहीं, बल्कि यातायात पुलिस द्वारा पकड़े जाने और चालान के भय से करते हैं।

# पंडित नेहरू के इंडिया से मोदीजी के भारत तक



**हरदीप सिंह पुरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 जून को हमारे इतिहास के लगातार सबसे लंबे समय तक सेवा में रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। इस दरमियान काफी समय तक भारतीय शासन की सेवा करने के नाते मैं कह सकता हूं कि मोदीजी की उपलब्धि कार्यकाल की लंबाई नहीं है। उन्होंने इस पद पर रहते हुए जो कुछ किया, वास्तविक उपलब्धि वह है।

मोदीजी ने 10 जून, 2026 को प्रधानमंत्री के पद पर अपना लगातार 4399वां दिन पूरा कर लिया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के 1952 में पहली निर्वाचित सरकार से 1964 में उनके निधन तक लगातार प्रधानमंत्री रहने के कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया। 1947 से देखें तो सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री के पद पर रहने का रिकॉर्ड अब भी पंडित नेहरू के नाम ही है। लेकिन मोदीजी ने उन्हें हमारे गणराज्य के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित शासन प्रमुख रहने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इस दरमियान मैंने अपना कामकाजी जीवन शासन के अंदर गुजारा है। इस उपलब्धि में मेरी दिलचस्पी गणित के लिहाज से कम है। मेरी ज्यादा दिलचस्पी इसमें है कि इस उपलब्धि को कैसे मापा जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सिखाया है कि सरकार को इस बात से आंका जाना चाहिए कि कतार के आखिर में खड़े आदमी तक क्या कुछ पहुंचता है। इसे ही अंत्योदय कहते हैं। पंडित नेहरू के 'इंडिया' और मोदीजी के 'भारत' के बीच का फासला वह दूरी है जिसे इस आखिरी आदमी ने तय किया है।

एक निष्पक्ष मूल्यांकन करें तो देखते हैं कि पंडित नेहरू को विरासत में क्या मिला था। उन्हें विरासत में एक ऐसा विभाजित उपमहाद्वीप मिला जो इतिहास के सबसे बड़े जबरन विस्थापन से जूझ रहा था, दो सदियों के औपनिवेशिक शोषण से खोखली हो चुकी अर्थव्यवस्था मिली, ऐसी आबादी मिली जिसमें पाँच में से एक से भी कम लोग पढ़-लिख सकते थे और औसत उम्र तीस साल के आस-पास थी। उस विरासत के आधार पर उन्होंने एक ऐसा संवैधानिक लोकतंत्र खड़ा किया जो टिका रहा, जबकि एक के बाद एक स्वतंत्र हुए कई अन्य देश सेना के जनरलों या तानाशाहों के कब्ज़े में चले गए। 'योजना आयोग' दिशा तय करता था, सार्वजनिक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर मजबूत पकड़ थी और लाइसेंस प्रणाली यह तय करती थी कि कौन क्या उत्पादन कर सकता है। विश्वविद्यालय, प्रयोगशालाएँ, परमाणु और अंतरिक्ष कार्यक्रम - आज़ाद भारत की संस्थागत नींव उन्हीं वर्षों में रखी गई थी। मैं 1974 में विदेश सेवा में आया और जिस भारत का मैंने प्रतिनिधित्व किया, वह एक गंभीर देश था जिसने अपनी व्यवस्था की क्षमता के अनुसार पूरी गरिमा के साथ अभावों का सामना करने का रास्ता चुना था।

उस व्यवस्था की कीमत तब तक साफ दिखने लगी थी जब तक मैं अपने करियर के मध्य पड़ाव पर पहुँचा। सरकार ने योजनाओं का आवंटन करना तो सीख लिया था, लेकिन वह वितरण करना नहीं सीख पायी थी। दिल्ली में घोषित किसी योजना और गाँव में मिलने वाले लाभ के बीच का जो फ़ासला था, वहीं सारा पैसा गायब हो जाता था। एक पूर्व प्रधानमंत्री का यह मानना कि हर एक रुपये में से सिर्फ पंद्रह पैसे ही गरीबों तक पहुँच पाते हैं, इस मॉडल पर अपने आप में एक बड़ा सवाल था। सरकार योजना तो बना सकती थी, लेकिन वह लोगों तक पहुँच नहीं पाती थी।

2014 में मोदी जी को जो विरासत मिली, उसका भी उतना ही ईमानदार मूल्यांकन होना चाहिए। उन्होंने एक ऐसी अर्थव्यवस्था की कमान संभाली थी जिसे बाज़ार ने 'फ़्रैजाइल फ़ाइव' (पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं) की श्रेणी में रखा था; जो अटकी हुई परियोजनाओं के बोझ तले दबी थी, दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति और भ्रष्टाचार से घिरी थी जिसने शासन पर से जनता के भरोसे को ही खोखला कर दिया था। इसका समाधान उन्होंने एक बिल्कुल अलग तरह की व्यवस्था बनाकर किया।

'योजना आयोग' की जगह 'नीति आयोग' ने ले ली, जो राज्यों को निर्देश देने के बजाय उन्हें साथ लेकर चलता है। पहचान (पहचान पत्र), बैंक खाता और मोबाइल फोन को एक साथ जोड़ा गया और सरकार ने बिचौलियों के बजाय, जो चार दशकों से अपना कमीशन ले रहे थे, नागरिकों को सीधे भुगतान करना शुरू कर दिया। 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' एक निर्णायक माध्यम है जो बहुत साधारण लगता है लेकिन इसने शासन के इरादे की बजाय वास्तविक लाभ के मिलने पर ध्यान केंद्रित किया।

इसके बाद जो हुआ, वह एक 'मंच' के रूप में सरकार की नई परिकल्पना थी। भारत ने सार्वजनिक डिजिटल ढांचा और एक ऐसी पहचान व्यवस्था बनाई जो पूरे उपमहाद्वीप में काम करती है। एक ऐसा भुगतान नेटवर्क खड़ा किया गया जिसका आज पूरी दुनिया अध्ययन कर रही है। पचास करोड़ से अधिक जनधन खातों ने उन परिवारों के लिए औपचारिक बैंकिंग के दरवाजे खोल दिए, जहाँ यह सुविधा पहले कभी नहीं पहुँची थी। नीति आयोग के अनुमान के अनुसार, इसी दशक में लगभग पच्चीस करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं और जिस अर्थव्यवस्था को बाजारों ने खारिज कर दिया था, वह अब किसी भी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। जो सरकार कभी नागरिक और उसकी जरूरत के बीच में रुकावट बन जाती थी, वह अब किनारे हटकर उसका आगे बढ़ने का मार्ग बना रही है। 'भारत' शब्द के पीछे यही मूल भावना है।

मैं जिस पद पर हूँ, वहाँ से इस बदलाव के बारे में बात कर सकता हूँ। साल 2014 में, हमारे पेट्रोल में इथेनॉल संमिश्रण का स्तर 1.53 प्रतिशत था। इस वर्ष हम बीस प्रतिशत के स्तर पर पहुँच चुके हैं–एक ऐसा लक्ष्य जो कभी 2030 के लिए तय किया गया था और जिसे हमने आधा दशक पहले ही हासिल कर लिया है। वह पैसा जो कभी कच्चे तेल की खरीद के लिए देश से बाहर चला जाता था, वह अब हमारे किसानों तक पहुँच रहा है, जो हमें अन्न देने वाले 'अन्नदाता' के साथ-साथ अब ऊर्जा देने वाले 'ऊर्जादाता' भी बन गए हैं। इन्हीं वर्षों में, उज्ज्वला योजना ने पहली बार दस करोड़ से अधिक गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुँचाई और इसकी सब्सिडी बिना किसी बिचौलिये के सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी गई। यह 'अंत्योदय' का ही एक रूप है, जो अब लीटर और सिलेंडर के माध्यम से साकार हो रहा है। अब योजनाएँ समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को नज़रअंदाज़ नहीं करतीं, बल्कि उन्हीं को केंद्र में रखकर बनाई जाती हैं।

यही लेखा-जोखा ईंट और स्टील के क्षेत्र में भी दिखाई देता है। 'आवास योजना' के तहत उन परिवारों के लिए लगभग चार करोड़ पक्के मकान बनाए गए हैं, जिनके पास अपना कोई घर नहीं था। 2014 में केवल पांच शहरों में मेट्रो चलती थी, आज बीस से अधिक शहरों में दौड़ रही है। हवाई अड्डों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है, और 'उड़ान' योजना ने उन छोटे शहरों के लोगों के लिए भी हवाई यात्रा मुमकिन बना दी है, जहाँ के लोग पहले सिर्फ़ आसमान से गुज़रते हुए हवाई जहाज़ों को देखा करते थे। रेलवे का लगभग पूरी तरह से विद्युतीकरण कर दिया गया है और अब वहां देश में ही निर्मित सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनें चल रही हैं। ये सब कोई काल्पनिक बातें नहीं हैं। हर बदलाव का मतलब है–लंबी लाइनें खत्म हुईं, सफ़र में अब पूरा दिन बर्बाद नहीं होता और टपकने वाली छत की जगह एक मज़बूत छत मिल गई है।

बाकी चीज़ों के साथ-साथ वित्तीय ढांचा भी बदला। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने, अपनी शुरुआती तमाम दिक्कतों के बावजूद, देश को एक साझा राष्ट्रीय बाजार दिया–एक ऐसा बाजार जिसे बनाने के प्रयास में पिछले दो दशकों की हर वह सरकार नाकाम रही थी जिसने इसके लिए कोशिश की थी। केंद्र और राज्य अब 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' (व्यापार करने की सुगमता) और वितरण (सेवाओं को जनता तक पहुँचाने) की गुणवत्ता पर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं, यह आवंटन को लेकर होने वाले पुराने झगडे से कहीं अधिक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है।

इसी भरोसे ने विदेशों में भारत की छवि को बदला है और देश का प्रतिनिधित्व करने के अपने वर्षों के अनुभव के आधार पर मैं यह बात कह सकता हूँ। पंडित नेहरू की 'गुटनिरपेक्षता' की नीति एक ऐसे गरीब और नए देश के लिए समझदारी भरा कदम था जो किसी एक पक्ष को चुनने का जोखिम नहीं उठा सकता था। वहीं, 'मल्टी-अलाइनमेंट' की मौजूदा नीति एक ऐसे देश का रुख है जो चाहता है कि हर पक्ष उसे अपने साथ जोड़ने की कोशिश करे। भारत अपनी जी-20 की अध्यक्षता को केवल राजधानी तक सीमित रखने के बजाय संघ के हर एक राज्य तक लेकर गया और भारत को 'विकासशील और अल्पविकसित देशों की आवाज के रूप में पेश करने की इस रणनीति ने एक पुरानी विकासात्मक कमजोरी को नेतृत्व के दावे में बदल दिया। जो देश अपने घरेलू स्तर पर नीतियों के क्रियान्वयन को लेकर आश्वस्त होता है, वह दुनिया के सामने एक अलग ही तरह से बात करता है।

इतने बड़े पैमाने पर किये गए काम की समीक्षा तो होती ही है और हमारे देश जैसे बहस-मुबाहिसे वाले लोकतंत्र में तो यह ज़रूर होगी। लेकिन सरकार से पूछे जाने वाले सवाल स्पष्ट रूप से बदल गए हैं और यही इस सफ़र में तय की गई दूरी का पैमाना है। पंडित नेहरू के भारत में यह सवाल पूछा जाता था कि सरकार क्या दे सकती है। मोदी जी के भारत में यह पूछा जाता है कि सरकार क्या काम पूरा करके दिखा सकती है और साथ ही उसका सबूत दिखाने पर भी जोर दिया जाता है।

इसीलिए 10 जून का दिन खास है और इसमें दिनों की गिनती उतनी अहमियत नहीं रखती। पंडित नेहरू ने भारतीय राज्य का ढांचा खड़ा किया था। मोदी जी ने इसे नए सिरे से तैयार किया है ताकि यह उस नागरिक तक पहुंच सके जिसके नाम पर इसे बनाया गया था। मैंने राज्य के इन दोनों रूपों में सेवा की है और मैं जानता हूं कि कतार में खड़ा आखिरी व्यक्ति किस बदलाव को हमेशा याद रखेगा। जो वादा कभी कहीं पहले भरोसे पर मानना पड़ता था, वह अब सीधे उसके अपने हाथों में पहुँच रहा है। यही वह 'विकसित भारत' है जिसे हमने 2047 तक बनाने का संकल्प लिया है और जैसा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था- इसकी शुरुआत, कतार के उसी आखिरी व्यक्ति तक पहुँच कर होती है।

**(लेखक केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

# एमएलसी बना तो हर स्नातक बेरोजगार को दिलाऊंगा पांच लाख : रजनीश

## हजारों स्नातक मतदाताओं की उपस्थिति में लिया सात निश्चय

■ चौहत्तर सालों के इतिहास में पहली बार स्नातक मतदाता संवाद

■ टाऊन हॉल अररिया गवाह बना स्नातक संवाद का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित टाऊन हॉल में कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 में पंजीकृत जिले के लगभग दस हजार स्नातक मतदाताओं के जागरूकता के उद्देश्य से मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के अधिषद सदस्य कोशी पुत्र प्रख्यात शिक्षाशास्त्री रजनीश रंजन, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका मनीषा रंजन, प्राथमिक शिक्षक संघ अररिया के जिला अध्यक्ष अब्दुल कुदुस सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रजनीश रंजन को अररिया के बुद्धजीवीयों ने फूल और माला से स्वागत किया। इस मौके पर चौहत्तर सालों के इतिहास में पहली बार अररिया में किसी व्यक्ति के आह्वान पर हजारों स्नातक बुद्धजीवीयों का महा जुटान देखा गया, जो अररिया जिला के शैक्षणिक उत्थान की ओर संकेत देता है। अररिया का हर एक मतदाता सौ फीसदी इस बार मतदान करेगा । मंगलवार की उपस्थिति में विद्वान अधिवक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में जो एमएलसी है



, उसे आज तक किसी व्यक्ति ने देखा ही नहीं है। साथ ही आज तक कभी भी अररिया या फारबिसगंज व्यवहार न्यायालय की चिंता नहीं की है। उपस्थित प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान एमएलसी ऐसा अदृश्य व्यक्ति हैं, जो न तो सड़क पर न ही सदन में कभी दिखाई पड़ा है। जो भारतीय शिक्षा व्यवस्था की पहली नींव है, जिसका चिंता उन्होंने कभी नहीं किया है। पहली बार हमारी शिक्षा कुल के अग्रज शिक्षा शास्त्री रजनीश रंजन ने हमारे बीच आए हैं। हम समस्त अररिया वासी यह आश्वासन देते हैं कि कि वक्त आने पर सम्पूर्ण परिवर्तन कर दिखाएंगे। कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं अभियंताओं ने कहा कि अररिया के इतिहास में पहली बार बुद्धजीवीयों का समागम आगामी स्नातक चुनाव के साथ साथ अररिया के शैक्षणिक व बौद्धिक विकास में परिवर्तन के मार्ग को प्रशस्त करेगा। रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका सह बीएनएमयु की सीनेट सदस्या मनीषा रंजन ने कहा कि अररिया के स्नातक मतदाताओं के स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। आप सभी ने जिस प्रकार भावी एमएलसी रजनीश रंजन जी में आस्था दिखाते हुए इस भीषण गर्मी में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया है, इसे ताउम्र नहीं भुलाऊंगी। मैं सीमांचल की बेटी हूं आप सभी से आंचल फैलाकर आशीर्वाद मांगने आई हूं। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजनीश रंजन ने कहा कि कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र अररिया जिला के समस्त मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आप सभी ने हमारे निमंत्रण को स्वीकार कर इस जेठ महीने के इस भीषण गर्मी में हजारों की संख्या में उपस्थित होकर जिस प्रकार से हमारा अभिनंदन करते हुए अपना आशीर्वाद और प्यार दिया है, मैं इसे ऋण मानते हुए लेकर जाऊंगा ,वक्त आने पर अररिया को सुद समेत वापस करूंगा। उन्होंने संवाद के दौरान अपना सात निश्चय सदन के सामने रखा, जिसमें पहला निश्चय को गिनाते हुए बेरोजगार युवाओं कों स्वरोजगार हेतु ब्याज रहित 5 लाख रुपए अनुदान ऋण का प्रावधान को प्रमुखता से गिनाया, दूसरे निश्चय के तहत एक पाठ्यक्रम एक वेतनमान को लागू कराते हुए वित्त रहित कलंक को समाप्त करने की बात कही, तीसरे निश्चय के तहत सभी स्नातकों के हेतु जीवन सुरक्षा विमा लागू करने को अपनी प्राथमिकता बताया, चौथे निश्चय के तहत सभी कोटि के शिक्षकों अधिवक्ताओं, पत्रकारों, संविदा कर्मियों एवं बेरोजगार स्नातकों को स्वास्थ्य सुरक्षा हतु कैश लेस इलाज की व्यवस्था देने की मांग को अपना मुद्दा बताया, पांचवा निश्चय के तहत श्री रजनीश रंजन ने सभी कोटि के वकालतखानों के आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण एवं अधिवक्ताओं हेतु हेल्थ वेलेंस सेंटर की स्थापना को अपना चुनावी मुद्दा उठाया, छठे निश्चय के तहत प्रमंडलीय पुस्तकालय के संरचना को सुदृढ़ कराने के साथ साथ जिला अनुमंडल तथा प्रखंड स्तर पर पुस्तकालय एवं ई लाईब्रेरी के स्थापना को सामिल किया गया. अपने सातवें निश्चय में बेरोजगार स्नातकों हेतु मासिक भते को लागू करना अपना।

# जीएनएम छात्राओं के बीच जमीन पर बैठे डीएम

## शिकायत सुनते ही प्राचार्य-शिक्षक बदलने का दिया आदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जीएनएम स्कूल में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही छात्राओं का आंदोलन समाहरणालय पहुंच गया। पहले सड़क जाम कर विरोध जता रहीं छात्राएं बाद में समाहरणालय परिसर पहुंचीं। जहां पहले से कई प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे । इस दौरान नाराज छात्राएं डीएम कार्यालय के नीचे परिसर में ही जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करने लगीं। प्रदर्शन के बीच डीडीसी मौके पर पहुंचे और छात्राओं के बीच बैठकर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। डीडीसी छात्राओं को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दे ही रहे थे कि तभी जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी मौके पर पहुंचे। छात्राओं को जमीन पर बैठा देख डीएम ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए खुद जमीन पर बैठकर छात्राओं की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।छात्राओं ने डीएम के सामने स्कूल की बदहाल व्यवस्था को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए। छात्राओं का कहना था कि स्कूल में साफ-सफाई की स्थिति बेहद दयनीय है। नियमित पढ़ाई नहीं होती, प्रशिक्षण व्यवस्था ठप है और कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। छात्राओं ने अपनी प्रमुख मांगों में शिक्षक काजल कुमारी और प्राचार्य को हटाने की मांग भी जोर-शोर से उठाई। छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर ही सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि स्कूल में नए शिक्षक और प्राचार्य की व्यवस्था सुनिश्चित करे । जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी जायज मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी और कल से ही स्कूल की व्यवस्था में सुधार दिखेगा। डीएम के इस आश्वासन के बाद छात्राओं में उम्मीद जगी कि अब उनकी समस्याओं का समाधान होगा।जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जीएनएम छात्राओं की सभी समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया है तथा उनके समाधान की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि छात्राओं ने पढ़ाई प्रभावित होने, साफ -सफाई की बदहाल स्थिति और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर शिकायत की थी। जांच में प्राचार्य और शिक्षक की भूमिका संतोषजनक नहीं पाए जाने पर दोनों को हटाने का निर्णय लिया गया है तथा जल्द नए प्राचार्य और शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि छात्राओं की पढ़ाई बाधित न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में डाटा एंट्री ऑपरेटर के निधन पर शोक सभा आयोजित

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय, अररिया में पदस्थापित डाटा एंट्री ऑपरेटर कौशल कुमार मंडल का 15 जून 2026 को एक सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। उनके निधन पर जिला प्रशासन की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की गई है। दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त



परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, अररिया के निर्देश पर समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष के बरामदे में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। मौके पर जिला पदाधिकारी विनोद दूहन, अपर समाहर्ता, अररिया सहित समाहरणालय एवं अनुमंडल कार्यालय के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से दिवंगत कर्मी के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया गया। शोक सभा में समाहरणालय एवं अनुमंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शहर के वार्ड संख्या 36 में सहयोग शिविर का शुभारंभ

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम कटिहार की ओर से नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से वार्ड संख्या 36 स्थित गरेड़ी टोला में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर निगम के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा



दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके वार्ड स्तर पर ही सुनिश्चित करना है। ताकि लोगों को नगर निगम कार्यालय जाना नही पड़ें। शिविर में नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं, शिकायतों एवं जनसुविधाओं से जुड़े मामलों का निष्पादन किया गया। शिविर के दौरान नागरिकों ने जलापूर्ति, सफाई व्यवस्था, नाली निर्माण, सड़क मरम्मत, होल्डिंग टैक्स,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य नगर निगम सेवाओं से संबंधित अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नगर निगम प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सरकारी योजनाओं एवं नगर निगम की सेवाओं का लाभ उठाएं।कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि,वार्ड पार्षद, नगर निगम के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि नगर निगम कटिहार का स्पष्ट संदेश है कि समाधान आपका, सहयोग हमारा — आपकी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु नगर निगम सदैव तत्पर है।

### नये आयकर अधिकारी का सीए ने किया स्वागत

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार सीए सीपीई चैप्टर की ओर से आयकर अधिकारी आईटीओ कटिहार के रूप में पदभार ग्रहण करने पर संजीत आनंद को हार्दिक बधाई एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समुदाय के सदस्यों ने श्री आनंद को नई जिम्मेदारी ग्रहण करने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके सफल एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल की कामना की। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, प्रशासनिक दक्षता एवं सकारात्मक कार्यशैली से आयकर विभाग, कटिहार की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी तथा करदाताओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम के



दौरान आयकर विभाग एवं कर पेशेवरों के मध्य बेहतर समन्वय, पारदर्शिता एवं सहयोग की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श किया गया।वक्ताओं ने कहा कि ऐसे व्यावसायिक संवाद विभाग एवं कर सलाहकारों के बीच आपसी समझ को मजबूत बनाने के साथ-साथ कर अनुपालन को भी बढ़ावा देते हैं।चैप्टर के पदाधिकारियों ने श्री संजीत आनंद का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विभाग एवं पेशेवर समुदाय के बीच सकारात्मक संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे तथा करदाताओं के हित में प्रभावी कार्य संपादित किए जाएंगे।कार्यक्रम के अंत में श्री संजीत आनंद को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्वल, सफल एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### बरेटा पंचायत में सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़

**फरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से बरेटा पंचायत भवन में मंगलवार को एक दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में स्वास्थ्य, राशन, बिजली, मनरेगा, राजस्व समेत विभिन्न विभागों के अलग-अलग



काउंटर लगाए गए, जहां अधिकारियों और कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर आवेदनों का निष्पादन शुरू किया। शिविर में लोगों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। प्राप्त आवेदनों में राजस्व विभाग से संबंधित 50, पेंशन योजना से जुड़े 50, राशन विभाग के 26, मनरेगा के 23 तथा स्वास्थ्य विभाग के 4 आवेदन शामिल रहे।अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि अन्य आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। शिविर के दौरान मुखिया मेहरून निशा एवं सरपंच मोहसीन खातून ने मौजूद रहकर लोगों को आवेदन प्रक्रिया और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने में सहयोग किया। वहीं रुखसाना खातून, राजीव चौधरी,मुखिया प्रतिनिधि जोहर आलम, बकरुदीन अंसारी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में एमओ आदर्श कुमार, पीआरएस चंदन कुमार,स्वास्थ्य विभाग के पीएन झा, सेमापुर थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार, क्राइम ब्रांच के इकबाल अहमद खान समेत विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद थे।

# 102 एम्बुलेंस के चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों की मांगों को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** स्थानीय संयुक्त श्रम भवन में श्रम अधीक्षक पीटर मिंज के अध्यक्षता में 102 एम्बुलेंस के चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों यह विभिन्न मांगों को लेकर एक त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। जिसमें जैन प्लस एजेंसी के अधिकृत प्रतिनिधि एचआर हेड विनीत कुमार, ओएम विजित श्रीवास्तव, क्लस्टर प्रमुख कुमार सिंह, पवन शर्मा एवं 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक भाजपा मजदूर नेता विकास सिंह, अध्यक्ष अमर सिंह, सचिव अब्दुल मतीन, कोषाध्यक्ष मणिकांत झा, सुपौल जिला अध्यक्ष किशोर देव,अरुण कुमार, मोहम्मद मुस्लिम



मुजफ्फरपुर, चंदन कुमार सहरसा, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार मधेपुरा जिला के अध्यक्ष के अलावा 50 से 60 102 के कर्मचारी त्रिपक्षीय वार्ता में उपस्थित रहे। श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने बताया कि त्रिपक्षीय वार्ता में कई बिंदुओं पर समझौता हुआ है। जिसमें 102 एंबुलेंस के चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी कुशल श्रमिक का 551 रुपया दिया जाएगा। कार्य से बैठे तीन कर्मचारी सोनू कुमार, मनोज कुमार एवं आनंद कुमार को पटना कार्यालय में माफीनुमा आवेदन देने के एक सप्ताह के अंदर कार्य पर बहाल कर लिया जाएगा। 17 जून को सभी कर्मचारियों को सदर अस्पताल के प्रांगण में क्लस्टर प्रमुख कुमार सिंह के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। भविष्य निधि इपीएफ , कर्मचारी राज्य बीमा निगम ईएसआईसी, सभी कर्मचारियों का संबंधित कार्यालय में ससमय अंशदान जमा किया जाएगा। स्वर्गीय धीरज महतो के परिजनों के द्वारा पटना कार्यालय में एफआईआर सहित अन्य कागजात एक सप्ताह के अंदर पटना कार्यालय में जमा करने के 15 दिनों के अंदर परिजन के खाते पांच लाख रुपए 500000 जैन प्लस एजेंसी के द्वारा जमा कर दिया जाएगा। कर्मचारियों को ओवर टाइम का प्रोत्साहन राशि ससम्मान दिया जाएगा।

# घायल विक्षिप्त व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार) ।** फलका पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के मांगनपट्टी महादलित टोला के पास से घायल अवस्था में रेस्क्यू किए गए एक अज्ञात मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब चालीस वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि बीते सोमवार को गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि मांगनपट्टी महादलित टोला के समीप एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलका में भर्ती कराया। जहां सोमवार की देर रात इलाज के क्रम में उस अज्ञात व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव की शिनाख्त के लिए उसे अगले 72 घंटों तक शीतगृह मच्युर्री में सुरक्षित रखा जाएगा।अगर इस समयावधि के भीतर भी शव की पहचान नहीं हो पाती है।

# जन सहयोग एवं जनकल्याण शिविर का डीएम ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** बिहार सरकार के निदेर्शानुसार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रखंड मुख्यालय में जन सहयोग एवं जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी तथा अपर समाहर्ता डॉ. बिनोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।यह शिविर लगातार तीन दिनों तक प्रखंड मख्यालय में आयोजित होगा। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के लोग अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दे सकेंगे।वहीं महिने के तीसरे मंगलवार का जन सहयोग शिविर द्वाशय पंचायत मुख्यालय में आयोजित हुआ। जहां विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन लिया जा रहा था। इस



दौरान केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के लाभुकों के आवेदन के निष्पादन का कार्य भी तेजी से किया जा रहा था।डीएम तथा एडीएम ने शिविर का निरीक्षण किया।उनके द्वारा निष्पादित आवेदनों का प्रमाण पत्र भी लाभुकों को प्रदान किया। प्रखंड मुख्यालय के शिविर में समाज कल्याण विभाग के 09,राजस्व विभाग के 08,सांख्यिकी विभाग के 05,जीविका से संबंधित 01 आवेदन प्राप्त हुआ।जीविका के प्राप्त आवेदन का ऑन द् स्पॉट निष्पादन कर लाभुक प्रियंका कुमारी को इसका प्रमाण पत्र भी जिला पदाधिकारी द्वारा प्राप्त करा दिया गया।अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा शिविर आयोजन का उद्देश्य आमजनों की समस्या का निश्चित अवधि 30 दिनों के अंदर कराना,तथा सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों की तत्परता से आवेदनों का निष्पादन भी तेजी से हो रहा है।उन्होने उपस्थित लोगों से अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय में लगातार तीन दिनों तक चलने वाले शिविर में आवेदन देने अपील करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का 30 दिनों के भीतर निष्पादन कर दिया जाएगा।प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर पंचायती राज प्रतिनिधियों ने बुके देकर पदाधिकारी द्वय का स्वागत किया।

# डीएम ने सहयोग शिविर का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** हसनगंज प्रखंड के जगरनाथपुर पंचायत में थाना प्रांगण एवं प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया था। शिविर का निरीक्षण पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद एवं जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने किया। शिविर मे लगे स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर जिला पदाधिकारी ने अपना चेकअप करवाया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सभी प्रखंडों में सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री जी की



मंशा है कि सात निश्चय तीन के अंतर्गत "सबका सम्मान जीवन आसान" इस शिविर में सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है,उनका लाभ प्राप्त करने के लिए सीधे प्रखंड स्तर पर जो भी उनकी समस्याएं हैं उनको बता सकते हैं,और जो भी योजनाओं को प्राप्त करने के पात्र हैं उसे प्राप्त के सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि किसी को भी किसी योजना का लाभ लेने में समस्या हो रही है तो पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर के साथ साथ तीन दिन तक 16,17 और 18 ता तक सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, वहां भी आकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

# आंधी-तूफान से सड़क पर गिरा विशालकाय पेड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के जगरनाथपुर पंचायत के महमदिया हाट काली स्थान समीप मुख्य सड़क में रात्रि आई तेज आंधी-तूफान में सड़क के बीचोंबीच एक विशालकाय कदम का पेड़ गिरने से दो बिजली खंभा क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ पुरी रात बिजली आपूर्ति बाधित रही। साथ ही घंटों यातायात बाधित होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। मौके पर एक व्यक्ति का टीन छप्पर से बना ठाठ भी क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क पर पेड़ गिरने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार पेड़ गिरने के दौरान बिजली



के दो खंभे भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गए, जिसके कारण इलाके की बिजली आपूर्ति घंटों से ठप रही। बिजली बाधित होने से लोगों को गर्मी और अन्य दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हृदय नारायण उरांव सहित मौजूद ग्रामीण योगेंद्र यादव, प्रल्हाद कुमार, प्रकाश मंडल, प्रितम कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी-तूफान के कारण यह घटना हुई है। उन्होंने कहा कि सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुआ है। साथ ही बिजली के खंभे टूटने से पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया है।

# जिले की 12 पंचायतों एवं सभी नगर निकायों के 11 वार्डों सहित सभी प्रखंड में सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिले में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 12 पंचायतों एवं सभी नगर निकायों के 11 वार्डों में सहयोग शिविर सहित सभी प्रखंड में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में डॉ. राम चंद्र प्रसाद, माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री, अररिया जिला द्वारा वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से सदर प्रखंड के मनरेगा सह आईटीसी भवन रामपुर मोहनपुर पश्चिम में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, अररिया श्री विनोद दूहन द्वारा भी





आम लोगों की समस्याओं को सुनते हुए त्वरित निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी आमजनों को दी। जिलाधिकारी द्वारा पंचायत भवन, जागीर परासी, प्रखंड कुसाकांटा में आयोजित सहयोग शिविर का भी निरीक्षण किया गया।

इस क्रम में उन्होंने उपस्थित आम लोगों से संवाद कर नल-जल, ग्रामीण सड़क, बिजली, राशन तथा गांव की आम समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। पीएचईडी के कनीय अभियंता को निर्देशित किया गया कि 15 दिनों के अंदर जहां पानी व्यवस्था नहीं है, वहां नल-जल के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार बिजली आपूर्ति के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीण सड़कों की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन संबंधित पदाधिकारी को उपलब्ध कराने तथा आवश्यकतानुसार मरम्मती का भी निर्देश दिया गया। वहीं जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर आयोजित किए गए, जहां विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में आमजनों की समस्याएं सुनी गई तथा योजनाओं से संबंधित लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रेतर कईवाई सुनिश्चित की गई। साथ ही, तृतीय मंगलवार के अवसर पर जिले की 12 पंचायतों एवं सभी नगर निकायों के चिन्हित 11 वार्डों में शिविर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन दिए। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिल में 17 एवं 18 जून 2026 को भी जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा, ताकि अधिकाधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## पेट्रोल-डीजल का दाम बढ़ाने से सुधरी सरकारी तेल कंपनियों की सेहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी कंपनियों को भारी राहत मिली है। कच्चे




तेल के अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दाम घटने से पेट्रोल पर होने वाले नुकसान में 83 फीसदी की भारी कमी आई है। डीजल पर भी नुकसान 75 फीसदी घटा है। यह जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से दी गई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को बताया कि पेट्रोल और डीजल पर अंडर-रिकवरी पहले की तुलना में काफी घट गई है। हालांकि अभी भी रसोई गैस सिलेंडर पर कंपनियों को बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस समय ओएमसी को हर लीटर पेट्रोल की बिक्री पर 30 रुपये का जबकि हर लीटर डीजल की बिक्री पर 27 रुपये का घाटा हो रहा है। एक अप्रैल 2026 को इन कंपनियों को पेट्रोल बेचने पर 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल बेचने पर 105 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ने और घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में चार बार की बढ़ोतरी से इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम जैसी ओएमसी का घाटा कम हुआ है। लेकिन अभी भी इन्हें हर रोज 600 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। बीते 18 मई को हर रोज का घाटा 750 करोड़ रुपये था। यदि इस साल एक अप्रैल के मुकाबले देखें तो आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल के घाटे में भारी कमी हुई है। सुजाता शर्मा के मुताबिक पेट्रोल बेचने में हो रहे घाटे में इस अवधि के दौरान 83 फीसदी की भारी कमी हुई है। वहीं डीजल बेचने में हो रहे घाटे में 75 फीसदी की कमी आई है।

## 115 अरब डॉलर! अडानी और मित्तल की कुल नेटवर्थ से ज्यादा एक दिन में कमा गए मस्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेसएक्स की लिस्टिंग के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ रॉकेट के स्पीड से बढ़ रही है। सोमवार को कंपनी के शेयरों में करीब 20 फीसदी तेजी आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में 164 अरब डॉलर (करीब 1,55,14,83,46,00,000 रुपये) की तेजी आई। यह गौतम अडानी (115 अरब डॉलर) और लक्ष्मी मित्तल (40.8 अरब डॉलर) की कंबाइंड नेटवर्थ से ज्यादा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 1.27 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुकी है। पिछले तीन सत्र में उनकी नेटवर्थ 500 अरब डॉलर से ज्यादा बढ़ी है। मस्क और दूसरे नंबर पर मौजूद लैरी पेज की नेटवर्थ में अब 950 अरब डॉलर से ज्यादा का अंतर हो गया है। स्पेसएक्स का शेयर शुक्रवार को शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। इस कंपनी में एलन मस्क की करीब 42 फीसदी हिस्सेदारी है। मस्क को कंपनियां दुनिया की 10 टॉप वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में शामिल हैं। स्पेसएक्स 2.519 ट्रिलियन डॉलर के साथ ही इस लिस्ट में छठे और टेस्ला 1.544 ट्रिलियन डॉलर के साथ दसवें नंबर पर है।

### मई में 3.42 बिलियन डॉलर पर आ गया, सिल्वर इंपोर्ट भी घटा

# सोने-चांदी के आयात में भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की थी। साथ ही सरकार ने 12 मई को सोने-चांदी पर आयात शुल्क 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। इसका असर देखने को मिल रहा है। मई में गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 34 प्रतिशत अधिक रहा, लेकिन अप्रैल के मुकाबले इसमें कमी आई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सोने का आयात अप्रैल के 5.63 बिलियन डॉलर से 39.3 प्रतिशत घटकर मई में 3.42 बिलियन डॉलर पर आ गया। सिल्वर इंपोर्ट भी घटा।

सालभर पहले मई में 2.55 बिलियन डॉलर का गोल्ड इंपोर्ट हुआ था। पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल-मई में 5.65 बिलियन डॉलर से 60.1 प्रतिशत बढ़कर इस वित्त वर्ष में गोल्ड इंपोर्ट 9.04 बिलियन डॉलर का रहा। वहीं, चांदी का आयात अप्रैल के 41.1 करोड़ डॉलर से 81.6 प्रतिशत घटकर मई में 7.6 करोड़ डॉलर का रहा। सालभर पहले से भी आयात मई में 86.7 प्रतिशत घटा। मई में देश के कुल आयात में सोने का हिस्सा 6.2 प्रतिशत और चांदी का 0.3 प्रतिशत रहा।

### 6 महीने के हाई पर एक्सपोर्ट

ओवरऑल मई में देश से वस्तुओं का निर्यात सालभर पहले से 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 बिलियन डॉलर




पर पहुंच गया, जो इसका 6 महीनों का ऊंचा स्तर है। व्यापार घाटा सालभर पहले के 21.88 बिलियन डॉलर से बढ़कर 28.21 बिलियन डॉलर पर रहा क्योंकि आयात में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मई में आयात 20.62 प्रतिशत बढ़कर 73.41 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका 3 महीनों का ऊंचा स्तर है। हालांकि अप्रैल के 28.38 बिलियन डॉलर के मुकाबले मई में व्यापार घाटा कम रहा।

### अगले हफ्ते से ट्रेड वार्ता

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर अगले हफ्ते भारत आएंगे। अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से 23 और 24 जून को बातचीत होगी।

## तीन दिन की तेजी के बाद सोने पर लगा ब्रेक, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में तीन दिन से चली आ रही तेजी पर आज ब्रेक लग गया। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोने फ्लैट ट्रेड कर रहा है जबकि चांदी की कीमत में गिरावट आई है। सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है जबकि चांदी फ्लैट है। पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद में कच्चे तेल में मामूली गिरावट आई है। एमसीएक्स पर 5 अगस्त की डिलीवरी वाला




सोना पिछले सत्र में 1,52,916 रुपये पर प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और आज यह 1,52,891 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,52,825 रुपये तक लो और 1,53,161 रुपये तक हाई गया। 10.15 बजे यह 6 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 1,52,910 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। चांदी की कीमत दूसरी ओर चांदी की कीमत में शुरुआती कारोबार में करीब 1,800 रुपये की गिरावट आई। पिछले सत्र में यह 251458 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी और आज 2,50,457 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 1,767 रुपये की गिरावट के साथ 2,49,691 रुपये तक फिसली। सुबह 10.20 बजे यह 1,674 रुपये की गिरावट के साथ 2,49,784 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 160 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट वाला सोना भी 150 रुपये की गिरावट के साथ 1,38,750 रुपये पर आ गया जबकि 18 कैरेट वाला सोना 120 रुपये नीचे 1,13,530 रुपये पर है। चांदी 2,65,000 रुपये प्रति किलो पर फ्लैट है।

## लॉजिस्टिक कंपनी ए-1 को मिला करोड़ों के ऑर्डर तो अपर सर्किट में पहुंचे शेयर



**मुंबई, ऐंसी।** लॉजिस्टिक्स सेक्टर की कंपनी ए-1 लिमिटेड ने बताया है कि उसने प्रमुख औद्योगिक घरानों से 35 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं। इससे चालू वित्तीय वर्ष में उसकी रेवेन्यू विजिबिलिटी मजबूत हुई है। इसके साथ ही कंपनी के शेयर अपर सर्किट में पहुंच के बंद होने लगे हैं। कंपनी की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, नए ऑर्डर्स में सोलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड और महाधन एग्रीटेक शामिल हैं। ये कंपनियां दीपक फर्टिलाइजर्स की सहायक कंपनी हैं। इन दोनों कंपनियों से 12 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। इसके साथ ही साईं बाबा पॉलीमर से 11 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी मिले हैं।

### क्या कहना है कंपनी का

लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षदकुमार पटेल ने कहा, 'ये ऑर्डर एक्सप्लोसिव, मैन्युफैक्चरिंग और फर्टिलाइज़र सेक्टर में काम करने वाली प्रमुख कंपनियों से मिले हैं, जो ए-1 लिमिटेड की प्रोडक्ट क्वालिटी, सप्लाई क्षमता और काम को भरोसे के साथ पूरा करने की काबिलियत पर बढ़ते भरोसे को दिखाते हैं। इंडस्ट्री की जानी-मानी कंपनियों से ये ऑर्डर मिलना हमारी ऑपरेशनल क्षमता, प्रोडक्ट क्वालिटी और कस्टमर-केंद्रित नज़रिए की एक बड़ी मान्यता है। ये कॉन्ट्रैक्ट न केवल हमारी ऑर्डर पाइपलाइन को मजबूत करते हैं, बल्कि रेवेन्यू की बेहतर विज़िबिलिटी भी देते हैं और इंडस्ट्रियल केमिकल सेक्टर में एक पसंदीदा सप्लाई पार्टनर के तौर पर हमारी स्थिति को और मज़बूत करते हैं।'

इसी महीने पूरा करना है ऑर्डर शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसर ये तीनों ऑर्डर्स इसी महीने मतलब कि जून 2026 में पूरे किए जाने हैं। इससे कंपनी का ऑर्डर बुक मजबूत होगा। साथ ही आने वाले क्वार्टरों के लिए रेवेन्यू विजिबिलिटी भी बढ़ेगी।

ये ऑर्डर एक्सप्लोसिव, मैन्यूफैक्चरिंग और फर्टिलाइज़र सेक्टर में काम करने वाली प्रमुख कंपनियों से मिले हैं, जो लिमिटेड की प्रोडक्ट क्वालिटी, सप्लाई क्षमता और काम को भरोसे के साथ पूरा करने की काबिलियत पर बढ़ते भरोसे को दिखाते हैं। इस महीने की शुरुआत में कंपनी के स्टॉक लोअर और अपर सर्किट के बीच झूल रहे थे। लेकिन पिछले कई कारोबारी दिवस से इसके शेयर अपर सर्किट में फंस रहे हैं। कल इसके शेयर 8.92 रुपये पर बंद हुए थे।

## सरकार बेच रही पीएसयू कंपनी में कुछ हिस्सा, शेयर धड़ाम, 6 प्रतिशत से अधिक टूटा दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में पांच प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेच रही है। इस खबर के सामने आने के बाद कंपनी के शेयरों में आज मंगलवार को स्टॉक लुढ़क गया। बीएसई में जीआईसी का शेयर 370.40 रुपये के स्तर पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद 363.40 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। बता दें, सरकार ने हिस्सेदारी बेचने के लिए 352 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य तय किया है। दो दिन की बिक्री पेशकश (ओएफएस) इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए मंगलवार को और खुदरा निवेशकों के लिए बुधवार को खुलेगी। 352 प्रति शेयर के न्यूनतम कीमत पर 8.77 करोड़ रुपये से ज्यादा शेयरों की बिक्री से सरकारी खजाने को लगभग 3,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। सरकार जीआईसी में दो प्रतिशत इक्विटी बेचेगी, साथ ही ग्रीन शू विकल्प के तहत अतिरिक्त तीन प्रतिशत हिस्सेदारी भी बेची जा सकती है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणिश चावला ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। बता दें, सरकार चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) में हिस्सेदारी बेचकर पहले ही 13,389 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। इस बार के बजट स्पीच में केंद्रीय वित्त मंत्री ने पहले ही कह दिया था कि फाइनेंशियल ईयर में कुल 80,000 करोड़ रुपये डिसइनवेस्टमेंट से जुटाए जाएंगे।

## कच्चे तेल में गिरावट के बीच सरकार का बड़ा फैसला, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की खबर से सोमवार को कच्चे तेल की कीमत में काफी गिरावट आई। इस बीच सरकार डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है जबकि पेट्रोल पर टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में बढ़ोतरी 16 जून से लागू होगी और 30 जून तक रहेगी। साथ ही, घरेलू खपत




के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई व्यवस्था के तहत डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) की दर बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 13.5 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी बढ़ाकर 12.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 9.5 रुपये प्रति लीटर था। पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली शुल्क दर में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 1.5 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान देश में तेल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। सरकार ने 26 मार्च को डीजल और ज्ञन्न पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई थी और हर दो हफ्ते में इसकी दर में बदलाव किया था। फिर 16 मई को सरकार ने पेट्रोल पर भी एक्सपोर्ट ड्यूटी लगा दी थी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि एक्सपोर्टर्स कीमतों में अंतर का गलत फायदा न उठा सकें।




## अमेरिका-ईरान डील के बाद होर्मुज पार करने वाले भारतीय टैंकर ने रचा इतिहास, लदी है 62,370 टन एलएनजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान समझौते की घोषणा के बाद एक भारतीय लिक्विफाइड नेचुरल गैस टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरा है। यह ऐसा करने वाले शुरुआती बड़े कमर्शियल जहाजों में से एक बन गया है। होर्मुज दुनिया के सबसे अहम एनर्जी कॉरिडोर में से एक है। भारतीय टैंकर का गुजरना इस स्ट्रेट के जरिए शिपिंग की सावधानीपूर्वक बहाली का संकेत है। एलएनजी कैरियर 'दिशा' ने सोमवार को रणनीतिक रूप से अहम इस जलमार्ग को पार किया। इसके 18 जून को गुजरात के दाहेज बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। यह जहाज कतर से 62,370 टन स्न्हत लेकर आ रहा है। इसे शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाला एक कंसोर्टियम मैनेज कर रहा है।

संघर्ष के दौरान इस क्षेत्र से गुजरने वाले कई जहाजों के उलट 'दिशा' ने पूरी यात्रा के दौरान अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम चालू रखा। लगातार अपनी लोकेशन और डेस्टिनेशन की जानकारी भेजता रहा। जहाज ने स्ट्रेट से गुजरने वाले स्टैंडर्ड कमर्शियल शिपिंग रूट का पालन किया। इसमें ईरान के लराक द्वीप के पास का समुद्री इलाका भी शामिल था।

**भारत के झंडे वाले इतने जहाज होर्मुज से गुजरे:** पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, इस साल की शुरुआत में तनाव बढ़ने के बाद से भारत के झंडे वाले 10 जहाज और विदेशी झंडे वाले पांच जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजर चुके हैं। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री 'चोकपॉइंट्स' (संकरे समुद्री रास्तों) में से एक है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।

### इस तरह रच दिया इतिहास

मैरीटाइम ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि शुरुआती अमेरिका-ईरान समझौते की घोषणा के बाद इस स्ट्रेट से गुजरने वाले शुरुआती कमर्शियल जहाजों में 'दिशा' शामिल था। अपनी यात्रा फिर से शुरू करने से पहले यह टैंकर संघर्ष के दौरान तीन महीने से अधिक समय तक फारस की खाड़ी में फंसा रहा था।

### ट्रंप की घोषणा के बीच हुआ ऐसा

यह घटनाक्रम तब हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच अहम समझौते के बाद तेल से लदे जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने लगे हैं। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट से जहाज गुजरने लगे हैं। इनमें से कई तेल से लदे हैं।' उन्होंने कहा कि जहाज उस रास्ते से गुजर रहे हैं जिसे उन्होंने सुरक्षित मार्ग बताया।

# विदेश में 25 लाख की नौकरी छोड़कर लौट आए गांव

### ऐसा किया काम कि अब 25 करोड़ का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रवि सिंह यूपी के आजमगढ़ के रामनगर गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने गांव में ही सफल कारोबार खड़ा कर दिया है। विदेश में 25 लाख रुपये की नौकरी छोड़कर उन्होंने 2020 में इसकी नींव रखी थी। इसका नाम 'अभि मशरूम्स' है। यह पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा मशरूम प्रोडक्शन सेंटर बन गया है। हर दिन यह 25-30 क्विंटल मशरूम का उत्पादन करता है। इसका टर्नओवर 25 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आइए, यहां रवि सिंह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

रवि सिंह पढ़ाई पूरी करने के बाद एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगे थे। 2001 में उन्हें जापान में आईटी इंजीनियर के तौर पर काम करने का मौका मिला। इस नौकरी में उनका सालाना पैकेज 25 लाख था। यह और बात है कि रवि इससे संतुष्ट नहीं थे। उनके मन में छटपटाहट थी। वह हमेशा से कुछ बड़ा करना चाहते थे। लेकिन, सिर्फ अपने लिए नहीं। अपने गांव के लोगों के लिए भी।

आखिरकार रवि ने बहुत विचार करने के बाद नौकरी छोड़कर गांव लौटने का मन बना लिया। वतन वापसी के बाद उन्होंने कई दिन तक नेटवर्क मार्केटिंग में भी हाथ आजमाए। लेकिन, मुकद्दर में कुछ और ही लिखा था। यह उन्हें खींचकर कहीं और ले जाना चाहता था।

रवि सिंह ने 2020 में सिर्फ तीन कमरे, सरकारी सहायता और 20-25 लाख रुपये के निवेश के साथ मशरूम की खेती शुरू की। आगे जो हुआ, वह उस



तरह की सफलता की कहानी है जिसका सपना हर गांव देखता है। अब सालाना 25 करोड़ का टर्नओवर केवल तीन सालों में रवि का ब्रांड 'अभि मशरूम्स' पूर्वांचल में सबसे बड़ा मशरूम प्रोडक्शन सेंटर बन गया। यह हर दिन 25-30 क्विंटल मशरूम का उत्पादन करता है। 250-300 रुपये किलो में बिकने वाले मशरूम के साथ रवि का कारोबार अब हर रोज बिक्री में 5-6 लाख रुपये और सालाना 25 करोड़ रुपये का टर्नओवर करता है।

### गांव में ही पैदा किया रोजगार

रवि ने अपने गांव और आस-पास के क्षेत्रों से 150 से अधिक लोगों के लिए नौकरियां पैदा की हैं। आजमगढ़ को एक संपन्न मशरूम सेंटर और ग्रामीण उद्यमिता का प्रतीक बना दिया है।

जापान के टेक ऑफिस से लेकर गांव के खेत तक रवि सिंह ने न केवल एक व्यवसाय बनाया, बल्कि एक आंदोलन भी खड़ा किया है। उन्होंने दिखाया है कि गांव और दूर-दराज के इलाकों से भी बड़ा कारोबार खड़ा करना मुमकिन है।

# अब बरसेगा भारत पर पैसा और थमेगी रुपये की गिरावट! आरबीआई ने रिटेल निवेशकों की दी बड़ी सौगात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार से काफी पैसा निकाला है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ा है और उसमें गिरावट आई है। इस बीच आरबीआई ने एक बड़ा कदम उठाया है। उसने बजट के एक प्रस्ताव को लागू करते हुए सभी विदेशी व्यक्तिगत निवेशकों को भारत में लिस्टेड कंपनियों के शेयर डायरेक्ट खरीदने की इजाजत दे दी है। यानी दुनियाभर के रिटेल निवेशक अब सीधे भारतीय बाजार में निवेश कर सकेंगे। इससे अप्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों के अलावा अन्य विदेशियों के लिए भी भारत में निवेश का रास्ता खुल गया है।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय इक्विटी बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। इससे रुपये पर दबाव बढ़ रहा है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ने सोमवार शाम को कहा कि विदेशी व्यक्ति मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टेड कंपनियों के इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स में बढ़ी हुई लिमिट के साथ निवेश कर सकते हैं। इसका मकसद रुपये को स्थिर करना, विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करना और बाहरी फंडिंग की दिक्कतों को कम करना है।

अगर विदेशी नागरिक भारतीय रुपया बैंक खाते के जरिए निवेश करना चाहते हैं, तो ऐसा खाता खोलना आसान नहीं है। इसके लिए पहचान और पते के सबूत आदि की अटेस्टेड कॉपी की जरूरत होती है। अब देखना होगा कि विदेशी नागरिकों के लिए इसे कैसे लागू किया जाएगा।

फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के तहत बदले गए नियमों से भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों को पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट स्कीम के जरिए निवेश करने की इजाजत मिलती है। यह सुविधा पहले



उपलब्ध थी। सेंट्रल बैंक ने कहा कि सभी कमर्शियल बैंकों को भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों के लिए रिपेट्रिएबल रुपी अकाउंट्स खोलने की इजाजत होगी। पहचान और पते के सबूत आदि की अटेस्टेड कॉपी की जरूरत होती है। आम तौर पर, एनआरआई लिस्टेड कंपनियों में पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट स्कीम अकाउंट के जरिए निवेश करते हैं। अब देखना होगा कि विदेशी नागरिकों के लिए इसे कैसे लागू किया जाएगा।'

### क्या होगा फायदा

पिछले हफ्ते, आरबीआई ने बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा नॉन-रेसिडेंट जमा राशि जुटाने के लिए एक खास विंडो खोली। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इन दो उपायों से देश में 50-70 बिलियन की विदेशी पूंजी आ सकती है। इसके अलावा उन नियमों में बदलाव किया जिनके तहत विदेशी निवेशक नॉन-डेट निवेश से होने वाली कमाई के लिए भुगतान कर सकते हैं और उसे वापस ले जा सकते हैं। इससे विदेशी मुद्रा ढांचे के तहत प्रक्रियाओं को आसान बनाया गया और रिपोर्टिंग की जरूरतों को स्पष्ट किया गया।

### अब तक की व्यवस्था

मौजूदा व्यवस्था के तहत रिटेल निवेशक अभी मुख्य रूप से विदेशी संस्थानों द्वारा मैनेज किए जाने वाले पूल्ड इन्वेस्टमेंट व्हीकल्स, अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (खासकर कैटेगरी) या सीमित एनआरआई चैनलों के जरिए भारतीय बाजारों में निवेश करते हैं। लेकिन अब उन्हें सीधे भारतीय बाजार में लिस्टेड कंपनियों में निवेश की अनुमति होगी। सरकार ने पिछले हफ्ते देश के बाहर रहने वाले लोगों के लिए लिस्टेड भारतीय शेयरों में निवेश के नियमों में ढील देने की घोषणा की थी। रिपोर्टिंग और नियमों के तहत तय निवेश लिमिट की निगरानी उसी तरह होगी जैसे निवेश के लिए की जाती है। हालांकि इसे लागू करने में सबसे बड़ी बाधा मुश्किल केवाईसी जांच और क्लाइंट ऑनबोर्डिंग हो सकती है। लॉ फर्म के पार्टनर हर्षल भूटा ने कहा, 'अगर विदेशी नागरिक भारतीय रुपया बैंक खाते के जरिए निवेश करना चाहते हैं, तो ऐसा खाता खोलना आसान नहीं।

# हमले में थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी घायल

## चोरी का सामान बरामद करने गयी थी टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र के करौंजिया-थाम स्थित अमित सिंह के क्रेशर में हुई चोरी की घटना की जांच और सामान बरामद करने गई पुलिस टीम के साथ सोमवार को ग्रामीणों की झड़प हो गई। घटना में थाना प्रभारी सहित कुछ पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर क्रेशर में चोरी की घटना की सूचना संचालक द्वारा पुलिस को दी गई थी।

चोरी गए सामानों में क्रेशर का दांता सात पीस, पिनीयन पांच पीस, जेसीबी का स्टील नल 15 पीस, इनवर्टर बैट्री, बैट्री, हाइवा का क्लच प्लेट, ढाबा चादर छह पीस, सात हजार रुपये नकद, क्रेशर ढोलकी चार पीस, क्रेशर स्क्रीनिंग 60 पीस, टूल रिंच सेट, 15 एचपी का एक मोटर और 10 एचपी के दो मोटर शामिल बताए गए हैं।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि चोरी का सामान चंदवारा बजरंगबली चौक के समीप पिंटू कुमार के कबाड़ में रखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इनवर्टर सहित अन्य सामान बरामद किया।

इसी दौरान पुलिस वाहन खड़ा करने को लेकर एक युवक पुलिसकर्मियों से उलझ गया। इसके बाद महिलाओं सहित अन्य लोगों की पुलिस टीम से झड़प हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथापाई में पुलिसकर्मियों को चोट पहुंची।

मामले में पुलिस छह-सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए लोगों में एक महिला व एक लड़की भी शामिल है। देर रात तक जनप्रतिनिधि थाना पहुंचकर मामले को सुलझाने के प्रयास में जुटे थे।

## आज बाधित रहेगी बिजली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद हावड़ा रेल लाइन के धनबाद के पास डोकरा हाल्ट रेलवे क्रासिंग के पास बिजली लाइन अपग्रेडेशन कार्य के चलते छह घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। डीवीसी ने 33 केवी पाथरडीहझगोविंदपुर फीडर एक एवं फीडर दो का शटडाउन लिया है। डीवीसी के अनुसार, रेलवे क्रासिंग के ऊपर से गुजर रहे पुराने विद्युत कंडक्टर को हाई टेम्परेचर लो सैग (एचटीएलएस) कंडक्टर से बदला जाएगा। डीवीसी ने बताया कि कार्य के दौरान जहां संभव होगा, वहां वैकल्पिक स्रोत से रोटेशन के आधार पर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि, इस अवधि में जेबीवीएनएल के माध्यम से पीएमसीएच को मिलने वाली बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी।

# सिग्नल वायरिंग के दौरान अचानक आ धमका हाथियों का झुंड

## पटक-पटक कर तकनीशियन को मारा ☐15 दिनों में दूसरी मौत, दहशत व्याप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाकुलिया।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का खतरा अब बेहद भयावह रूप ले चुका है। इलाके में गजराज साक्षात यमराज बनकर घूम रहे हैं और दिन के उजाले में लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

ताजा मामला सोमवार दोपहर करीब 12 बजे का है, जहां चाकुलिया एवं कोकपाड़ा रेलवे स्टेशन के बीच सुनसुनिया में रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे एक तकनीशियन को जंगली हाथी ने उठाकर पटक दिया।

गंभीर रूप से घायल रेल कर्मी की देर शाम पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के काठुआ निवासी संजीव सिन्हा (53) के रूप में हुई है, जो एमआरटी सिग्नल लिमिटेड कंपनी में




तकनीशियन के पद पर कार्यरत थे। वे तीन दिन पहले ही ओडिशा लाइन का काम पूरा कर चाकुलिया आए थे। सोमवार को जब वह सुनसुनिया के पास रेलवे ट्रैक पर सिग्नल वायरिंग का काम कर रहे थे, तभी अचानक पास के जंगल से एक दर्जन हाथियों का झुंड निकल आया।

हाथियों को देख संजीव ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक विशालकाय हाथी ने उन्हें लपेटे में ले लिया और बुरी तरह घायल कर दिया। उनके साथ काम कर रहे दो अन्य रेल कर्मियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।घटना के तुरंत बाद कंपनी के लोग घायल संजीव को चाकुलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। सिर, पैर और कमर में गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम रेफर कर दिया, जहां देर शाम उन्होंने दम तोड़ दिया।

चाकुलिया सीएचसी पहुंचे वनरक्षी मुकेश गोराई ने पीड़ित परिवार को तात्कालिक सहायता के रूप में 5000 रुपये की नकद राशि प्रदान की है। चाकुलिया वन क्षेत्र में वन विभाग के तमाम दावे और सुरक्षा उपाय नाकाम साबित हो रहे हैं। जून महीने के शुरूआती 15 दिनों के भीतर ही हाथियों ने दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। सबसे ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि ये तीनों घटनाएं दिन के उजाले में हुई हैं। वन विभाग हाथियों को खदेड़ने और रिहायशी इलाकों से दूर रखने के लिए मधुमक्खी पालन से लेकर एआई कैमरे लगाने तक की तकनीक आजमा चुका है, लेकिन इसके बावजूद जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है।

# लाखों की लागत से शिवगंगा होगी साफ

## लगेंगे वाटर फिल्टरेशन प्लांट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बासुकीनाथ।** अब बासुकीनाथ की शिवगंगा मैली नहीं होगी और यहां आने वाले श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर खुशी महसूस करेंगे। दरअसल गंदगी, प्रदूषण और गाद की वजह से बासुकीनाथ की शिवगंगा को हर वर्ष साफ कराना पड़ता था। गंदगी और प्रदूषण के कारण श्रद्धालुओं को इसमें आस्था की डुबकी लगाने में परेशानी होती थी।

इनकी आस्था को ठेस पहुंचती थी। ऐसे में श्रावणी मेला शुरू होने से ठीक पहले शिव गंगा का प्रदूषित पानी निकाल कर इसमें जमे गाद, कचरा, अपशिष्ट पदार्थों की साफ-सफाई कराकर इसमें स्वच्छ पानी भराने की कवायद कमोबेश हर वर्ष करनी पड़ती थी। अब हर वर्ष होने वाले इस जतन से स्थायी छुटकारा के लिए दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शिव गंगा में वाटर फिल्टरेशन प्लांट लगवाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए तमाम प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। वाटर फिल्टरेशन प्लांट लगाने के लिए शिव गंगा के पानी व गंदगी को बाहर निकाला जा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले कुछेक दिनों में तमाम कार्यों को पूर्ण करा लिया जाएगा ताकि श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालु शिवगंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूरी प्रसन्नचित्त मुद्रा में शिव की अराधना कर सकें।

बासुकीनाथ नगर पंचायत के माध्यम से शिव गंगा की साफ-सफाई और वाटर फिल्टरेशन प्लांट स्थापित कराने का काम हो रहा है। शिवगंगा की साफ-सफाई व जल निकासी मद में 10 लाख पांच हजार रुपये और वाटर फिल्टरेशन प्लांट को लगाने के लिए 26 लाख 43 हजार रुपये खर्च किया जा रहा है। इसके लिए नगर पंचायत बासुकीनाथ टेंडर आमंत्रित कर काम शुरू करा चुकी है।

शिव गंगा को साफ व स्वच्छ बनाए रखने के लिए मल्टी-स्टेज फिल्टरेशन सिस्टम वाटर प्लांट लगाया जा रहा है। यह सिस्टम यांत्रिक, जैविक और पराबैंगनी तकनीकों के जरिए तालाब के पानी से मिट्टी, कचरा, शैवाल और हानिकारक बैक्टीरिया को साफ करेगा। यांत्रिक फिल्टर पानी में मौजूद ठोस कचरे, पत्तों, मिट्टी और गाद को छानकर बाहर निकालेगा।

इसमें आमतौर पर फोम, स्पंज या जाल का प्रयोग किया जाता है। जैविक फिल्टर सूक्ष्म जीवों और अमोनिया जैसे रसायनों को साफ करेगा। इसमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं जो मछली के मल और सड़े हुए पौधों से निकलने वाले जहरीले पदार्थों को पौधों के लिए उपयोगी पोषक तत्वों में बदल देते हैं, जबकि यूवी स्टरलाइजर उपकरण से गुजरने वाले पानी पर पराबैंगनी किरणें डाली जाती हैं जो पानी में मौजूद तैरते हुए शैवाल और हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करेगा।शिवगंगा में लगने वाला वाटर फिल्टरेशन प्लांट की खासियतों में बायोलाजिकल फिल्टर, सैंड फिल्टर, एमपीएवी टीएम, आक्सीजन कोन, क्वाटंम 110 वाट, एमपीवी एसएम, पंप दो एचपी और दो मीडिया फिल्टर का अधिष्ठापन किया जा रहा है।

# कार्यक्रम में किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन सभागार में मंगलवार को शारदीय (खरीफ) महोत्सव एवं प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ आत्मा अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों का स्वागत जीवंत पौधा भेंट कर किया गया।प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों को खरीफ मौसम की विभिन्न फसलों की उन्नत खेती, उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कृषि समन्वयक राजेश कुमार ने आधुनिक कृषि तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों पर भी चर्चा हुई। किसानों को बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इसके विकल्प के रूप में जैविक एवं संतुलित खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

आत्मा सारण के उप परियोजना निदेशक ने फसल चक्र और दलहनी फसलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा भूमि की उर्वरता बनाए रखने में उनकी भूमिका बताई। इस कार्यक्रम में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया, सहायक तकनीकी प्रबंधक जितेंद्र कुमार, मोहम्मद जमालुद्दीन अंसारी, राजेंद्र मौर्य, कृषि समन्वयक प्रभात मिश्रा, किसान सलाहकार अरुण कुमार सिंह, हरेराम पंडित, कामेश्वर मांझी, विकास कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक मो. नसीम सहित कृषि विभाग के सभी कर्मी, आसपास के ग्रामीण किसान एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शिविर लगाकर किया गया समस्याओं का समाधान

**नगरनौसा(नालंदा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार के दिन बिहार सरकार के जन-कल्याण अभियान के तहत प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।वहीं प्रखंड के कैला पंचायत सरकार भवन एवं नगरनौसा के पंचायत भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना और विभिन्न सरकारी सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं ने भाग लिया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। बीडीओ ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना और विभिन्न योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। मौके पर सीओ सत्येन्द्र कुमार, बीपीएम अजय कुमार, नगरनौसा मुखिया पूनम कुमारी,मुखिया शम्भू ठाकुर सहित कई थे।

## जेई को पीटने का आरोप

**अरवल।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता (जेई) नितेश कुमार ने सदर थाने में कुर्था के जदयू विधायक पप्पू वर्मा के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, 13 जून को विधायक ने उनके सरकारी मोबाइल पर कॉल किया। जेई ने उनका अभिवादन किया, लेकिन विधायक आक्रोशित हो गए और जूता मारने की धमकी दी। जब जेई ने बताया कि कॉल रिकॉर्डिंग पर है, तो विधायक ने फोन काट दिया।

आरोप है कि उसी दिन शाम को विधायक ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल किया और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने कहा कि तुम्हारी काफी शिकायतें हैं, 50 हजार रुपये दो, नहीं तो नौकरी नहीं करने देंगे और विधानसभा में भी प्रश्न उठाएंगे।

जेई ने अपनी शिकायत में बताया कि मंगलवार को जब वह शहर के मोकरी में एक ट्रांसफार्मर की जांच कर रहे थे, तभी विभाग के कार्यपालक अभियंता सोमनाथ पासवान का फोन आया और उन्हें सर्किट हाउस के कमरा नंबर 6 में बुलाया गया।

# पत्नी को विदा कराने आये युवक का शव जंगल से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र के बिरचुवां गांव के खेतको टोला निवासी लखन नायक के 28 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र नायक का शव सोमवार को टुंडी थाना क्षेत्र लोधरिया के निकट जंगल में मिला।

स्वजनों ने उसके ससुरालवालों पर हत्या कर शव को जंगल में फेंक देने की आशंका जताई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वीरेंद्र नायक की डेढ़ माह पूर्व गोविंदपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी सुधीर महतो की पुत्री बालिका कुमारी के साथ शादी हुई थी।

पिता लखन नायक ने गोविंदपुर थाना में आवेदन देकर कहा है कि उसका पुत्र वीरेंद्र शनिवार को अपनी पत्नी बालिका कुमारी को विदा कराने के लिए अपने ससुराल गोविंदपुर के चैनपुर गांव आया था।

अगले दिन रविवार को वीरेंद्र ने डुमरी में रहने वाली अपनी बड़ी बहन फूल कुमारी को फोन कर बताया कि उसकी पत्नी ससुराल नहीं जाना चाहती है।

दिन के 11 बजे वीरेंद्र ने पुनः फोन किया और बहन को बताया कि ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। इसके साथ ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। वीरेंद्र से कोई बात नहीं हो सकी तो पिता लखन नायक ने गोविंदपुर थाना में आवेदन देकर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस लखन को लेकर चैनपुर गांव गई। जहां ससुरालवालों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इससे निराश होकर लखन नायक पेटरवार थाना में सनहा दर्ज कराने पहुंचे तो गोविंदपुर थाना से सूचना मिली कि वीरेंद्र नायक का शव मिला है।

खबर मिलते ही मृतक के पिता लखन नायक व बहनोई निकेश साव पहुंचे। वीरेंद्र का शव टुंडी के लोधरिया स्थित जंगल में मिला।

स्वजनों ने आशंका व्यक्त की है कि उसके पुत्र की हत्या में ससुर सुधीर महतो, सास फुलवा देवी तथा साला शामिल हैं।

## विधायक ने जॉब कार्ड किया वितरण

**कोढा/कटिहार।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ₹पंचायत सहयोग शिविर झ समस्याओं का तेज समाधान₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रखंड कार्यालय परिसर कोढ़ा, नगर पंचायत कोढ़ा के वार्ड संख्या-8 स्थित काली मंदिर प्रांगण तथा बावनगंज पंचायत में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं लिखित रूप में दर्ज कराईं।शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोढ़ा की विधायक कविता पासवान उपस्थित रहीं। उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी अंकित कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित, अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनजीत महेश्वरी, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह तथा विधायक प्रतिनिधि रमन झा मौजूद रहे।

# मेला में चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देवघर एसपी प्रवीण पुष्कर ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान श्रावणी मेला की तैयारी के बारे में एसपी ने बताया कि इसकी तैयारी अप-टू-डेट है। जो भी श्रावणी को लेकर जरूरत थी उसे पुलिस मुख्यालय से मांग लिया गया है। रूट की देखा गया है। इस रूट पर जहां भी कोई समस्या आ रही है, उसे भी देखा जा रहा है। श्रावणी मेला में दस हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उनके रहने व अन्य सुविधाओं को पूरा किया जाएगा। इस दौरान 21 अस्थायी थाना और 13 यातायात ओपी बनाया जाता है। उस दिशा में भी काम चल रहा है। समय पर सारा काम पूरा हो जाए ये सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से अपराध व अपराधियों को नियंत्रित करने को लेकर चर्चा की गयी। अपराध को कैसे रोकना है, इसको लेकर चर्चा की गई।

वहीं, अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जो भी कार्रवाई की जानी है, उसको लेकर निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि नशा के विरुद्ध पुलिस विशेष अभियान चला रही है। इसमें सभी थाना प्रभारी को इसके खिलाफ छापेमारी करने को कहा गया है। नशा को लेकर आम जनता में जागरूकता के लिए भी विशेष अभियान सभी थाना क्षेत्र में चलाया जा रहा है। वहीं सड़क दुर्घटना व बेहतर यातायात व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गयी।

देवघर में कैसे यातायात व्यवस्था को बेहतर किया जाए इसको लेकर चर्चा की गई। वहीं अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम प्रशासन से मिलकर लगातार अभियान चलाया जाएगा। लंबित मामलों के निष्पादन को भी लेकर भी निर्देश दिया गया है। मामलों का निष्पादन जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गायब महिला की कब्रिस्तान से लाश बरामद, हत्या की आशंका

## 11 जून को कराया गया था सनहा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव स्थित कब्रिस्तान में एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 30 वर्षीय नूरीसबा के रूप में हुई है, जो बीते आठ जून से लापता थी।

शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, नूरीसबा के अचानक लापता होने के बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 11 जून को मोहम्मदगंज थाना में सनहा दर्ज कराया गया था। सोमवार देर शाम कब्रिस्तान के समीप शव पड़े होने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और इसकी जानकारी पुलिस को दी।

सूचना मिलने पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते



हुए हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दिव्यांशु शुक्ला भी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मृतका के परिजनों ने महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि नूरीसबा के पति मुजाहिद शेख, जो मंझिआंव थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव का निवासी है, ने दूसरी शादी कर ली थी।

परिजनों का कहना है कि महिला के शरीर पर संदिग्ध निशान मिले हैं। उन्होंने तेजाब डालकर हत्या किए जाने की आशंका भी जताई है।

पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# महीनों से लापता युवक का कुएं से कंकाल बरामद

## तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के कटिंबा गांव निवासी विनय तिग्गा (27) के लापता होने के करीब नौ माह बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए उसका कंकाल बरामद किया है। मामले में हत्या के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार विनय तिग्गा 1 अक्टूबर 2025 को घर से फुटबॉल मैच देखने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने जारी थाना में उसकी गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस और परिजनों द्वारा लगातार उसकी तलाश की जा रही थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका था।इसी बीच जारी थाना प्रभारी शनि कुमार को गुप्त सूचना मिली कि विनय की हत्या उसके कुछ दोस्तों ने कर दी है। सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि घटना के बाद शव को बंझर डांटोली स्थित एक कुएं में फेंक दिया गया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कुएं से मानव कंकाल बरामद किया। यह कार्रवाई अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की उपस्थिति एवं मजिस्ट्रेट निगरानी में संपन्न हुई। बरामद कंकाल को पहचान एवं अन्य आवश्यक जांच के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

पुलिस ने हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के खुलासे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मृतक हत्या मामले में जेल में था और बेल पर निकला था। सभी एक साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी विवाद को लेकर बहस हुआ इसके बात उसकी हत्या कर दी गई।

## किसान हलकान

**गोड्डा।** संताल परगना में मानसून के सक्रिय होने की घोषणा के तीन दिन बाद भी झमाझम बारिश का इंतजार है। संताल परगना प्रमंडल में इस अवधि में या तो बारिश हुई ही नहीं और पाकुड़ में कुछ स्थानों पर हुई भी तो हल्की। मालूम हो कि मौसम केंद्र रांची ने शुक्रवार को ही संताल में मानसून के आगमन की बात कही थी। ऐसे में पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि मानसून के प्रवेश की घोषणा के साथ ही वर्षा नदारद है। गोड्डा जिले की स्थिति और भी खराब है। कृषि विभाग के अनुसार 12 से 14 जून तक शून्य मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## पुलिस पर पिस्तौल तानने का आरोप

**आरा।** जिले में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर एक युवक द्वारा पिस्तौल तानने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौंटी गांव का है। हालांकि, अवैध पिस्तौल अभी तक बरामद नहीं हो सका है। वायरल वीडियो में एक अर्द्धनिर्मित मकान के भीतर कुछ पुलिसकर्मी बैठे दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक वहां पहुंचता है और थानाध्यक्ष समेत पुलिसकर्मियों की ओर पिस्तौल तान देता है। युवक की इस हरकत से पुलिसकर्मी नाराज हो जाते हैं और उसे पीछे हटने की चेतावनी देते हैं। वीडियो में पुलिसकर्मी युवक को गाली-गलौज करते कड़ी फटकार लगाते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान युवक की मां भी वहां मौजूद थी, जो पुलिसकर्मियों को समझाने और स्थिति को शांत कराने का प्रयास करती नजर आ रही है।

इस संबंध में शाहपुर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार ने बताया कि पुलिस टीम शिकायत के आधार पर बिलौंटी गांव गई थी।

# शादी समारोह में शामिल नाबालिग को उठा ले गये दरिंदे, सामूहिक दुष्कर्म

## पुलिस ने 24 घंटे में आरोपितों को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले के कुरडेग थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां सगाई समारोह में शामिल होने आई एक नाबालिग लड़की को जबरन उठाकर तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर तीनों नामजद आरोपियों को धर दबोचा और जेल भेज दिया है।

इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता मूल रूप से छत्तीसगढ़ की रहने वाली है और पिछले 10 दिनों से कुरडेग में अपनी मौसी के घर आई हुई थी। रविवार 14 जून की रात वह गांव में ही आयोजित सगाई के एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी।

वहां नाच-गान का माहौल था, जिसका फायदा उठाकर गांव के ही तीन युवक विक्की राम उर्फ विक्की घांसी, निलेश बारला और देवदत्त डोम ने उसे जबरन पकड़ लिया। तीनों आरोपी पीड़िता को खींचकर पास के एक सुनसान घर में ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

जिसके बाद युवकों की दरिंदगी से सहमी पीड़िता किसी तरह छत्तीसगढ़ स्थित अपने घर लौटी और परिजनों को आपबीती बताई। स्थानीय पुलिस ने पीड़िता के बयान पर तुरंत जीरो एफआईआर दर्ज कर सिमडेगा पुलिस से संपर्क साधा।

इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए कुरडेग थाना पुलिस ने कांड



संख्या 25/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 70(2), 127(2), 96 और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

जिसके पश्चात पुलिस कारवाई पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर तीनों आरोपी विक्की राम, निलेश बारला और देवदत्त डोम को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में तीनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है, जिसके बाद सोमवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।



# केप वर्डे के सामने स्पेन बेबस

## नहीं कर पाया एक भी गोल, बेल्जियम-उरुग्वे को भी नहीं मिली जीत



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 का कारवां धीरे-धीरे आगे बढ़ता जा रहा है और अब तक हमें कई बेहतरीन मुकाबले देखने को मिले हैं। इस इवेंट के 5वें दिन बेहद मजबूत टीम स्पेन और पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही केप वर्डे के बीच जिस तरह का मैच हुआ उसने सबको चौंका दिया। कमाल की बात ये रही कि इस सीजन में डेब्यू करने वाली टीम ने स्पेन को एक भी गोल नहीं करने दिया और दोनों टीमों के बीच मैच 0-0 के अंतर से समाप्त हुआ।

वहीं इस वर्ल्ड कप के 5वें दिन हुए अन्य मुकाबलों में मिस्र ने भी बेल्जियम जैसी मजबूत टीम को बेहद कड़ी टक्कर दी और दोनों के बीच मैच एक-एक की बराबरी पर समाप्त हुआ तो वहीं ग्रुप ए के मुकाबले में सऊदी अरब ने उरुग्वे को नहीं जीतने दिया और ये मैच भी एक-एक की बराबरी पर खत्म हुआ। यानी पांचवें दिन स्पेन, मिस्र और उरुग्वे को अपने-अपने मैचों में जीत नहीं मिला और इन टीमों को ड्रॉ खेलना पड़ा।

**उरुग्वे-सऊदी अरब का मैच रहा ड्रॉ-** ग्रुप एच के दूसरे मैच में उरुग्वे का सामना सऊदी अरब के साथ हुआ जो काफी रोमांचक रहा। इस मुकाबले में सऊदी अरब ने पहले हाफ में एक गोल करके बढ़त बना ली थी। सऊदी अरब के लिए ये गोल अब्दुलेलाह अल अमरी ने की थी।

दूसरे हाफ में उरुग्वे ने सऊदी अरब पर दवाब बनाया और मैच समाप्त होने में जब दस मिनट बचे थे तब मैक्सी अराउजो ने गोल करके टीम के स्कोर को 1-1 की बराबरी पर ला दिया और अपनी टीम को हार से बचा लिया।

### स्पेन है खिताब का प्रबल दावेदार

स्पेन को इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक माना जा रहा है, लेकिन इस टीम की केप वर्डे के खिलाफ एक भी नहीं चली और इसके खिलाफ स्पेन एक भी गोल करने में सफल नहीं हो पाया। वहीं स्पेन ने भी केप वर्डे को एक भी गोल नहीं करने दिया और नतीजा अंत में 0-0 का रहा। इस मैच में केप वर्डे से 40 साल के अनुभवी गोलकीपर वोजिन्हा ने गजब का खेल दिखाया और उन्होंने अपने गोल पोस्ट में स्पेन के एक भी शॉट को अंदर नहीं आने दिया।

### बेल्जियम-मिस्र का मैच रहा ड्रॉ

ग्रुप जी के मुकाबले में मिस्र के सामने बेल्जियम की चुनौती थी और दो मजबूत टीमों के बीच हुआ ये मैच काफी रोमांचक रहा।
मिस्र के स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सालाह ने पहले हाफ के 19वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, लेकिन इसके बाद ये टीम मैच के अंत तक कोई गोल नहीं कर पाया।

स्वीडन का दमदार आगाज

# ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा




**मॉन्टेरी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप एफ मुकाबले में सोमवार को स्वीडन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा। मॉन्टेरी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्वीडन का पूरी तरह से दबदबा देखने को मिला और टीम ने ट्यूनीशिया को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। स्वीडन की ओर से यासीन अयारी, अलेक्जेंडर इसाक और विक्टर ग्योकेरेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच की शुरुआत से ही स्वीडन ने आक्रामक खेल दिखाया और ट्यूनीशिया के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। पहले हाफ में ही स्वीडन ने पहला गोल करते हुए 1-0 की बढ़त हासिल की। यासीन अयारी ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाते हुए मैच का पहला गोल दागा। इसके कुछ समय बाद अलेक्जेंडर इसाक ने विक्टर ग्योकेरेस के बेहतरीन पास पर गोल करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। स्वीडन लगातार हमले करता रहा और ट्यूनीशिया को अटैक करने का कोई मौका नहीं दिया।

हालांकि, ट्यूनीशिया ने भी वापसी की कोशिश की और उमर रेकिक ने हैनिबल मेजबरी के क्रॉस पर हेडर लगाकर अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। रेकिक के गोल से ट्यूनीशिया के फैंस की उम्मीदें जागीं और स्कोर 2-1 हो गया। मगर मैच के दूसरे हाफ में स्वीडन ने जबरदस्त खेल दिखाया और मुकाबले को एकतरफा कर दिया। ट्यूनीशिया के डिफेंस की गलती का फायदा उठाते हुए अलेक्जेंडर इसाक ने गेंद छीनी और विक्टर ग्योकेरेस को पास दिया। इसके बाद ग्योकेरेस ने आसान फिनिश करते हुए स्कोर 3-1 कर दिया। इसके बाद बतौर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मैदान पर उतरे मैटियास स्वानबर्ग ने स्वीडन के लिए चौथा गोल दागा और ट्यूनीशिया की वापसी करने की उम्मीदों को झकझोर रख दिया। स्वीडन का आक्रामक खेल यहीं नहीं रुका। मैच के अंतिम हिस्से में यासीन अयारी ने एक और शानदार लंबी दूरी का शॉट लगाकर अपना दूसरा गोल किया और टीम की 5-1 की बड़ी जीत पक्की कर दी।

# जीएनपीएस रेड ने जीता जूनियर प्रीमियर लीग अंडर-13 टूर्नामेंट

● फाइनल मुकाबले में 49 रनों से दर्ज की शानदार जीत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 36 स्थित गुरु नानक पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर आयोजित जूनियर प्रीमियर लीग अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हो गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जीएनपीएस रेडने शानदार और आक्रामक प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को 49 रनों से करारी शिकस्त देकर खिताबी ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान नन्हे खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना, गजब के अनुशासन और उत्कृष्ट क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पीएमएस बांगा रहे मुख्य अतिथि टूर्नामेंट के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में पंजाब क्रिकेट



एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री पीएमएस बांगा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल की प्रिंसिपल गुरनाम कौर ग्रेवाल, जीएनपीएस क्रिकेट एकेडमी के मुख्य कोच काकू तथा मुख्य आयोजक जगतेश्वर सिंह ने मुख्य अतिथि बांगा के साथ मिलकर संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को चमचमाती ट्रॉफियां एवं व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान अतिथियों ने युवा खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए उन्हें खेलों में निरंतर कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

**मुख्य अतिथि का संबोधन :** समारोह को संबोधित करते हुए पीसीए उपाध्यक्ष पीएमएस बांगा ने कहा, 'जमीनी (ग्रासरूट) स्तर पर आयोजित होने वाले ऐसे टूर्नामेंट देश के लिए भविष्य के क्रिकेट सितारों को तराशने और उन्हें पहचान दिलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों को इतनी कम उम्र में ऐसा प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराने के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है।'

# न्यूजीलैंड से दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग 11 का ऐलान

## 4 बदलाव किए, कॉक्स-बेकर का डेब्यू

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच से दो दिन पहले सोमवार (15 जून) को प्लेइंग 11 का ऐलान कर दिया। द ओवल में बुधवार (17 जून) को विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और तेज गेंदबाज सोनी बेकर खेलते दिखेंगे। लॉर्ड्स टेस्ट के बाद क्लब में बवाल के कारण बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन यह



मैच नहीं खेलेंगे। ओली रॉबिन्सन भी चोटिल हैं। ऐसे में इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में 4 बदलाव हुए। इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर यह है कि जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। स्पिनर शोएब बशीर को भी बाहर रखा गया है। इंग्लैंड चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा। इसमें सरे के मैथ्यू फिशर भी शामिल हैं, जो 2022 में कैरिबियाई दौरे पर डेब्यू करने के बाद अपना दूसरा टेस्ट खेलेंगे।

### कॉक्स को रीव पर तरजीह मिली

फिशर को अपने होम ग्राउंड पर अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा। कॉक्स को स्टोक्स की जगह नंबर 7 पर खेलने का मौका मिलेगा। कॉक्स को जेम्स रीव पर तरजीह दी गई है,जिन्हें पहले टेस्ट के लिए बैकअप विकेटकीर चुना गया था। उन्होंने लीसेस्टरशायर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप के मौजूदा राउंड में एसेक्स के लिए 201 गेंदों में 204 रन बनाए।

भारत-ए की सुपर ओवर में

# हार के बाद मैदान पर भारी हंगामा

## 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को मारा धक्का, कप्तान भी अंपायरों से भिड़े



**दांबुला (श्रीलंका)।** श्रीलंका के दांबुला में खेली जा रही वनडे ट्राई सीरीज के एक बेहद रोमांचक और विवादित मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका-ए ने भारत-ए को सुपर ओवर में पराजित कर दिया। मैच के नतीजे से ज्यादा सुर्खियां मैदान पर हुए जबरदस्त हाई-वोल्टेज ड्रामे और खिलाड़ियों के बीच हुई धक्का-मुक्की ने बटोरीं। मैच खत्म होने के बाद भारत के 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और एक श्रीलंकाई खिलाड़ी के बीच तीखी बहस हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई तक पहुंच गई और वैभव ने विरोधी खिलाड़ी को धक्का दे दिया। बाद में श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पहले मैच हुआ टाई, फिर अंपायरों से भिड़े कप्तान तिलक वर्मा सोमवार को खेले गए इस मुकाबले में पहले मुख्य मैच टाई पर समाप्त हुआ। भारत-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 265 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में श्रीलंका-ए की टीम भी निर्धारित 50 ओवरों में 265 रन ही बना सकी। श्रीलंका को जीत के लिए आखिरी गेंद पर 2 रनों की दरकार थी, लेकिन वे केवल 1 रन ही ले पाए।

- **सुपर ओवर की 'नो बॉल' पर हुआ दूसरा बड़ा ड्रामा-** सुपर ओवर में श्रीलंका-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए। इस पारी की आखिरी गेंद पर एक और बड़ा ड्रामा देखने को मिला। भारतीय गेंदबाज अरशद खान की एक फुलटॉस गेंद पर श्रीलंकाई बल्लेबाज कैच आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें आउट दिया और भारतीय खिलाड़ी जश्न मनाते हुए मैदान से बाहर चले गए। हालांकि, बाद में जब टीवी रिप्ले देखा गया तो पता चला कि गेंद बल्लेबाज की कमर से ऊपर थी और वह 'नो बॉल' थी।
- **हार के बाद भड़के वैभव सूर्यवंशी, पहले भी रहे हैं विवादों में-** मैच गंवाने के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर मौजूद थे, तब श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने वैभव सूर्यवंशी पर कोई तंज कसा। इस टिप्पणी से भड़के वैभव ने आपा खो दिया और श्रीलंकाई खिलाड़ी के साथ धक्का-मुक्की कर दी।

### वैभव सूर्यवंशी को मिल सकती है सजा

● किसी खिलाड़ी को धक्का देने पर क्या कहता है आईसीसी का नियम



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी बेहद शांत और सौम्य स्वभाव के हैं और ये हमने अब तक देखा है, लेकिन श्रीलंका ए के खिलाफ सोमवार, 15 जून को हुए मुकाबले के बाद जिस तरह से उन्होंने मैदान पर बर्ताव किया उससे जेंटलमैन गेम क्रिकेट की साख को धक्का जरूर लगा। मैदान पर स्लेजिंग, आपस में खिलाड़ियों की बहस कई बार हो जाती है पर इसे भी अच्छा नहीं माना जाता, लेकिन जब आप किसी खिलाड़ी को इस तरह से धक्का दें तो ये वाकई आपके ऊपर सवाल उठाता है।

# रदरफोर्ड-होल्डर ने श्रीलंका के जबड़े से छीनी जीत

## वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता तीसरा टी20 मुकाबला

**जमैका।** वेस्टइंडीज ने रोमांच से भरपूर तीसरे टी20 मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। किंग्स्टन के सबीना पार्क में कैरेबियाई टीम ने श्रीलंका से मिले 170 रनों के लक्ष्य को 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल किया। श्रीलंका से मिले 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। शाई होप गोल्डन डक पर पवेलियन लौटे। इसके बाद ब्रैंडन किंग को वानिंदु हसरंगा ने 16 रनों के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। अकीम ऑगस्टे बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज एक रन बनाकर आउट हुए। शिमरोन हेटमायर ने कुछ दमदार शॉट्स लगाए, लेकिन वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। 53 रनों के स्कोर पर 4 विकेट खोकर मुश्किल में दिख रही वेस्टइंडीज की पारी को रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड ने संभाला। दोनों ने



मिलकर पांचवें विकेट के लिए 52 गेंदों में 81 रनों की शानदार साझेदारी निभाई। पॉवेल 27 गेंदों में 33 रन बनाने के बाद दुष्मंत चमीरा की गेंद पर हसरंगा को कैच देकर पवेलियन लौटे। हालांकि, रदरफोर्ड एक छोर को संभालकर खड़े रहे और उन्होंने 40 गेंदों में 54 रनों की नाबाद पारी खेली।

# नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

● 9 महीने बाद करेंगे वापसी; श्रीलंका के रुमेश से मिल सकती है टक्कर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रो एथलीट नीरज चोपड़ा वापसी के लिए तैयार हैं। पिछले साल टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8वें स्थान पर रहने के बाद नीरज 19 जून से आयोजित होने वाली दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में उनके बैक इंजरी हुई थी और अब वह रिकवरी के बाद वापसी को तैयार हैं। गौरतलब है कि 14 जून (रविवार) को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने नीरज का नाम कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के स्क्वाड में जोड़ा था। अब वह आगामी दोहा डायमंड लीग में भी जलवा बिखेरते दिखेंगे। उनकी वापसी को लेकर एएफआई चयन समिति के चेयरमैन




अदिले सुमारिवल्ला ने बताया, 'नीरज पूरी तरह रिकवर हो चुके हैं और अगले कुछ दिनों में प्रतियोगिता के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने हमसे खुद को स्क्वाड में जोड़ने के लिए कहा है और हमें उम्मीद है कि आने वाली प्रतियोगिताओं में वह खेलेंगे भी।'

### नीरज को रुमेश से मिलेगी नई चुनौती

केशोर्न वालकॉट, एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो, जाकूब वाडलेच के अलावा नीरज के लिए अब नई चुनौती श्रीलंका के एथलीट रुमेश पथिरागे की भी होगी। रुमेश ने हाल ही में 92.62 मीटर की दूरी पर भाला फेंकते हुए रिकॉर्ड बनाया था।

उन्होंने पिछले साल नीरज द्वारा 90.23 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ा था। यानी इस बार दोहा में नीरज के सामने कई बड़ी चुनौतियों के बीच रुमेश का नाम भी जुड़ गया है।

# भारतीय टीम ने जीत के साथ किया आगाज

## रोमांचक मैच में अमेरिका को 3-2 से हराया

**ऑकलैंड।** भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप का आगाज जीत के साथ किया है। भारत की बेटियों ने मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पूल एक के मुकाबले में अमेरिका को 3-2 से हराया। भारतीय टीम की ओर से इस मुकाबले में दीपिका ने दो, नवनीत कौर ने एक गोल किया। दीपिका को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अमेरिका ने मैच की शानदार शुरुआत की और एश्ले सेसा ने चौथे मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

अमेरिका ने महज तीन मिनट बाद ही अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। मैडेलिन जिमर ने सातवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। दो गोल से पीछे चल रही




भारतीय टीम ने धीरे-धीरे अटैक में अपनी पकड़ बनानी शुरू की। दूसरे क्वार्टर में उनकी कोशिशें रंग लाईं, जब ड्रैग-फ्लिक स्पेशलिस्ट दीपिका ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर कम किया और भारत को मैच में वापस ला दिया।

# खनन विभाग ने की 24 लाख की वसूली, 80 वाहन जब्त

## उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी से कई माह में किए गए कार्रवाई की जानकारी ली। इस पर डीएमओ सुनील कुमार ने बताया कि खनन कार्यालय से 80 वाहनों को जब्त किया गया है। इसमें 4 एफआईआर भी दर्ज किया गया है। वहीं 24.19 लाख रुपये की वसूली की गयी है। इसी तरह जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 60 वाहनों को जब्त कर उनसे 8.91 लाख रुपये की वसूली की गयी है। इसी प्रकार हरिहरगंज में अवैध खनन एवं परिवहन से जुड़े कुल 06 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं सदर, मोहम्मदगंज एवं उंटारी रोड अंचल द्वारा शून्य वाहनों की जब्ती की गयी है। उपायुक्त श्री शेखावत ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध नियमित रूप से संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने मानसून अवधि में एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए संवेदनशील बालू घाटों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि बीते दिनों हुसैनाबाद अंचल में एक बंद पड़े माइंस में एक व्यक्ति के डूबने से मौत हो गयी थी। इसी तरह की घटना दोबारा नहीं हो, यह सुनिश्चित करने की बात कही गयी। उन्होंने माइंस क्लोजर रिपोर्ट का पूर्ण रूप से पालन करने की बात कही। बैठक में विभिन्न अंचलों एवं थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई, जब्ती, प्राथमिकी एवं ट्रेंच कटिंग की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों से कार्रवाई की रिपोर्ट शून्य प्राप्त हो रही है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा संबंधित पदाधिकारी सक्रिय रूप से अभियान संचालित करें। उपायुक्त ने अवैध खनन रोकने हेतु चिन्हित स्थलों पर अतिरिक्त ट्रेंच कटिंग कराने, अस्थायी चेकनाका को सुदृढ़ करने, सीसीटीवी अधिष्ठापन एवं रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने ओवरलोड वाहनों एवं बिना ई-ट्रांजिट चालान के परिवहन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एसपी कपिल चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालमुकुंद फैक्ट्री के खिलाफ आंदोलन फिर होगा तेज, विभिन्न संगठनों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बालमुकुंद फैक्ट्री से मजदूरों की छंटनी, औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण, स्थानीय युवाओं को रोजगार और विस्थापितों के अधिकारों सहित विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले, असंगठित मजदूर मोर्चा एवं अखिल भारतीय किसान महासभा ने सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 14 मई से 25 मई तक बिमलपुर टीकरी में क्रमिक धरना-प्रदर्शन किया गया था। आंदोलन के दौरान प्रशासन के साथ हुई वार्ता में फैक्ट्री प्रबंधन को स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बाद 26 मई को प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के आधार पर आंदोलन स्थगित कर दिया गया था।संगठनों का आरोप है कि फैक्ट्री का पूर्व वार्षिक मेंटेनेंस कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक मजदूरों की बहाली, स्थानीय रोजगार और प्रदूषण नियंत्रण जैसे मुद्दों पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है ज्ञापन में प्रमुख रूप से स्थानीय युवाओं को रोजगार की गारंटी, छंटनी किए गए मजदूरों की वापसी, फैक्ट्री में प्रदूषण नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाने, फ्लाई ऐश और जहरीले धुएं से प्रभावित कृषि भूमि की जांच तथा किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई है इसके अलावा संगठनों ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई। वनाधिकार कानून के तहत भूमिहीन गरीबों और आदिवासियों को वन पट्टा देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासनिक आश्वासनों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता को साथ लेकर पुनः लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू किया जाएगा ज्ञापन पर भाकपा माले, अखिल भारतीय किसान महासभा एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं।

# सहयोग शिविर में डीएम एवं एसएसपी ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के शाहकुण्ड प्रखंड अंतर्गत अम्बा पंचायत में आज आयोजित सहयोग शिविर में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरिय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने भाग लेकर आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस शिविर में उपस्थित जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सहित जिला तथा प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के समक्ष बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं, सुझावों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान प्राप्त कुल 27 आवेदनों में से 24 आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की शिकायतों एवं सुझावों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा, आज अम्बा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किया गया है। मैं, एसएसपी साहब, जनप्रतिनिधिगण, बीडीओ, सीओ एवं प्रखंड स्तर के सभी अधिकारी यहां उपस्थित हैं। आमजनों की समस्याओं को सुना गया है। कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 24 का निस्तारण कर दिया गया है तथा शेष मामलों का भी समय पर समाधान किया जाएगा। यह शिविर आम लोगों की सुविधा और सहयोग के लिए है। मैं सभी नागरिकों से अनुरोध करता हूं कि किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव अथवा मांग होने पर सहयोग पोर्टल पर आवेदन अपलोड करें, ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी व्यक्ति को पुलिस से संबंधित कोई समस्या हो अथवा किसी प्रकार की सूचना देनी हो तो वह आपातकालीन सेवा 112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है। पत्रकारों द्वारा सहयोग पोर्टल एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों की जागरूकता के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है।

# पुल एवं सड़क निर्माण कार्यों का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह प्रखंड की खावां पंचायत में मंगलवार को बहुप्रतीक्षित विकास योजनाओं का लोकार्पण किया गया। ग्राम जगमनरायडीह एवं खावां के बीच खावां नदी पर निर्मित पुल तथा मुख्य राजमार्ग से आर.ई.ओ. रोड होते हुए पंचायत भवन खावां तक निर्मित सड़क का उद्घाटन गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नावाडीह में बासदेव कोल के घर से टिटोया तक निर्मित सड़क का भी लोकार्पण किया गया खावां नदी पर बने पुल की लंबाई 58.08 मीटर है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 286.06 लाख रुपये की थी, जबकि एकरारनामा राशि 238.33 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गिरिडीह द्वारा संचालित यह कार्य 14 अक्टूबर 2024 को प्रारंभ हुआ था और निर्धारित समय से पहले 11 अप्रैल 2026 को पूर्ण कर लिया गया पुल का निर्माण आधुनिक तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया है। इसमें दो एबटमेंट, दो पियर तथा तीन डेक स्लैब बनाए गए हैं। पुल की कुल चौड़ाई 8.45 मीटर तथा कैरिज-वे की चौड़ाई 7.5 मीटर है, जिससे आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा। उद्घाटन समारोह में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने फीता काटकर परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पुल निर्माण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषकर बरसात के मौसम में नदी पार करने की समस्या समाप्त होगी और लोगों को लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के समय एवं संसाधनों की बचत होगी। ग्रामीणों ने पुल एवं सड़क निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि इन योजनाओं से क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# जिलास्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी। सर्वप्रथम बैठक में उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने पांकी, मनातू, पीपराटांड़, छत्तरपुर, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष एवं प्रभावी रूप से चेकिंग चलाने की बात कही। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि राज्य में कहीं भी नशे के अवैध कारोबार पर पूर्ण रूप से रोक लगाया जाये। उन्होंने जिले के बाहर को जाने वाली सड़कों पर भी लगातार अभियान चलाने की बात कही। इसी तरह रेल मार्गो पर भी विशेष नज़र रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग भी नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री में शामिल है, वैसे लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। इसी प्रकार उपायुक्त द्वारा शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षण संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानों की जानकारी ली गयी। बताया गया कि एक स्कूल के समीप लाइसेंसधारी शराब दुकान का संचालन किया जाता है। इसपर डीसी ने उक्त दुकान के बाहर एक जागरूकता पोस्टर लगाने के निर्देश दिये। पोस्टर में स्पष्ट रूप से यह बात लिखने पर बल दिया गया कि स्कूली बच्चों या 18 वर्ष के नीचे आयु के युवाओं को शराब नहीं बेची जाएगी।वहीं डी-अडीकशन सेंटर खोलने को लेकर आने वाली सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करते हुए इसे जल्द से जल्द क्रियाशील करने की बात कही। उन्होंने इसके लिये जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व सिविल सर्जन को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित रखने पर बल दिया।

### अफीम व गांजे के विरूद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें : एसपी

बैठक में एसपी कपील चौधरी ने थाना प्रभारी से जिले में अफीम व गांजे के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को थाना क्षेत्र के एक सार्वजनिक स्थान एवं स्कूलों में भी जागरूकता अभियान चलाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इसके अलावे अंतर विभागीय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। मौके पर उपरोक्त के अलावे सदर एसडीओ,शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# 39 आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन और गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण, उद्घाटन और समीक्षा की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया तथा अधिकारियों को जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए कार्यक्रम के तहत गिरिडीह प्रखंड स्थित खावा जगमनरायडीह पुल निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि पुल निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क और पुल संपर्क किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला होते हैं। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी तथा लोगों को स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक समय पर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को बेहतर एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।विधायक एवं उपायुक्त ने बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, दवा उपलब्धता, प्रसव कक्ष, वार्डों की साफ-सफाई तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आम जनता को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं निरीक्षण के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर डॉ. बिमल कुमार, प्रमिला मेहरा, स्मृता कुमारी, बेंगाबाद प्रमुख आदि थे।

# विकास कार्यों में भागीदारी को लेकर आदिवासी समाज का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में स्थानीय आदिवासी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने और जल, जंगल, जमीन से जुड़े मुद्दों को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में पारंपरिक ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जहां पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन के नेतृत्व में करीब 300 ग्रामीण पारंपरिक तीर-धनुष के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और स्थानीय लोगों की उपेक्षा, भूमि संबंधी मामलों तथा विकास योजनाओं में भागीदारी नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो पोटका विधानसभा क्षेत्र में बृहद जनसभा और महापंचायत आयोजित कर लोकतांत्रिक आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन के नेतृत्व में पोटका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे करीब 300 ग्रामीणों और पारंपरिक ग्राम प्रधानों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि पोटका क्षेत्र में संचालित कई विकास कार्यों में स्थानीय मांझी बाबा, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि धुमकुड़िया भवन, रंकिनी मंदिर परिसर समेत विभिन्न निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने सीएनटी-एसपीटी एक्ट, पेसा कानून के अनुपालन, अवैध माइनिंग तथा जल, जंगल और जमीन पर बढ़ते खतरों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। दुखनी सोरेन ने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और जल-जंगल-जमीन से है। विकास के नाम पर स्थानीय लोगों को दरकिनार करना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि सभी विकास कार्यों में स्थानीय युवाओं, ग्रामीणों और पारंपरिक ग्राम प्रधानों की भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को 15 दिनों का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो पोटका विधानसभा क्षेत्र में बृहद जनसभा और महापंचायत आयोजित कर आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी।

# रामगढ़ में 'अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम' के दूसरे स्थापना दिवस पर बड़ी संख्या ने जुटे आदिवासी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कोयलांचल क्षेत्र उरीमारी के महात्मा गांधी स्टेडियम में आज अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के दूसरे स्थापना दिवस पर करीब एक दर्जन राज्यों के आदिवासियों ने शिरकत किया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासियों के विभिन्न राज्यों के स्वतंत्रता सेनानियों के लगे तस्वीरों पर माल्यार्पण के साथ आदिवासी नृत्य एवं संगीत के साथ शुरू हुआ। इस क्रम में बाबा तिलका मांझी, सिद्धू कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो, शिबू सोरेन आदि के चित्र पर मुख्य अतिथियों ने माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कु एवम सचिव दसई किस्कू का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ने सभी आदिवासियों से यह गुजारिश किया कि आदिवासी समाज अब एक होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई पूरे देश में लड़ेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के उत्थान एवं विकास को लेकर केंद्र एवम राज्य की सरकारों को यह बताना है कि अब आदिवासी समाज अपने हक के लिए जाग चुका है। अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष बिनोद किस्कु ने बताया कि समाज की संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए पूरे देश के आदिवासी यहाँ दूसरे स्थापना दिवस पर जुटे हैं और समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प ले रहे हैं। अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के सचिव दसई किस्कू ने बताया कि हमारा यह कोलांचल क्षेत्र आदिवासी बहुल है और आज के स्थापना दिवस को हम लोग संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं ताकि हमारे समाज का उत्थान हो और अपनी भाषा संस्कृति को हम बचाए रखें। इस कार्यक्रम में बिहार राज्य आदिवासी समाज के अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे समाज में पिछड़ रहे आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक के साथ शैक्षणिक मुद्दे से लोगों को जोड़कर आगे बढ़ाना है। मौके पर इस कार्यक्रम में पहुंचे असम प्रदेश के अध्यक्ष ने बताया कि हमारे संथाल समाज के लोग देश के सभी जगहों में अलग-अलग तरीके से रह रहे हैं यह मंच उन सब को एक जगह लाना है।

# इंटरसिटी पकड़ने जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरिया हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन परिसर में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसे में सरिया थाना क्षेत्र के बागोडीह निवासी 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामजी पासवान (35), पिता बासुदेव पासवान, निवासी बागोडीह के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बन गया प्राप्त जानकारी के अनुसार रामजी पासवान रोज की तरह मंगलवार सुबह कोडरमा स्थित अपने कार्यस्थल जाने के लिए घर से निकले थे। वे नियमित रूप से हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी ट्रेन पकड़कर कोडरमा जाया करते थे। सुबह करीब 7 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-3 के समीप यह हादसा हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रामजी पासवान संभवतः प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर खड़ी इंटरसिटी ट्रेन से उतरने के बाद प्लेटफॉर्म संख्या-3 की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डाउन लाइन से गुजर रही एक तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की। प्रारंभ में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, क्योंकि उनके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला था। बाद में स्थानीय लोगों और परिजनों की सहायता से उनकी पहचान रामजी पासवान के रूप में हुई।

# जिला प्रोबेशन अफसर और कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**रामगढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग की टीम ने रामगढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रोबेशन ऑफीसर सिमरन कुमारी और कंप्यूटर ऑपरेटर सुजीत पासवान को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दरअसल बड़की पोना निवासी आवेदक त्रिदेव कुमार ने एसीबी को शिकायत की थी कि सरकार द्वारा मिलने वाली 5 लाख रुपए की अनुदान राशि के सत्यापन के ऐवज में प्रोबेशन ऑफीसर और कंप्यूटर ऑपरेटर की तरफ से घूस मांगी जा रही है। कहा जा रहा था कि रिश्वत नहीं देने पर काम नहीं होगा। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसीबी की टीम ने पहले सूचना का सत्यापन किया। सूचना सत्य पाए जाने के बाद जाल बिछा कर ऑपरेटर को पीड़ित से 5 हजार रुपये नगद लेते हुए दबोचा, जिसके बाद मुख्य आरोपी प्रोबेशन ऑफिसर को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# सोमवती अमावस्या पर सुहागिनों ने रखा व्रत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाओं ने स्नान-ध्यान कर भगवान शिव, माता पार्वती एवं पीपल वृक्ष की पूजा की तथा विभिन्न मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।क्षेत्र के शिव मंदिरों, देवी मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर महिलाओं ने परिवार की खुशहाली, संतान की उन्नति तथा घर-परिवार में सुख-शांति की कामना की। कई स्थानों पर सुहागिनों ने पीपल वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा की और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत कथा का श्रवण किया। सोलह श्रृंगार से सुसज्जित महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए अपने दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। इस दिन व्रत एवं पूजा करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। मान्यता है कि पीपल वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है, इसलिए इस दिन पीपल की पूजा और परिक्रमा का विशेष महत्व है।

# प्लॉट/भूमि के लीज नवीनीकरण हेतु सेल की व्यापक नीति जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा अपनी भूमि संपत्तियों के इष्टतम उपयोग और कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भूखंडों एवं भूमि के पट्टा (लीज) नवीनीकरण के लिए एक व्यापक नीति की घोषणा की गई है। 15 मई 2026 से प्रभावी यह नीति पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुस्पष्ट और सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह मानक व्यवस्था विशेष रूप से केवल उन मौजूदा पट्टों के नवीनीकरण मामलों पर लागू होगी जिनकी अवधि समाप्त हो चुकी है या जो नवीनीकरण के लिए देय हैं, इसे किसी भी नए आवंटन पर लागू नहीं किया जाएगा। इस नीति के अंतर्गत भूमि के पट्टों को तीन विशिष्ट श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। श्रेणी-क में वाणिज्यिक संगठनों जैसे केंद्रीय लोक उपक्रम, राज्य सार्वजनिक उपक्रम, बैंक, एटीएम, बीमा कंपनियां, निजी प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप और वाणिज्यिक परिसरों को शामिल किया गया है। श्रेणी-क्क के तहत केंद्रीय और राज्य सरकार के विभागों, नगर निगमों, पेशेवर निकायों, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी और शैक्षणिक संस्थानों को रखा गया है। श्रेणी-क्क्क में सामाजिक, धार्मिक, चैरिटेबल और कल्याणकारी संस्थाओं जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, श्मशान घाट, कब्रिस्तान,चैरिटेबल स्कूल एवं अस्पताल, सार्वजनिक पुस्तकालय और दिव्यांगजनों व महिला कल्याण के लिए कार्यरत संगठनों को शामिल किया गया है। पट्टा नवीनीकरण शुल्क को अधिक तर्कसंगत बनाते हुए श्रेणी-क (वाणिज्यिक) के लिए वर्तमान भूमि प्रीमियम का 25 प्रतिशत और श्रेणी-क्क (सरकारी/गैर-वाणिज्यिक) के लिए 10 प्रतिशत शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि श्रेणी-क्क्क (सामाजिक/धार्मिक/धर्मार्थ) के लिए मात्र 1 रुपये की टोकन राशि तय की गई है। नए गाइड लाइन के तहत वार्षिक ग्राउंड रेंट और सेवा शुल्क के तीन गुना के बराबर राशि ब्याज-मुक्त सिक्योरिटी डिपाजिट के तहत देय होगा। इसी प्रकार वार्षिक ग्राउंड रेंट अब नवीनीकरण शुल्क का 1 प्रतिशत होगा जिसमें प्रत्येक पांच वर्ष में पिछले भुगतान पर 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी जबकि पुराने नियम के अनुसार यह भूमि मूल्यांकन का 1 प्रतिशत हुआ करता था। नए गाइड लाइन के तहत वार्षिक सेवा शुल्क अब नवीनीकरण शुल्क का 2 प्रतिशत होगा जिसमें प्रत्येक पांच वर्ष में पिछले भुगतान पर 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी जबकि पुराने नियम के अनुसार यह भूमि मूल्यांकन का 2 प्रतिशत हुआ करता था। इसके अतिरिक्त, 1 अप्रैल 2008 को या उसके बाद नवीनीकृत हो चुके मामलों के लिए नए गाइडलाइन के अनुसार ग्राउंड रेंट और सेवा शुल्क का पुनर्निर्धारण किया जाएगा तथा किसी भी अतिरिक्त भुगतान को भविष्य के बकाये में समायोजित किया जाएगा। वैसे मामले जहाँ नवीनीकरण नहीं कराये जाने के कारण लीज पहले ही खत्म हो चुका है, उन्हें एक मौका देते हुए यह प्रावधान रखा गया है कि यदि नई नीति जारी होने के एक वर्ष के भीतर वे नवीनीकरण करा लेते हैं, तो उन्हें दंडात्मक ब्याज से छूट देते हुए केवल भारतीय स्टेट बैंक की नकद साख दर पर साधारण ब्याज देय होगा। निर्धारित अवधि के बाद नवीनीकरण कराने पर 12 प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण दंडात्मक ब्याज देय होगा। इसके अलावा लगातार डिफॉल्ट करने पर पट्टाधारक को अनधिकृत कब्जाधारी मानकर बेदखली एवं अन्य विधि सम्मत कार्रवाई भी की जा सकती है। यह नीति बोकारो इस्पात संयंत्र की भूमि संपत्तियों के संरक्षण, कानूनी अनुपालन और शहरी बुनियादी ढांचे के सुव्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है।

# सहयोगिनी द्वारा किशोरी लीडर्स इंटरफेस बैठक आयोजित



**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहयोगिनी सभागार, बहादुरपुर में ह्वबाल विवाह के खिलाफ अभियानह्व के तहत किशोरी लीडर्स इंटरफेस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गर्री पोंडा एवं सोनपुरा पंचायत की किशोरी लीडर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समुदाय स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका को सशक्त बनाना था। बैठक के दौरान प्रतिभागियों को तीन समूहों में चर्चा के माध्यम से बाल विवाह के कारण, इसके दुष्परिणाम, रोकथाम के उपाय, नेतृत्व क्षमता विकास तथा समुदाय में किशोरियों की भूमिका जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के उपरांत सभी समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने समूह की बातों, अनुभवों एवं सुझावों को सभी प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। किशोरियों ने कहा कि शिक्षा, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने अपने-अपने गांवों में जागरूकता अभियान चलाने और अन्य किशोरियों को भी इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में बोकारो जिला का एक्सपोजर विजिट को लेकर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि विभिन्न क्षेत्रों के सफल प्रयासों और अनुभवों से सीखकर वे अपने समुदाय में बेहतर नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं तथा सामाजिक बदलाव की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि संस्था पिछले सात वर्षों से 11 गांवों में किशोरियों के साथ नेतृत्व क्षमता विकास, शिक्षा, बाल अधिकार, लैंगिक समानता तथा बाल विवाह रोकथाम जैसे मुद्दों पर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किशोरियों को नेतृत्व के अवसर प्रदान कर उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण, किशोरियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समुदाय में नेतृत्व की भूमिका को मजबूत करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस मौके पर कुमारी किरण, मंजू देवी, प्रकाश कुमार महतो, गौतम सागर, नीतू, रेखा देवी, अभय कुमारी सिंह, तनु कुमारी, अंजली कुमारी, रुमा कुमारी, दिव्या कुमारी, सोनम कुमारी, सोनिया कुमारी, संध्या कुमारी, पूजा कुमारी, राखी कुमारी, नीतू कुमारी, अंजू कुमारी, लक्ष्मी, भूमी झा, श्रेया साहनी, विजय झा सहित बड़ी संख्या में किशोरी लीडर्स एवं समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फरार हत्या आरोपित के घर कुर्की-जब्ती



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** न्यायालय के आदेश पर विगत 22 फरवरी 2026 को हुए चर्चित गोलीकांड एवं हत्या मामले के फरार आरोपी धनंजय कर्मकार के घर जी आर पी पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। आरोपी रेलवे कॉलोनी स्थित गोले मार्केट का निवासी है। रेल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि इसी वर्ष बोकारो रेलवे स्टेशन के समीप टेंपो स्टैंड के सामने सचिन देव राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मुख्य आरोपी भोलू विश्वकर्मा को रेल पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उन्होंने बताया कि इसी मामले में आरोपी धनंजय कर्मकार लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर नोटिस भी चस्पा किया गया था, जिसमें उसे एक माह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके बाद न्यायालय ने उसके घर की कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया, जिसके अनुपालन में पुलिस ने कार्रवाई की है।

### आजसू पार्टी ने की समीक्षा बैठक

**आजसू ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार को बताया लूट में छूट की सरकार**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस और आक्रोश रैली को लेकर आज धनबाद में समीक्षा बैठक की है। इस समीक्षा बैठक में जिला भर से कार्यकर्ता और पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने में आजसू का बहुत प्रयास था लेकिन आज झारखंड अलग राज्य बनाने के बावजूद झारखंडी और झारखंडवासियों के खतरे में है। झारखंड में लोकतंत्र है या नहीं इसमें भी प्रश्नचिन्ह खड़ा हो जाता है। 22 जून को पूरे झारखंड में हम इकट्ठा होंगे और आक्रोश रैली करेंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ता उत्साहित है ये जो लूट खसोट की सरकार है कि एक लूटो तो 2 फ्री पाओ वाली सरकार इसको बदलने का काम हम करेंगे। धनबाद में तो ये स्थिति है कि यह लूट को संरक्षण दिया जा रहा है। ये सरकार लूट में छूट वाली सरकार चल रही है। इस सरकार में न रैयत न विस्थापित न झारखंडी कोई सुरक्षित नहीं है और इसके विरोध हम बिगुल फूंकने का काम करेंगे।

### हाईवा की चपेट में आने से एक की मौत, महिला गंभीर

**निरसा (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निरसा थाना क्षेत्र के खुसरी मोड़ के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांड्रा गांव निवासी 60 वर्षीय मनोज सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटर पर लिफ्ट लेकर सवार वीणा घोष गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, मनोज सिन्हा स्कूटर से निरसा बाजार जा रहे थे। रास्ते में पांड्रा गांव की रहने वाली वीणा घोष ने उनसे लिफ्ट ली थी। जैसे ही वे खुसरी मोड़ के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे एमपीएल परिवहन के अधीन संचालित एक हाईवा ने उनकी स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर सड़क पर गिर गई और हाईवा का पिछला पहिया मनोज सिन्हा के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। घायल वीणा घोष को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही निरसा थाना पुलिस और स्थानीय विधायक अरूप चटर्जी मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क पर एमपीएल परिवहन के भारी वाहनों का दिन-रात आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने और भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

### धनबाद भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बेकारबांध स्थित ब्लेसिंग हॉल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण स्क्रको लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सैकड़ों की संख्या में जिला भर से बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा के धनबाद जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि आज हम स्क्रको लेकर बैठक कर रहे है। हम अपने कार्यकताओं को स्क्र के प्रति जागरूक और जानकारी देकर प्रशिक्षित कर रहे है। क्योंकि हमारे कार्यकर्ता ही बी एल ए 2 के रूप में बूथों पर जाएंगे और जो जेन्युइन वोटर्स है उनका नाम एस आई आर में जोड़ने का काम करेंगे और जो अवैध नाम लिस्ट में है उनका नाम लिस्ट से कटवाने का काम करेंगे । वही बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष बाल मुकुंद सहाय ने कहा कि इलेक्शन कमीशन के द्वारा एस आई आर किया जा रहा है और बीजेपी कार्यकर्ता होने के नाते ये हमारा प्रयास है कि जितने भी वोटर्स हमारे क्षेत्र में रहते है उनका नाम स्क्रसूची में जुड़ जाए जो सही मतदाता है या जो नए मतदाता है जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर है उनके लिए भी अवसर है कि उनका नाम एस आई आर सूची में जुड़वां सकते है । और जो अवैध नाम है जैसे किसकी मृत्यु हो गई है या जो बाहर रहते है या जो घुसपैठिया जो बाहर देश से आकर यहां रहे रहा है वैसे लोगों का नाम स्क्रसूची से हट सके इसके लिए बीजेपी के कार्यकर्ता बूथ लेवल अधिकारी के साथ मिलकर काम करेंगे उनका सहयोग करेंगे । क्योंकि जितना त्रुटिहीन मतदाता लिस्ट होगा उतना ही लोगों को उनका अधिकार मिलेगा । इसलिए हम आज अपने कार्यकताओं के साथ बैठे है और चर्चा कर रहे है कि कैसे स्क्रमें सही मतदाता का नाम जुड़े नए मतदाता का नाम जुड़े और अवैध मतदाताओं का नाम हट सके।

### गरिमा गृह का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ट्रांसजेंडर समुदाय के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्माइल योजना के अंतर्गत मंथन संस्था द्वारा संचालित गरिमा गृह का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेहा कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है तथा गरिमा गृह ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सुरक्षित आश्रय, सामाजिक सुरक्षा, परामर्श, कौशल विकास एवं मुख्यधारा से जुड़ने के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी चाइल्ड वेलफेयर कमेटी सदस्य ममता अरोड़ा चाइल्ड प्रोविजनल ऑफिसर आनंद कुमार ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के श्वेता किन्नर, मंथन के सचिव बिपलब महतो कोषाध्यक्ष द्विज पद महतो प्रबंधक धनंजय कुमार पंकज कुमार, सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

# 28 जून को जिलेभर में आयोजित होगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

## 3.53 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य

022

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआइडी) के तहत आगामी 28 जून 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, नोडल पदाधिकारी,सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### जिले के 2,005 बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर जिले के सभी 2,005 बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। इस वर्ष अभियान के तहत 3,53,072 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।

### बूथ दिवस पर 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश

उप विकास आयुक्त ने कहा कि अभियान की सफलता का आधार बूथ दिवस होता है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी यह सुनिश्चित करें कि बूथ दिवस पर ही कम-से-कम 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि तैयार किए गए एक्शन प्लान का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी नियमित समीक्षा और निगरानी की जाए। उन्होंने सिविल सर्जन को अभियान की प्रगति पर लगातार नजर रखने तथा आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय लेने का निर्देश दिया।

### विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चलेगा जागरूकता अभियान

उप विकास आयुक्त ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को विद्यालयों में बच्चों के माध्यम से अभिभावकों तक संदेश पहुंचाने तथा पल्स पोलियो दिवस की जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। साथ ही, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में घर-घर संपर्क स्थापित कर लोगों को जागरूक करने और अभियान से जोड़ने का निर्देश दिया।

### वैक्सीन की सुरक्षा और कोल्ड चेन प्रबंधन पर विशेष जोर

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. ए.बी. प्रसाद ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पोलियो वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखना प्राथमिकता होगी। इसके लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में आइस पैक एवं कोल्ड चेन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित रहे।

### 20 जून तक प्रशिक्षण और 18 जून तक माइक्रो प्लान तैयार करने का निर्देश

सिविल सर्जन ने सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान से जुड़े सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 जून तक पूर्ण कर लिए जाएं। साथ ही, प्रत्येक प्रखंड से माइक्रो प्लान तथा मैनपावर आइडेंटिफिकेशन संबंधी प्रतिवेदन 18 जून तक जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि अभियान संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।

### 25 जून से तेज होंगी आईईसी एवं आईपीसी गतिविधियां

बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 जून से जिलेभर में सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) तथा इंटरपर्सनल कम्युनिकेशन (आइपीसी) गतिविधियों को और अधिक गति दी जाएगी। इसके तहत विभिन्न माध्यमों से लोगों को अभियान की तिथि, महत्व और बच्चों को पोलियो खुराक दिलाने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### विभिन्न विभागों की भूमिका एवं जिम्मेदारियां तय

अभियान के सफल संचालन के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जेएसएलपीएस, जिला समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग तथा पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका और जिम्मेदारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### 24 मोबाइल टीम एवं 60 ट्रांजिट टीमें रहेंगी सक्रिय

बैठक में बताया गया कि अभियान के दौरान जिलेभर में 2,005 बूथों के अतिरिक्त 60 ट्रांजिट टीमों तथा 24 मोबाइल टीमों को भी तैनात किया जाएगा। ये टीमें रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव, भीड़भाड़ वाले स्थलों तथा दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य करेंगी।

# मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान की शुरूआत

## खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने ली नशामुक्ति की शपथ, जागरूकता रैली निकाल दिया संदेश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची तथा जिला प्रशासन, बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को चंदनकियारी स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में "मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान-2026" का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। अभियान के दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों, खेल मित्रों एवं खिलाड़ियों ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने की शपथ ली। सभी प्रतिभागियों ने मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने और स्वस्थ समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 3 किलोमीटर की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने विभिन्न नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा नशे से दूर रहने की अपील की। अभियान के तहत बताया गया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। यह केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और समाज के लिए भी नुकसानदायक है। ऐसे में जागरूकता अभियान लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक मोहन साहू, महेंद्र करमाली, हेमंत कुमार, आशु भाटिया, चौहान महतो, खेल मित्र तथा चंदनकियारी खेल केंद्रों के खिलाड़ी एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

# 12वें राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन में बीएसएल की टीमों ने लहराया परचम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत 12 एवं 13 जून को वाराणसी में क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) द्वारा आयोजित 5एस के 12वें राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन में शामिल बीएसएल की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए हैं. इस दो दिवसीय अधिवेशन में देश के विभिन्न उद्योगों एवं संस्थानों की टीमों ने भाग लिया. 5एस के 12वें राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन में सेल-बोकारो स्टील प्लांट की कुल 15 टीमों ने भाग लिया और नवाचार से जुड़े अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए. इन टीमों ने गुणवत्ता सुधार, कार्यकुशलता वृद्धि, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा संगठनात्मक उत्कृष्टता से जुड़े विषयों पर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए जिसके आधार पर बीएसएल की आठ टीमों को पार एक्सीलेंस, पाँच टीमों को एक्सीलेंस तथा दो टीमों को डिस्टिंगुइशड पुरस्कार प्राप्त हुए. पार एक्सीलेंस पुरस्कार जीतने वाली टीमों में पावर इंजीनियरिंग ब्रिगेड विभाग की टीम जिज्ञासा, ईटीएल विभाग की टीम शक्ति, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग की टीम क्षितिज एवं जज्बा, सीओ एंड सीसी विभाग की टीम प्रगति, ड्रीम और परिवर्तन तथा ट्रैफिक विभाग की टीम सृजन ज्योति शामिल हैं. एक्सीलेंस पुरस्कार जीतने वाली टीमों में हॉट स्ट्रिप मिल विभाग की टीम रेडियन्स, कोल्ड रोलिंग मिल -3 की टीम सक्षम एवं स्पार्क, डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क विभाग की टीम ग्रीन पावर तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग की टीम तेज शामिल हैं.

# जन समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित हुआ लोक संवाद

## डीडीसी ने सुनीं समस्याएं



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित 'हम आपको सुनते हैं...' (लोक संवाद) कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से रखा। सुनवाई के क्रम में डीडीसी ने प्रत्येक मामले का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। लोक संवाद में शिक्षा, स्वास्थ्य, बीएसएल, सामाजिक सुरक्षा, खेल, चास अंचल, डीपीएलआर, राजस्व, आपूर्ति, बीएसएल, नियोजन आदि विभागों से संबंधित मामले थे। मौके पर अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, डीपीएलआर पूर्णिमा कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अनुराधा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी प्रत्युश शेखर, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, जिला कल्याण पदाधिकारी सुचिता किरण, अंचलाधिकारी चास राम सेवक राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### स्थानीय स्तर पर भी हुई सुनवाई

जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में भी लोक संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। लोक संवाद के माध्यम से प्राप्त शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया, ताकि उनका शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

# आजाद नगर में लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

## बंद घर को निशाना बनाकर नकदी और जेवरात ले उड़े चोर



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर स्थित अमन सोसायटी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर में रखे करीब पांच लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। राहत की बात यह है कि चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। घटना अमन सोसायटी गेट नंबर-1 स्थित हाउस नंबर-135 की है, जहां रहने वाले शाहनवाज खान ने बताया कि उन्होंने अपने इलाज के लिए बैंक से पांच लाख रुपये का लोन लिया था। यह राशि घर के लॉकर में सुरक्षित रखी गई थी। बीती रात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर नकदी के साथ सोने के झुमके और चांदी के कुछ आभूषण भी चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना भूली ओपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति घर में प्रवेश करते और चोरी की घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। मामले की जांच कर रहे एएसआई मनोज ओझा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। वहीं वार्ड संख्या-17 के पार्षद इम्तियाज अंसारी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और नाराजगी का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# संत जेवियर्स विद्यालय में दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत जेवियर्स विद्यालय में 15 और 16 जून को दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. के मार्गदर्शन में शिक्षकों के शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टाफ ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने बताया कि नियमित संवाद, प्रगति की जानकारी साझा करना तथा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझना बेहतर परिणाम प्राप्त करने में सहायक होता है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य दीपक चौधरी एवं देबाशीष गुप्ता ने अभिभावकों का विश्वास और सहभागिता बढ़ाने के लिए कई नई पहलों की चर्चा की। इनमें अभिभावक कार्यशालाएँ, मासिक प्रगति रिपोर्ट, घर-विद्यालय साझेदारी परियोजनाएं तथा सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार, संवेदनशील और आत्मविश्वासी नागरिक बनाना भी इसका उद्देश्य है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com